e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 243

मंगलवार

05.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए, तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा !

क्विक न्यूज

इसरो की वैज्ञानिक का हार्ट अटैक से निधन

चेन्नई : भारत के मून मिशन यानी चंद्रयान-3 के काउंटडाउन की गिनती करने वाली आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई। वैज्ञानिक वलारमथी का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। उनके निधन से इसरो वैज्ञानिकों में शोक की लहर दौड़ गई है।उन्होंने राजधानी चेन्नई में अंतिम सांस ली। इस साल 23 अगस्त को चांद के उत्तरी ध्रुव पर लैंड करने वाले चंद्रयान 3 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। लॉन्चिंग के समय काउंटडाउन की सुनाई देने वाली गिनती को वलारमथी ने आवाज दी थी। चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त को चांद की सतह पर उतरा था, जिससे भारत के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई। भारत दुनिया का चौथा देश बन गया, जिसने चांद पर अपने मिशन को सफल बनाया। इसके साथ ही दुनिया का इकलौता ऐसा देश बना जिसने साउथ पोल पर लैंडिंग कराई है। शनिवार को इसरो ने 11वें दिन प्रज्ञान रोवर को निष्क्रिय कर दिया। अब दोबारा 14 दिन बाद प्रज्ञान अपना काम शुरू करेगा।

जहरीली शराब पीने से तीन की मौत

रायपुर : जांजगीर जिला के अकलतरा थानांतर्गत जहरीली शराब पीने से दो सगे भाई सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम बांधा बरसाही की है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच शव पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बांधा बरसाही में रहने वाले दो भाई और उसके एक रिश्तेदार ने गांव के पास से शराब खरीदकर सेवन किया था। शराब सेवन के बाद दोनों भाई और उनका रिश्तेदार घर पहुंचे थे, इसी दौरान उनकी तबियत बिगड़ने लगी। लोग कुछ समझ पाते इतने में दोनों भाईयों की घर पर ही मौत हो गयी। वहीं गंभीर रूप से पीड़ित तीसरे शख्स को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद से क्षेत्र में एक बार फिर जहरीली शराब से तीनों ग्रामीणों की मौत का आरोप लगाया जा रहा है।

झारखंड के प्रथम डीजीपी शिवाजी महान कैरे का निधन

रांची : झारखंड के प्रथम डीजीपी शिवाजी महान कैरे का सोमवार को निधन हो गया। वह 1967 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। कैरे के निधन पर पुलिस मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड पुलिस के सेवानिवृत और वर्तमान आईपीएस अधिकारियों ने उनके साथ बीताए गये समय को सहकर्मियों के साथ साझा किया। उल्लेखनीय है कि 11 जून 1945 को उत्तर प्रदेश में जन्मे कैरे ने गणित विषय के साथ स्नातकोत्तर तक की शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा के कारण वर्ष 1967 में इनका चयन भारतीय पुलिस सेवा में हुआ। उन्हें बिहार कैडर आवंटित किया गया। झारखंड राज्य के स्थापना काल के दौरान इन्हें 12 नवम्बर 2000 को झारखंड राज्य का प्रथम पुलिस डीजीपी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इसके बाद इन्हें महानिदेशक निगरानी के पद पर स्थानांतरित किया गया, जहां से वह नवम्बर 2002 तक कार्यरत रहे। इसके बाद इन्हें महानिदेशक सह महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा बनाया गया। जहां कैरे वर्ष 2004 तक अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। दोबारा इन्हें वर्ष 2004 में झारखंड का डीजीपी एवं पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया।

रांची का तापमान

अधिकतम 32°

न्युनतम 24°

बरहेट : सीएम ने 17739.737 लाख रुपए की 76 योजनाओं की दी सौगात

सभी का विकास सरकार का संकल्प : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य की जनता के साथ सरकार पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। परिस्थितियां कैसी भी हो,हर वर्ग और हर तबके के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। सभी का उत्थान हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड स्थित सिमलढाब में विकास मेला सह जनता दरबार को संबोधित करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं को आप तक पहुंचाने का काम हो रहा है आप भी आगे आएं और इन योजनाओं से जुड़े। जब सरकार और जनता एक साथ आगे बढ़ेगी तो राज्य भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। हम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार दे रहे हैं। बच्चों के पढ़ाई -लिखाई का खर्च सरकार वहन कर रही है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए यहां के आदिवासी दलित और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को भेजा जा रहा है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार पूरी सहायता कर रही है। पशुधन और स्वरोजगार के लिए भी योजनाएं चल रही है । बुजुर्गों और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन दे रहे हैं। आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं बचा है, जिसके लिए योजनाएं ना हो । हर योजना अपने आप में खास है, जिसका लाभ यहां की जनता को मिल रहा है।

मौसम के रुख पर सरकार की पैनी नजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भी मॉनसून का अलग रुख देखना पड़ रहा है । किसी इलाके में अच्छी बारिश हो रही है तो कहीं कम और कहीं सुखाड़ की स्थिति है। सरकार की मौसम के बदलते रुख पर पैनी नजर है । सरकार जल्द ही राज्य में खरीफ फसल के बुवाई के हालात का आकलन करेगी और किसानों को राहत देने के लिए सभी जरूरी खत्म उठाए जाएंगे ।

अधिकारी गांव-गांव जाएंगे, बनेगा कैलेंडर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अब अधिकारियों को गांव-गांव जाना होगा। इसके लिए एक कैलेंडर बनेगा। गांव जाकर अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे और उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ेंगे। सरकार और जनता के बीच सीधा संबंध और बेहतर से बेहतर समन्वय बनाने की दिशा में ये कदम उठाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 17739.737 लाख रुपए की 76 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास किया । इसमें 901.417 लाख रुपए की 7 योजनाओं का उद्घाटन और 16838.321 लाख रुपए की 69 योजनाओं की आधारशिला रखी ।
- 5531 लाभुकों के बीच विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 72 करोड़ 10 लाख 58 हजार 4 सौ राशि की परिसंपत्तियों का वितरण ।
- साहिबगंज में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास।
- पतना और बोरियो प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा बरहेट के एसएसडी हाई स्कूल एवं साहिबगंज के जमुनादास बालिका उच्च विद्यालय में ऑडिटोरियम का शिलान्यास।
- 99 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज के तहत 2 करोड़ 40 लाख रुपए, 213 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत 1 करोड़ 4 लाख 75 हजार रुपए और 44 सखी मंडलों को चक्रीय निधि के तहत 13 लाख 20 हजार रुपए का मिला चेक।
- 1736 बालिकाओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और 77 युवतियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का मिला लाभ।
- 188 लाभुकों को बाबा साहब अंबेडकर आवास योजना और 1590 लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जोड़ा गया।
- 800 लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन एवं 725 लाभुकों को बिरसा हरित ग्राम योजना का मिला लाभ।

राज्य में रोजगार के खुल चुके हैं द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार ने सभी दरवाजे खोल दिए हैं । लगभग 40 हजार सरकारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जो स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं , उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है । युवाओं के हुनर को निखारने के लिए प्रखंड स्तर पर बिरसा केंद्र खोले गए हैं , ताकि यहां से प्रशिक्षण लेकर वे आत्मनिर्भर बनने की राह पर आगे बढ़ सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा

- राज्य की जनता के साथ सरकार पूरी मजबूती के साथ खड़ी है
- अधिकारी गांव गांव जाकर ग्रामीणों की समस्या का करेंगे समाधान बनेगा कैलेंडर
- मौसम के हालात को देखते हुए किसानों को राहत देने की दिशा में सरकार उठाएगी ठोस कदम
- झारखंड की जनता को पूरे मान-सम्मान के साथ दे रहे उनका हक-अधिकार

सामाजिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों,दिव्यांगों और एकल महिलाओं को पेंशन देने का काम कर रहे हैं । हम इसी बात पर विश्वास करते हैं कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी है और इस अधिकार से किसी को वंचित नहीं किया जा सकता है।

झारखंड के लोग स्वाभिमानी है , मान-सम्मान से समझौता नहीं कर सकते

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग आदतन स्वाभिमानी होते हैं । वे किसी भी कीमत पर अपने मान - सम्मान से समझौता नहीं कर सकते हैं । सरकार उनकी मान -सम्मान की रक्षा के लिए इनके साथ हर कदम पर खड़ी है । यहां के लोगों को उनका हक- और अधिकार देने से सरकार कभी पीछे नहीं हटेगी।

राजनाथ सिंह ने जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया

भोपाल : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर नीमच पहुंचे और यहां भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को राजनीति का धोनी बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजनीति के धोनी शिवराज सिंह चौहान हैं, शुरुआत कैसी भी हों, लेकिन अच्छा फिनिश देकर वे मैदान जीतना जानते हैं। शिवराज ने लोगों की सेवा की है, इसलिए उन्हें जनता का विश्वास प्राप्त होता है। ऐसी मान्यता है कि मालवा खुशहाल होता है तो पूरा प्रदेश खुशहाल होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी समझ गए है कि अकेले भाजपा को हरा नहीं सकते इसलिए उन्होंने कई पार्टियों को मिलकर एक कुनबा बना लिया है और उसका नाम रख दिया इंडिया।राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत चांद पर पहुंच गया है, मंगल ग्रह की यात्रा कर रहा है, हम सूर्य के नजदीक पहुंच रहे हैं। आज सारे विश्व में इसकी सराहना हो रही है, लेकिन कांग्रेस का 'राहुल यान' 20 सालों से आज तक लॉन्च ही नहीं हो पाया। ये लोग सनातन को समाप्त करने की बात कर रहे हैं। हमारे यहां सर्प को भी दूध पिलाकर उसके त्रिजीवी होने की कामना करते हैं। सनातन में धर्म-जाति के नाम पर कोई भेदभाव नहीं है, लेकिन कांग्रेस के एक घटक के नेता ने सनातन के खिलाफ जो टिप्पणी की है क्या कांग्रेस को ऐसे घटक से अलग नहीं हो जाना चाहिए।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव

मतदान आज, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

बोकारो: डुमरी विधानसभा उप चुनाव 2023 के लिए आज 5 सितंबर की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा. डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2,98,629 है. जिसमें पुरूष मतदाता 1,54,452 एवं महिला मतदाता 1,44,174 है. डुमरी विधानसभा क्षेत्र में बोकारो जिला अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 1,39,031 है. जिसमें पुरूष मतदाता 71,612 एवं महिला मतदाता 67,419 है. जिला प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की है. एसपी प्रियदर्शी आलोक के मुताबिक सीआरपीएफ, झारखंड आर्म्स पुलिस की ईको कंपनी, होमगार्ड, जिला आर्म्स पुलिस फोर्स, झारखंड जगुआर फोर्स को तैनात किया जाएगा. जिला प्रशासन के अधिकारी मतदान के भयमुक्त और निष्पक्ष होने का दावा किया है। डुमरी उपचुनाव को लेकर एसडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी शहजाद अनवर ने बताया कि चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरा हो चुकी है। मतदान कर्मियों को उनके मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा चुका है। चुनाव को भयमुक्त बनाने के लिए बीते तीन दिनों से एसपी के नेतृत्व में पूरे डुमरी विधानसभा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया है। मंगलवार को होने वाली वोटिंग के लिए पूरा जिला प्रशासन मुस्तैद है। सभी 373 मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ जिला पुलिस बल के जवानों की भी बूथों पर तैनाती की गई है।

चांद पर अपने टारगेट से आगे निकला विक्रम लैंडर, लगाई छलांग

एजेंसी

नयी दिल्ली : चंद्रयान-3 अपने टारगेट से ज्यादा बेहतर काम कर रहा है. एक तरफ जहां प्रज्ञान रोवर सो चुका है.

वहीं, विक्रम लैंडर चांद की सतह पर छलांग लगा रहा है. इस चीज को लेकर इसरो वैज्ञानिकों ने पहले कोई जानकारी नहीं दी थी. लेकिन अब यह एक्सपेरिमेंट सफल हो चुका है. विक्रम लैंडर ने चांद की सतह पर छलांग लगाई है.

वह 40 सेंटीमीटर की ऊंचाई तक कूदा. इस दौरान उसने 30 से 40 सेंटीमीटर की दूरी भी तय की. इसरो ने ट्वीट करके कहा है कि विक्रम ने फिर से सॉफ्ट लैंडिंग की है. विक्रम लैंडर अपने मिशन ऑबजेक्टिव से ज्यादा काम किया है.

इसने छलांग लगाने के एक्सपेरिमेंट को पूरा किया है.कमांड देने के बाद विक्रम के इंजन ऑन हुए. इसके बाद वह 40 सेंटीमीटर ऊपर हवा में गया. इसके बाद उसने अपनी पुरानी जगह से 30-40 मीटर दूर नई जगह पर सॉफ्ट लैंडिंग की. यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी वजह से भविष्य में सैंपल रिटर्न यानी चांद की सतह से सैंपल लाने वाला मिशन और ह्यूमन मिशन को सफल बना सकते हैं.

*** चंद्रयान-3 अपने टारगेट से ज्यादा बेहतर काम कर रहा है, 40 सेंटीमीटर की ऊंचाई तक लगाया छलांग**



सही से काम कर रहे हैं विक्रम लैंडर के सभी यंत्र

इस समय विक्रम लैंडर के सभी हिस्से और यंत्र सही से काम कर रहे हैं. यह छलांग लगाने से पहले विक्रम लैंडर के रैंप, चास्टे और इल्सा पेलोड्स को बंद कर दिया गया था. दोबारा सॉफ्ट लैंडिंग के बाद फिर से खोल दिया गया है. इसके पहले चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर को चांद पर ऐसी जगह लाकर स्लीप मोड में डाल दिया गया है, जहां दोबारा सूरज उगने पर उसे सौर ऊर्जा मिलेगी, तो वह वापस से एक्टिव हो जाएगा.

जी 20 के लिए दुल्हन की तरह सजी दिल्ली

*** दिल्ली में जी 20 समिट को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

एजेंसी

नई दिल्ली: दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. दिल्ली और उससे सटे इलाके को दुल्हन की तरह सजाया गया है।सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं. इसको लेकर दिल्ली मेट्रो के आवागमन के लिए दिल्ली पुलिस ने आदेश जारी किए हैं. इस आदेश के मुताबिक, दिल्ली मेट्रो के कई स्टेशनों पर 8 से 10 सितंबर के बीच आवागमन पूरी तरह से बंद रहने वाला है. इसके अलावा दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के मद्देनजर सभी सरकारी और प्राइवेट ऑफिस, शिक्षण संस्थान, बैंक और वित्तीय संस्थान भी बंद रहेंगे.

इन मेट्रो स्टेशन पर बंद रहेगा आवागमन : पुलिस द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, 8 से 10 सितंबर के दौरान मोती बाग, बीकाजी कामा प्लेस, मुनिरका, आरके पुरम, आईआईटी और सदर बाजार कैन्टोमेंट मेट्रो स्टेशन पर आवागमन वीआईपी मूवमेंट के दौरान पूरी तरह से बंद रहेगा. यहां से यात्री ना ही तो मेट्रो स्टेशन के अंदर आ सकते हैं और ना ही यहां से

बाहर निकल सकते हैं. ऐसे में अगर कोई यात्री इन स्टेशनों के आसपास तक पहुंचना चाहता है, तो उसे किसी अन्य स्टेशन पर उतरना पड़ेगा.

सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पूरी तरह से रहेगा बंद : इसके अलावा पुलिस ने धौलाकुआं, खान मार्केट, जनपथ, सुप्रीम कोर्ट और भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन को सेंसिटिव जगहों की सूची में रखा है. इसके साथ ही आयोजन स्थल के सबसे नजदीकी स्टेशन सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पूरी तरह से बंद रहेगा. साथ ही 7 तारीख की रात से लेकर 11 सितंबर की शाम तक एयरपोर्ट की तरफ जाने वाले यात्रियों को भी मेट्रो के इस्तेमाल के लिए कहा गया है.

क्या खुला रहेगा और क्या बंद...?: दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा के मद्देनजर सरकारी और प्राइवेट ऑफिस, शिक्षण संस्थान, बैंक और वित्तीय संस्थान, एनडीएमसी एरिया की मार्केट जैसे कनॉट प्लेस व खान मार्केट, शराब की दुकाने बंद रखने का आदेश दिया गया है. वहीं, अत्यावश्यक वस्तुएं जैसे दूध और दवाई की दुकानें, दिल्ली मेट्रो के स्टोशन(सुप्रीम कोर्ट के अलावा), रिंग रोड बस सर्विस चालू रहेगी.

जी20 शिखर सम्मेलन 9 से 10 सितंबर तक दिल्ली में आयोजित किया जाएगा: जी20 शिखर सम्मेलन 9 से 10 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा. अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ब्राजीली राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा जी20 के उन नेताओं में शामिल हैं ।

रियासी मुठभेड़ में एक आतंकी ढ़ेर, एक जवान घायल

एजेंसी

रियासी : रियासी जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह ने बताया कि दो आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान चसाना के तुली इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, मंगलवार, 05 सितंबर 2023 | पेज 2

अधिकारी-कर्मचारी समय से पहुंचे कार्यालय : शशि रंजन

उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय व नगर परिषद कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिश्रामपुर : पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को बिश्रामपुर प्रखंड सह अंचल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति पंजी, डाक रजिस्टर, रोकड़ पंजी, दाखिल-खारिज आवेदन सहित कई अभिलेखों का जांच किया.प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी ली.उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई का भी जायजा लिया। डीसी शशि रंजन ने प्रखंड सह अंचल कर्मियों को समय से कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी। कहा कि स- समय कार्यालय आएं और आम लोगों के कार्यों को निष्पादित करें। डीसी बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय भी गाए। जहां उन्होंने कई चीजों का निरीक्षण किया. नप अधिकारियों और कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। इसके बाद उपयुक्त रेहला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गए और वहां भी निरीक्षण किया। छात्राओं को मीनू के अनुसार भोजन देने हेतु वार्डेन को निर्देशित किया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, बीडीओ विक्रम आनंद, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, प्रमुख रम्भा कुमारी सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

रेलवे चेकिंग अभियान में 301 बेटिकट यात्री पकड़े गए

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : डालटनगंज रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से दुद्धी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 301 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 1 लाख 82 हजार 5 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार को रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

अवैध गिट्टी लदा टिपर ने मारा बिजली के खंभा में धक्का, बाल बाल बचे मवेशी व ग्रामीण

खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के झारखंड और उत्तर प्रदेश के बॉर्डर पर बजरमरवा टोला में रविवार शाम को उत्तर प्रदेश से अवैध गिट्टी लेकर आ रहे टिप्पर ने बिजली खम्भा में धक्का मार दिया। जिसमें वहाँ मौजूद मवेशी व ग्रामीण बाल बाल बच गए।जिसके कारण विधुत भी बाधित है। किसानों की खेती के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया की उत्तर प्रदेश से झारखंड अवैध रूप से गिट्टी लेकर एक टिप्पर आ रही थी। जिसका ड्राईवर नशे में था। जिससे टिपर अनियंत्रित हो कर खम्भा से टकरा गया।चालक टिपर को लेकर भागने में सफल रहा। जब ग्रामीणों ने पकड़ने की कोशिश की तो ड्राईवर के द्वारा ग्रामीणों को ही धक्का मारने का प्रयास किया जा रहा था। जिसके वजह से ग्रामीणों के पकड़ में नहीं आ पाया। टिपर उत्तर प्रदेश का लौकवा खाडी का बताया जाता है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश से झारखंड में प्रतिदिन सैकड़ो ट्रक अवैध रूप से बिना अनुमति का ईट व गिट्टी की धुलाई में लगे है।

बिजली की आंख मिचौली से परेशान है प्रखंड क्षेत्र के लोग

केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महज कई दिनों से बिजली की आंख मिचौली से बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कट एवं लो वोल्टेज के कारण किसानों की भूमि का पटवन भी नहीं हो पा रहा है। जिससे धान के बिचड़े सहित मक्का की फसल भी नष्ट होने के कगार पर पहुंच गए हैं। साथ ही सितंबर महीने में भी बढ़ती उमस और गर्मी से लोग का जीवन असतो व्यस्त रह रहा है। जिसका स्थाई समाधान के लिए बिजली विभाग मौन साधे हुए हैं जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों का उम्मीद अब सिर्फ सरकार पर टिका है कि इस क्षेत्र को सरकार सुखाड़ घोषित करें जिससे क्षेत्र के किसानों को जिंदगी उपार्जन के लिए मददगार साबित हो सके।

14 साल पुराना विवाद कोर्ट की पहल पर सुलझा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार गोस्वामी के अदालत में चल रहा 14 वर्ष पुराना मुकदमा परिवाद 94/ 2009 को कोर्ट के पहल पर सुलझा दिया गया है। विदित हो कि लोक अदालत को लेकर प्री सीटिंग चल रहा है। जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित थे।इस केस की परिवादी रेणु सिंह ने अभियुक्त आलम अंसारी, जाउल अंसारी, व जैनुल अंसारी के बिरुद्ध केस की थी। जिसका बिचारन चन्दन गोस्वामी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के अदालत में हो रहा था। सोमवार को दोनो पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए व सुलहनामा दाखिल किए। जिसके आधार पर इस केस को समाप्त कर दिया गया है। मुदालय पर आरोप था कि ये लोग केस के परिवादी रेणु सिंह व उसके भतीजा बिनोद से धोखा देकर 33 हजार रुपया ठग लिया था तथा अमानत में खयानत किया था। उक्त केस गवाही पर चल रहा था। अभियुक्त गण परिवादी को रुपये लौटा कर सुलह कर लिए। व 14 बर्ष पुराना विवाद न्यायालय के द्वारा समाप्त कर दिया गया।

पेड़ से दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

छतरपुर : छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कबल पंचायत के ग्राम रूद में सोमवार को 20 वर्षीय युवती का शव दुपट्टा से लटका हुआ मिली। मृतका के पहचान पूजा कुमारी पिता राम सुंदर भुइयां के रूप में किया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि पूजा रोज की तरह खाना पीना खाकर घर में आराम कर और सुबह उठकर फोन पर झगड़ालू अंदाज में किसी से बात करते हुए जंगल की तरफ गई। एक-दो घंटा तक वापस नहीं आने के बाद हम लोगों ने खोज भी करना शुरू कर दिया। खोजबीन के क्रम में पाया कि घर से लगभग 1 किलोमीटर दूर जंगल झाड़ी में एक पेड़ से झूल रही थी उसके गर्दन में दुपट्टा बंधा था। परिजन ने इसकी तत्काल सूचना छतरपुर थाना को दिया मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले अंत्य परीक्षण हेतु मेदनीनगर भेज दिया। खबर लिखे जाने तक छतरपुर थाना के सब इंस्पेक्टर रमेश चंद हजाम ने बताया कि परिजनों के द्वारा आवेदन देने की बात कही जा रही थी।

ग्रामीणों ने मवेशी को किया जब्त पशु तस्कर चकमा देकर फरार



चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत उलडंडा पंचायत के बाघी गांव में सोमवार को अवैध पशु ले जाते हुए ग्रामीणों ने देखा तो ग्रामीणों ने पशु तस्कर को पकड़ कर और मवेशियों को धोबी टोला गांव में पीपल के पेड़ के पास बांध दिया पशु तस्कर थाने में जाने की बात कह कर वहां से चकमा देकर ग्रामीणों को फरार हो गया। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने कहा कि सूचना मिली है कि एक पशु तस्कर का पांच मवेशी ग्रामीणों ने जप्त कर लिया है आरोपी की तलास जारी है ग्रामीणों ने आरोपी का फोटो खींच लिया है लेकिन आरोपी का नाम और पता नहीं बताया है। सरइडीह पोखरी का रहने वाला है आरोपी ग्रामीणों ने बताया है।

कोल वाहन ने पांच मवेशियों को रौंदा, एक की मौत चार घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : सिमरिया हजारीबाग एन एच 100 पथ स्थित जयराम बागी के पास एक कोल वाहन ने पांच मवेशियों (भैंस) को रौंद दिया है। इस घटना में एक मवेशी की मौत हो गयी। जबकि चार मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गये। उक्त मवेशी बानासाडी गांव निवासी युगल यादव का था। इससे भुक्तभोगी को ढाई लाख रूपये का आर्थिक क्षति हुआ है। श्री यादव ने बताया कि वह रविवार की शाम मवेशियों को चरा कर लौट रहे थे। इस दौरान सड़क पार कर रहे मवेशियों को बेलगाम कोल वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। श्री यादव ने बताया कि सभी दुधारू पशु है। इन पशुओं के सहारे घर के लोगो का जीविकोपार्जन चलता है। एक पशु के मौत और चार के घायल होने से भरण पोषण पर आफत आ गया है।

उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालों के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी अबु इमरान के निर्देशानुसार अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालो के विरुद्ध दिनांक 03 सितंबर रविवार को देर रात तक छापेमारी अभियान चलाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने बताया उपायुक्त के निर्देशानुसार अनुमण्डल स्तरीय खनन टास्क फार्स के द्वारा खनन क्षेत्र में कई वाहनों की जांच की गई है। जांच के क्रम में टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत चिरैयाटांड़ (दामोदर पुल के पास) वाहन संख्या-जेएच 01ए क्यू-9032 ट्रक व जेएच 02 ए टी-3363 ट्रक जो कोयला से लोडेड था तथा वगैर तिरपाल ढके हुए अवस्था में था, इसकी जांच-पड़ताल की गई। जांच के क्रम में इस वाहन के चालक द्वारा किसी भी प्रकार का कागजात नहीं दिखाया गया तथा यह बताया गया कि अशोका परियोजना से यह कोयला बचरा साईडिंग ले जाया जा रहा है और कोई भी कागजात वाहन में नहीं पाया गया। पिपरवार थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी, टण्डवा भी जाँच की प्रक्रिया में शामिल थे। किसी भी प्रकार का वाहन में कागजात नहीं रहने तथा चालक द्वारा इसे नहीं दिखाये जाने के कारण वाहन को संदिग्ध अवस्था में पाकर इसे थाना प्रभारी, पिपरवार की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है। आगे उन्होंने बताया कि अवैध रूप से नदी घाटों से बालू उठाव करने वालो के भी विरुद्ध सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा देर रात तक नदी घाटों पर औचक छापेमारी अभियान चलाया गया है। अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर लिया न्यायिक कार्य में हिस्सा

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): उत्तर प्रदेश के वकीलों के साथ पुलिस द्वारा की गई हिंसा के खिलाफ पलामू जिले के अधिवक्ता भी बाह पर काली पट्टी बांधकर न्यायिक काम में हिस्सा लिया। विदित हो कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के द्वारा जिला बार एसोसिएशन को यह निर्देश दिया गया था कि चार सितंबर सोमवार को अधिवक्ता बाह में काली पट्टी बांधकर अदालती काम करेंगे। इसका पलामू जिला में भी व्यापक असर देखा गया। जिले के अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बाह में बांधकर न्यायिक कार्य में हिस्सा लिया। व चट्टानी एकता का परिचय दिया। अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाने और लागू करने की मांग भी की है। ताकि आने वाले दिनों में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले को रोका जा सके। इस संबंध में अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि अधिवक्ता ओ पर हो रहे हमले को देखते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने से सम्बंधित ज्ञापन केंद व राज्य सरकार को प्रेषित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि जिले के अधिवक्ताओं ने स्टेट बर काउंसिल के निर्णय का शत प्रतिशत पालन कर यह साबित कर दिया है कि जिले के अधिवक्ता एक हैं। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष मन्धारी दुबे, कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष रामप्रवेश रजक, नितिन कुमार पांडेय, अश्वनी त्रिपाठी, ललित शुक्ला, समेत दर्जनों अधिवक्ताओं ने स्टेट बर काउंसिल के निर्णय का पालन करने में अहम भूमिका रहा।

एनडीए के डीएनए में ही लूट है : बिट्टू पाठक

देश में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कमेटी ने दिया एकदिवसीय धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सोमवार को स्थानीय छहमुहान पर जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महंगाई एवं लूट के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया धरना का संचालन नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय साहू ने किया धरना कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसियों ने जमकर मोदी सरकार को लताड़ा धरने में संबोधित करते हुए लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है की प्रधानमंत्री मोदी जी जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आम जनों को पीड़ा की कभी परवाह नहीं की और वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर जनता के दर्द का एहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 कम कर किया। 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामग्री और पेट्रोल डीजल के दाम और वर्तमान मोदी सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमती लगभग दुगनी हो गई है 2013 से 2023 तक वस्तुओं के दाम दुगनी हो गए हैं आता चावल फल फूल दूध दाल रसोई गैस पेट्रोल डीजल सभी के दाम लगभग ढाई से तीन गुने हो गए हैं अब जनता कैसे जिएगे इस महंगाई के बारे में। धरना में प्रमुख रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव लक्ष्मी नारायन तिवारी श्याम नारायण सिंह विनोद तिवारी शमीम अहमद राइन ओम प्रकाश अमन ईश्वरी सिंह राजेंद्र अग्रवाल सच्चिदानंद मिश्रा विद्या सिंह चेरो सुधीर चौबे मिथिलेश सिंह सोनू खान रिजवान खान देवांग शुक्ला सौरभ पांडे मोहम्मद फैयाज अशोक पासवान नवल किशोर पाठक अवध किशोर सिंह रुद्र शुक्ला गुप्तेश्वर पांडे ए मोहम्मद रिजवी मिट्ठू खान अवधेश सिंह रविंद्र कुमार विकास सिंह राजू सिंह संतोष गुप्ता मणिकांत सिंह शैलेश कुमार उमेश यादव उमेश पासवन गोपाल सिंह सुरेंद्र सिंह विभूति नारायण पाठक मुश्ताक अहमद गोपाल सिंह सिराजुद्दीन अंसारी विष्णु देव यादव नदीम खान अर्जुन सिंह अभय पांडे प्रमोद यादव।

जिले में भारी मात्रा में नशीले सामान बरामद, पांच गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए के नशे के पांच व्यापारीयो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही पुलिस अधीक्षक राम कुमार के आदेश अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पावर गंज कोर्ट रोड लोहरदगा निवासी गुड्डू कुमार वर्मा 28 वर्ष पिता स्वर्गीय नंदू वर्मा जो अपने गुमटी में मादक द्रव्य पदार्थ का गुप्त रूप से व्यापार करता था,जिसमें खास तौर से स्थानीय युवकों को नशा करने हेतु सामग्रियां उपलब्ध कराना तथा नशे की आदत डालने का पेसा बना लिया था। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी गण को सूचित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा के श्री अरविंद कुमार लाल एवं पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद कार्यपालक दंडाधिकारी सुन्नी कुमार दास एवं ड्रग इंस्पेक्टर पूनम तिर्की तथा सशस्त्र बल के साथ गुड्डू कुमार वर्मा के घर में छापेमारी किया गया,जिसमें भारी मात्रा में आनरेक्स, गांजा, चरस, एवं नगदी बरामद किए गए हैं साथ ही गुड्डू कुमार वर्मा के निशान देही के आधार पर पावर गंज कोर्ट रोड स्थित बबलू कुमार एवं विशाल साहू के घर के अलावे कृषि बाजार निवासी रवि कुमार के दुकान की तलाशी ली गई, जिसमें प्रत्येक के घर से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ एवं इस्तेमाल किए जाने वाला अन्य नशीली सामग्री जैसे गांजा, पान मसाला, चिल्लम, कमला पसंद, सिगरेट, खैनी तंबाकू जैसे नशीला पदार्थ बरामद किया गया। साथ ही चितकबरा वर्दी, दो चाकू,एक पिस्टल जैसी डमी हथियार, आदि बरामद किए गए हैं इसके संबंध में कोई कागजात उपलब्ध नहीं करने पर विधिवत जप्त तथा सभी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस तलाशी में गुड्डू कुमार वर्मा की मां मीरा देवी को भी मादक एवं नशीले पदार्थ के क्रय विक्रय में सहयोगी होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों में गुड्डू कुमार वर्मा 28 वर्ष पिता नंदू वर्मा पता पावर गंज कोर्ट रोड लोहरदगा, मीरा देवी उम्र 48 वर्ष पति नंदू वर्मा ब्लॉक कॉलोनी कुटमु लोहरदगा, विशाल साहू उम्र 36 वर्ष पिता बाल गोविंद साहू पावरगंज कोर्ट रोड, रवि कुमार उम्र 25 वर्ष पिता दिनेश कुमार साहू कृषि बाजार लोहरदगा,बबलू कुमार उम्र 32 वर्ष पिता देबू प्रसाद कोर्ट रोड पावर गंज लोहरदगा के निवासी हैं, इन सभी आरोपियों के घर से मिले नशीले पदार्थ से यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि इन लोगों ने बड़ी तादाद में जिले को नशे की चपेट में लेना चाह रहे हो,जारी किए गए विज्ञप्ति के आधार पर इतनी भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद करना पुलिस के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। जिसके बिरुद्ध में लोहरदगा कांड संख्या 260/2023 दिनांक 2 सितंबर 2023 धारा 276/406/417/34 भाज्द्ज़विज़ एवं 27 ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट 21/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। इस छापेमारी दल में शामिल अनुमंडल पदाधिकारी श्री अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, कार्यपालक दंडाधिकारी सुन्नी कुमार दास, ड्रग इंस्पेक्टर पूनम तिर्की, पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी अनिल ओरांव सह सावित्री कच्छप लोहरदगा, संतोष कुमार यादव लोहरदगा, हरिऊध करमाली लोहरदगा, सूरज प्रसाद लोहरदगा, संजय कुमार लोहरदगा, हारुण रशीद लोहरदगा, संजय कुमार, योगेश्वर सहार, संजय कुमार सिंह, जूलिया कांडुलना, अमरनाथ कुमार पांडे, सोसन खलखो, रवीना देवी, सत्यकिशोर कुमार, विनोद कुमार सिंह के साथ जिले के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, मंगलवार, 05 सितंबर 2023| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

भाजपा का एक नेशन, एक इलेक्शन लोकतंत्र पर हमला : डॉ मनोज

रांची : प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार का एक नेशन, एक इलेक्शन लोकतंत्र और संघीय ढांचे पर हमला है। कुमार ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा आम जनता, किसान,मजदूर,नौजवान और बेरोजगारी के मुद्दे पर बात क्यों नहीं करती। समान शिक्षा की क्यों बात नहीं करती। गरीब किसान, मजदूर पैसा नहीं रहने कर कारण इलाज के अभाव में मर रहे है। भाजपा की केंद्र सरकार किसी मुद्दे पर न गंभीर है न संवेदनशील है।

हरमू मैदान में दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता छह को

रांची : श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति हरमू की ओर से छह सितम्बर को हरमू मैदान में दही-हांडी फोफो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी इंद्रजीत यादव ने सोमवार को बताया कि जन्माष्टमी छह सितम्बर को ही मनाई जाएगी। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन दर्शन पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से श्री कृष्ण के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होगा। दही से भरी हांडी पुरुषों के लिए 20 फीट और महिलाओं के लिए 18 फीट होगी। विजेता गोविंदा की टीम को शील्ड के साथ 51,000 दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में 20 की संख्या में गोविंदा भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि दही-हांडी प्रतियोगिता के बाद रात 10 बजे से भक्ति गीतों का कार्यक्रम होगा। छह सितंबर को ही सुबह प्रभातफेरी निकाली जाएगी और स्थानीय लोगों को इसमें भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

रिसालदार बाबा कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी व महासचिव बने जावेद अनवर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव 3 सितंबर 2023 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और बिलाल अहमद निर्वाचित हुए। इनके अलावा उप सचिव में मोहम्मद सदीक और जुल्फिकार अली भुट्टो निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष जैनुल आबिदीन उर्फ राज गद्दी निर्वाचित हुए।

वहीं कार्यकारिणी में सरफराज गद्दी, आफताब आलम, अनीश गद्दी, नज्जू अंसारी, आसिफ नईम, साजिद उमर, शहजाद बबलू, अब्दुल खालिक, और एजाज गद्दी शामिल है। ज्ञात हो कि हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव लगभग 10 वर्ष बाद होने के कारण लोगो में उत्सुकता ज्यादा थी। इस चुनाव में 138 वोटर में 136 मतदान हुए। 16 पोस्ट के लिए 39 उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में दो टीम आमने-सामने थी। टीम कुतुब और टीम खिदमत। टीम खिदमत के लगभग सभी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। जीतने वाले टीम को मुबारकबाद देने वालों में अमन युथ सोसाइटी के सरपरस्त मो असलम, सचिव नदीम इकबाल, सलाउद्दीन संजू ,आजम अहमद, मोहम्मद रब्बानी, अयूब राजा खान, नदीम खान, हाजी इजरायल, अफरोज आलम, राधे उर्फ राजू, अकबर उर्फ मुन्ना, हाजी रब्बानी, अकील उर रहमान, मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, महासचिव डॉक्टर तारीक, टीम कुतुब के सोहेल अख्तर गब्बर, पूर्व सचिव मो फारुक, चुनाव कमिटी के शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, इरफान, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

डेंगू की चपेट में रांची, साफ सफाई जरूरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के कई जिले इन दिनों चिकनगुनिया और डेंगू की चपेट में हैं. वहीं, रांची जिले में चिकनगुनिया व डेंगू दोनों का असर है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नगर निगम के सभी 53 वार्डों में जांच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। जांच में इस साल जनवरी से अगस्त माह तक डेंगू के 26 और चिकनगुनिया के 47 केस सामने आये हैं। इनमें 28 मरीजों में डेंगू और चिकनगुनिया दोनों पाये गये। दोनों मामले में बुखार के लक्षण लगभग एक जैसे ही होते हैं। हालांकि, डेंगू का वायरस चिकनगुनिया से ज्यादा खतरनाक होता है।

डेंगू में गिरते प्लेटलेट्स से कमजोरी:एडीज मच्छर के काटने से डेंगू और चिकनगुनिया होता है। डेंगू में मरीज को तेज बुखार, सिर और शरीर में दर्द व उल्टी की शिकायत रहती है। डेंगू में लगातार गिरते प्लेटलेट्स से मरीज को बहुत कमजोरी महसूस होती है। वहीं, चिकनगुनिया में मरीज कई दिनों तक जोड़ों के दर्द से परेशान रहता है।

बुखार खत्म न हो, तो जांच कराये :डेंगू व चिकनगुनिया दोनों में ही वायरल फीवर की तरह के लक्षण होते हैं. दो-तीन दिन बाद यदि बुखार खत्म नहीं हो तो डेंगू व चिकनगुनिया की जांच करायें।

रिम्स में 16 डेंगू पीड़ितों का चल रहा है इलाज: रिम्स के आइसोलेशन वार्ड में 16 डेंगू पीड़ितों का इलाज चल रहा है. वहीं, कई लोग निजी अस्पताल व घरों में रहकर भी इलाज कर रहे हैं. राज्य में सबसे ज्यादा डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या पूर्वी सिंहभूम में 400 के करीब है. इधर, स्वास्थ्य विभाग घर-घर जाकर स्वच्छता और सर्वे अभियान चला रहा है. स्वास्थ्य कर्मी मच्छर के लार्वा की पहचान कर उसे नष्ट कर रहे हैं।

एक नजर रांची जिला के आंकड़ों पर

जनवरी से जुलाई तक मलेरिया की कुल जांच : 18,7225
मलेरिया रोगियों की संख्या : 68
प्लाज्मोडियम फैलसिफेरम (पीएफ) मलेरिया रोगियों की संख्या : 49
प्लाज्मोडियम वाइवैक्स (पीवी) मलेरिया रोगियों की संख्या : 19
डेंगू की कुल जांच : 782
डेंगू मरीजों की संख्या : 26
चिकनगुनिया की कुल जांच : 782
चिकनगुनिया मरीजों की संख्या: 47
ट्रफाइलेरिया से ग्रसित रोगियों की जांच : 1200
फाइलेरिया पाये गये एम प्लस रोगी की संख्या : 01
घरों में लार्वा की जांच :6,346
घरों में मिले डेंगू के लार्वा : 490
कुल बर्तनों की जांच : 1,8578
बर्तनों में लार्वा पाये गये : 385

अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश में मनोनयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री कार्यालय ने पत्रांक संख्या AS/ GS/2023/141 दिनांक 01 सितंबर 2023 एवं AS/ GS/2023/142 दिनांक 01 सितंबर 2023 को अधिसूचना जारी कर दिलीप वर्मा को झारखंड प्रदेश की कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । इसके साथ ही सुबोध कुमार को झारखंड प्रदेश का कार्यवाहक प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। ज्ञात हो की 27 मार्च 2022 को प्रदेश समिति एवं रांची जिला समिति का चुनाव कराया गया था 17 महीने बाद नए लोगों को अवसर प्रदान की गयी।

जुडको कार्यालय का भाजपा ने किया घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला द्वारा महानगर अध्यक्ष के.के. गुप्ता के नेतृत्व में कचहरी चौक से लेकर जुडको कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन एवं जुडको कार्यालय का घेराव किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद संजय सेठ, विधायक सी.पी.सिंह, नवीन जयसवाल, के.के.गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू,काजल प्रधान, संजीव विजयवर्गीय, आरती कुजूर,वरुण साहु,बलराम सिंह, शोभा यादव,मुनचुन रॉय, निशीजयसवाल, सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा,मुनचुन राय, ओमप्रकाश, मुकेश मुक्ता,राजु सिंह, बसन्त दास, जितेन्द्र सिंह पटेल, राकेश सिंह गुड्डू, राहुल चौधरी, सूर्यप्रभात, अनिता वर्मा,ललिता ओझा,सुजाता सिंह,रोमित नारायण सिंह,अर्जुन मुंडा, प्रमोद नाथ शाहदेव,रामलगन राम,वीणा मिश्रा, रौशनी खलखो,संगीता श्रीवास्तव,पिंकी सिंह, ऐश्वर्या सहाय,अर्चना सिंह, नम्रता सोनी,विकास रवि, संतोष मिश्रा, उमेश यादव, पप्पू वर्मा, विनोद महतो, सुभाष अग्रवाल,आनन्द वर्मा,सुजीत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि जलमिनारो में पानी नहीं तो सड़क तोड़ जो पाइप बिछाई गई है उसका क्या फायदा हेमन्त सरकार जवाब दे। विधायक सी.पी.सिंह ने कहा शहर की टूटी सड़कों को अगले 60 दिनों में जुडको ठीक करें इसके पहले विधान सभा में मेरे पीछे सवाल पर सरकार के मंत्री ने 30 जुलाई तक ठीक करने का वचन दिया था उसका क्या हुआ सरकार बताए। विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि पानी के लिए पी.एच.ई.डी का घेराव तो कहा कि जुडको पानी देगा जुडको को घेरा तो कहा पीएचईडी को पानी देना है।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व : कर रहे भाजपा महानगर अध्यक्ष के.के.गुप्ता ने कहा कि हर विभाग एक दूसरे पर इस बिगड़ी स्थिति के लिए एक दूसरे विभाग को जिम्मेवार ठहरा रही है इसलिए जुडको, पी.एच.ई.डी, नगर निगम एवं नगर विकास के उच्चाधिकारियों से अगले 15 दिनों के भीतर सभी जनप्रतिनिधियों के साथ भाजपा प्रतिनिधिमंडल बैठेगी और सामने में सबसे पूछेगी कि शहर वासियों को टूटी सड़कों का और खाली टंकी और बिन पानी का पाइपलाइन बिछाकर करोड़ो का वारा न्यारा करने वाले इन भ्रष्ट अधिकारियों के साथ क्यूं न जनता न्याय देने सड़को पर उतरे।हेमन्त सरकार के सभी विभाग की कमोबेश यही हालत है।कार्यक्रम का संचालन वरुण साहु एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया।

डेंगू पर नियंत्रण के लिये कदम उठाने का उपायुक्त से किया अनुरोध : डॉ. प्रणव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : सामाजिक-वैचारिक प्रचारित संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने रांची के उपायुक्त से अनुरोध किया है कि जिस प्रकार से डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियाँ पूरे राजधानी फैल रही है और सभी लोगों को अपनी चपेट में ले रही है उसे देखते हुए यह बहुत आवश्यक है, कि इसे नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाये. डॉ. बब्बू ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में न केवल राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची या रांची सदर अस्पताल बल्कि निजी स्तर पर भी अनेक अस्पतालों में डेंगू-चिकनगुनिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में जिस तरीके से उछाल आया है उसे देखते हुए यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि रांची में डेंगू-चिकनगुनिया बहुत ही तेजी से फैल रहा है और अनेक लोगों को इसका खामियाजा उठाना पड़ रहा है.जिस प्रकार से राज्यभर में डेंगू चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है कहीं यह महामारी का रूप ना ले यह बड़ी चिंता का विषय बन गया है। डॉ. बब्बू ने रांची के उपायुक्त से अपील की है कि इस मामले में वे प्रभावी कदम उठायें और डेंगू-चिकनगुनिया को नियंत्रित करने के लिए अविलंब स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करें तथा आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिये कदम उठायें ताकि आम लोगों को डेंगू-चिकनगुनिया का खामियाजा न उठाना पड़े।

निर्वाचन से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर पर करें कार्रवाई : डीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। साथ ही निर्वाचन कार्य में रुचि नही लेने वालें बीएलओ और सुपरवाइजर पर प्रपत्र-क गठित कर कार्रवाई की जायेगी। यह सुनिश्चित हो कि बीएलओ और सुपरवाइजर दिए गए निर्वाचन कार्य ससमय पूरा करें।उपायुक्त सोमवार को समाहरणालय भवन ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष में निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित बीएलओ की ओर से घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य 15 दिनों में पूरा करते हुए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य पूरा करें। उन्होंने नए मतदातों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में पांच सुविधाओं का होना अतिआवश्यक हैं। इनमें बिजली, पानी, फर्नीचर, रैंप (दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिक के लिए) और शौचालय शामिल हैं।उपायुक्त ने सभी संबंधितअधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए जर्जर मतदान केंद्रों एवं जिन पुराने मतदान केंद्रों में परिवर्तन स्थल की आवश्यकता हैं। उसकी सूची बना कर उसे दुरुस्त कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथ लेबल ऑफिसर एप को 15 दिनों में अपडेट करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।

जिद व रोल नंबर 73 नामक नाटक का किया गया मंचन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची । कडरू स्थित झारखण्ड फिल्म एंड थिएटर अकेडमी के स्टूडियो थिएटर में मुद्दा एक, नाटक दो के तहत दो अलग अलग नाटकों का मंचन किया गया जिसमें शामिल थे जिद और रोल नंबर 73, जिसका लेखन और निर्देशन किया राजीव सिन्हा ने गौरतलब है की इन दिनों शहर में आत्महत्या की घटनाएं बड़ी है, जिसमें ज्यादातर किशोरावस्था के बच्चे है, ऐसी ही घटनाओं से प्रेरित दोनों ही नाटकों में किशोरावस्था के मन को टटोलने की कोशिश की गई है । दोनों ही नाटकों में अभिनय कर रहे कलाकारों में शामिल थे अंकिता प्रजापति, प्रतिभा प्रजापति, नूतन सिन्हा, राजलक्ष्मी, अभिनव आरोही, कौशल ताम्रकार, जगदीश प्रजापति, शिवशक्ति राय, राहुल सिंह, रंजीत कुमार, अब्दुल तौफीक, अनुराग तिर्की, गौरव राज, निकेश तिग्गा, विक्रम कुमार, रौशन कालिंदी और दिव्य प्रकाश। जिद कहानी में दिखाया गया कि ललित नाम का एक किशोर किस तरह से अपनी जिद मनवाने के लिए घर में भूख हड़ताल पर बैठ जाता है, आखिरकार उसके पिता और दादा उसकी जिद के आगे पिघल जाते है, और उसकी सभी डिमांड पूरी कर देते हैं, अंत में एक सड़क हादसे में में ललित कि जान चली जाती है, और परिवार बिलखता रह जाता है

रॉल नंबर 73 -कहानी में दिखाया गया कि रक्षिता कैसे घर से लेकर बाहर के लोगों कि नकारात्मक बातों से प्रभावित हो कर आत्महत्या करने पर उतारू हो जाती है, जबकि ऐन मौके पर एक आईपीएस अफसर उसे मोटीवेट करते हैं और फिर रक्षिता को अपनी गलतियों का एहसास हो जाता है।

तालाब में डूबे छात्र आकाश राज तिर्की का शव एनडीआरएफ ने किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रविवार को कांके थाना क्षेत्र के मनातू नजदीक सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास तालाब में डूबे छात्र आकाश राज तिर्की उर्फ चिंटू का शव एनडीआरएफ ने सोमवार को बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम ने आधे घंटे में छात्र के शव को तालाब से खोज निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। मृतक कांके थाना क्षेत्र के कोंगे स्थित जयपुर का रहनेवाला आकाश राज तिर्की उर्फ चिंटू सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास चट्टान की खुदाई के बाद बने कृत्रिम तालाब में डूब गया था। आकाश मोनफोर्ट स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता राजकुमार तिर्की सेना में हैं और फिलहाल हिसार में तैनात हैं। आकाश और उसके दोस्त वैभव टोप्पो और अर्पण मिंज शाम को ट्यूशन पढ़ने की बात कह कर घर से निकले थे। तीनों स्कूटी से मनातू पहुंचे थे। इसके बाद तालाब में तीनों नहाने उतरे थे। इसी दौरान आकाश राज तिर्की गहरे पानी में चला गया और डूब गया था। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि एनडीआरएफ की टीम यदि घटना के समय पर पहुंचती तो शायद परिणाम कुछ और ही होता है। अब कोई तालाब,डैम,नदी में डूबता है तो थाना डीसी को सूचना देगी फिर डीसी द्वारा नोटिस एनडीआरएफ टीम को पत्र लिखेगा, तब एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंचेगी तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

लोजपा का 10 सितम्बर को कार्यकर्ता सम्मेलन

रांची : झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) संगठन मजबूती और पार्टी के विस्तार की तैयारी कर रही है। इस सिलसिले में 10 सितम्बर को निवारणपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन की ओर कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत किया गया है। रांची जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी ने सोमवार को कहा कि इस सम्मेलन में छह एजेंडा पर चर्चा की जाएगी।

हरीन्द्रानन्द जी की प्रथम पुण्य तिथि मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : शिव शिष्यता के जनक और इस कालखण्ड के प्रथम शिव शिष्य साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी की प्रथम पुण्य तिथि 04 सितम्बर को शिव शिष्यों द्वारा पुण्य स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई। सोमवार को पुराना विधानसभा मैदान हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति का साक्षी बना। जीवित रहते हुए किंवदंति बन चुके साहब हरीन्द्रानन्द जी ने सामान्य जनमानस को शिव के गुरू स्वरूप से जोड़ने के लिए लगभग आधी सदी से लोगों को प्रेरित किया। समाज को आइना दिखाते हुए उन्होंने बताया की शिव घर-घर के बाबा है, जैसे चंदा मामा सबके मामा हैं। भगवान शिव से हम सभी सतान, पैसा, परिवार, प्रसिद्धि, ऐश्वर्य मांगते हैं, उनसे ज्ञान कोई नहीं मांगता। वह पंचानन, सदाशिव, दक्षिणामूर्ति विश्व गुरु हैं, उन्हें जगत गुरू कहा गया है। हमारे शास्त्र अटे पड़े हैं शिव के गुरू स्वरूप की महिमा से।

वरेण्य गुरुभ्राता की चाहत थी कि समस्त चराचर जगत शिव की शिष्यता ग्रहण करे और उनकी दया के आश्रय में चले ताकि शिव के गुरू स्वरूप की जन-जन में स्थिति से विश्व वाटिका में अध्यात्म अवतरित होकर सहृदयता, समानता और शांति के सुमन खिला देगा और प्रेम के पराग से मानवता सुगंधित हो जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वा0 09 बजे से शिव नाम संकीर्तन एवं जागरण भजन से हुआ। तत्पश्चात् वरेण्य गुरुभ्राता साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवंपुष्पांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में महिलाओं की संख्या अधिक थी। श्रद्धाजलि सभा में रामानुजगंज छत्तीस गढ़ के विधायक वृहस्पत सिंह झारखंड सरकार में मंत्री मिथिलेश ठाकुर सीपी सिंह प्रो0 रामेश्वर मंडल, श्री हरानन्द, श्री अर्चित आनंद, श्रीमती बरखा आनंद, डॉ0 अमित कुमार, श्रीमती अनुनीता आनंद श्री अभिनव आनंद एवं श्रीमती निहारीका आनंद ने अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त की। इस पुष्पांजलि समारोह में राज्य के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण राष्ट्र सेवा है : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत कूचू ग्राम के पुराना तालाब बगीचा में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू उपस्थित थे। मरांडी ने चंदन एवम कल्प वृक्ष के पौधे को लगाया।उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति परंपरा महान है।हमने धरती को माता माना है। और धरती माता की सबसे बड़ी सेवा पहाड़,जंगल नदियां,पेड़ पौधे का संरक्षण है। उन्होंने कहा कि यह सब धरती का श्रृंगार है। वृक्षारोपण करके हम धरती माता भारत माता की शोभा में चार चांद लगा देते हैं।उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण राष्ट्र सेवा है,मां भारती की सेवा है। मरांडी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के कार्यकर्ता केवल राजनितिक गतिविधियां ही नहीं चलाते बल्कि समाज सेवा जुड़े विभिन्न प्रकल्पों में बढ़चढकर भाग लेते हैं।उन्होंने प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू जी को अमृत वाटिका निर्माण केलिए शुभकामनाएं दी।तथा सभी कार्यकर्ताओं से अपने अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ाने का का आह्वान किया। मरांडी का स्वागत करते हुए प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने उन्हें अंगवस्त्र, मां दुर्गा की प्रतिमा एवम पौधा भेंट किया।श्री साहू ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नए उत्साह जोश का संचार हुआ है।उन्होंने कहा कि देश के आजादी का अमृत काल चल रहा है और प्रधानमंत्री जी ने कार्यकर्ताओं से राष्ट्र की अमृत बेला में अमृत वाटिका निर्माण का आह्वान किया है। जिसे पूरा करना सभी कार्यकर्ताओं का धर्म है। इस अवसर पर रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,अमरनाथ चौधरी, अनिल टाइगर ,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने जवाब देकर पुरस्कार और दिल जीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : आम जनता हेल्पलाइन के तत्वावधान में 3 सितम्बर को अंजुमन प्लाजा हॉल में स्कूली बच्चों के बीच इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें 21 स्कूलों के लगभग 135 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रतियोगिता में अभिभावक के अलावा स्कूलों के प्रिंसिपल, निदेशक व शिक्षक भी शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत जीएम स्कूल को मिला, द्वितीय स्थान इदरीसिया तंजीम स्कूल और तीसरा स्थान राईनगर्ल्स स्कूल को मिला, हालांकि डिवाइन और रांची पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी कड़ी टक्कर दी। इसके अलावा 104 बच्चों ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। क्विज में अभिभावकों ने भी 20 से अधिक सवालों के सही जवाब देकर मैडम जीते। संचालन हाजी फिरोज जिलानी व मो. शकील ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने की। इस मौके पर उपाध्यक्ष हाजी जसीम, हैदर गुड्डू, इदरीसया पंचायत के अध्यक्ष मो. इस्लाम, नेहाल अहमद, इमरान रजा अंसारी, रमजान कुरैशी, सज्जाद इदरीसी, मो. रिजवान खान, तनवीर अहमद,शम्श कमर लड्डन, खालिद उमर, निगार सुल्ताना, मेराज अंसारी, मेराज गद्दी, सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

अड़की के सेरेंगहातु में पत्नी पर डायन बिसाही का आरोप और अपराधियों ने पति की हत्या कर दी

अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता): खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु में रविवार की देर रात अपराधियों ने वृद्ध व्यक्ति की हत्या धारदार हथियार से कर दी। जहां कुछ ही दिनों पुर्व अड़की थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन ने सूदूरवर्ती गांव वालों को डायन बिसाही कु-प्रथा को लेकर समझाया बुझाया और जागरूक किया साथ ही इस जघन्य कृत्य के प्रति लोगों को सचेत किया वहीं थाना से महज डेढ़ किलोमीटर पर डायन बिसाही से जुड़ा मामले को लेकर वृद्ध की हत्या कर दी गई जो काफी चिंतित करने वाली बात है।मृतक 65 वर्षीय भानु मुंडा उर्फ बोयार मुंडा सेरेंगहातु का रहने वाला था। इस मामले में मृतक के पुत्र ने गांव के ही मदन मुंडा एवं गोंडा मुंडा मरांगडीह निवासी पर हत्या को लेकर नाम जद प्राथमिक की दर्ज कराई है पुलिस ने मदन मुंडा को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले 13 अगस्त को गांव के मारुति मुंडा की मौत तलाक में डूबने से हुई थी एवं उसकी पत्नी की मौत बीमारी की वजह से पिछले शनिवार को हो गई। मृतक के परिजन इन दोनों की मौत का जिम्मेदार भानु मुंडा की पत्नी गुरुवारी देवी को मानते हुए डायन बिसाही टोना टोटका करने का आरोप लगा रहे थे । सूत्रों के अनुसार रविवार की शाम को मृतक भानु मुंडा के घर जाकर मदन मुंडा ने जान से मारने की धमकी दी थी । उस समय घर पर दोनों पति-पत्नी मौजूद नहीं थे। घर में मौजूद उसके नतिनी को धमकाया था । जब दोनों पति-पत्नी घर पहुंचे तो इस बात की जानकारी हुई । रविवार की रात गुरुवारी देवी एवं उसकी नतिनी डर से पड़ोसी के घर में सोने चले गए । घर पर भानु मुंडा अकेला था, आधी रात को अपराधियों ने घर का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुसे, गुरुवारी देवी को नहीं पाकर भानु मुंडा से मारपीट करने लगे डर से जान बचाने वह घर से भाग कर कर अपने भाई के घर में घुस गया । मारपीट एवं हो हल्ला की आवाज सुन मृतक के भाई के परिवार बचने के लिए पहले ही घर से भाग निकले थे । घर खुला होने के कारण भानु मुंडा वहां घुस गया जहां अपराधियों ने बेरहमी से धारदार हथियार से मार कर सर धड़ से अलग कर दिया । डर से अगल-बगल के पड़ोसी भी घर से नहीं निकले । बताया जाता है कि गुरुवारी देवी को पिछले तीन साल से डायन होने का आरोप लगाया जा रहा था। मृतक के तीन पुत्र हैं घटना की रात दो बेटे गांव में मौजूद नहीं थे किसी काम से बाहर गए हुए थे। तीनों पुत्र अपने परिवार के साथ खूंटी तमाड़ रोड के सेरेंगहातु चौक में रहते थे जहां उनकी दुकान है । जबकि मां बाप गांव के अंदर बने घर में रहते थे । मृतक के पुत्र सोमा मुंडा ने बताया कि, रोज सुबह उसके पिता चौक में स्थित दुकान पर आते थे । काफी देर तक जब दुकान नहीं पहुंचे तो पत्नी के साथ घर गए तो उन्होंने देखा कि चाचा के घर पर मृत पड़े हैं । उसने बताया कि डर से दूसरे के घर में सोई मां का भी कुछ पता नहीं है। वह कहां और किस हालत में है। दोपहर ग्रामीणों के साथ थाना पहुंचकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच कर रही है।

विश्व हिन्दू परिषद सिल्ली की मासिक बैठक संपन्न

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): विश्व हिंदू परिषद सिल्ली प्रखंड की मासिक समीक्षा बैठक सिल्ली के राधा माधव आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में सिल्ली प्रखंड के विभिन्न इलाकों में चलाए जा रहे संस्कार शालाओं के कार्यों एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डॉ सुनील कुमार महतो, धर्म जागरण प्रमुख अरुणा पांडे, धर्म प्रवर्तन प्रमुख कंचन सोनार, शिवलाल महतो, संस्कार शाला आचार्य मामुनी देवी, रिंकू देवी, नैना देवी, कौशल्या देवी आदि उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए दो महिला प्रखण्ड प्रमुखों का चयन

अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पंचायती राज विभाग झारखण्ड सरकार द्धारा हैदराबाद में आयोजित एक्सपोजर विजिट एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रांची जिले के दो महिला प्रखण्ड प्रमुखों का चयन किया गया है। इसमें अनगड़ा प्रखण्ड की प्रमुख दीपा उरांव एवं चानहो प्रखण्ड की प्रमुख होलिका देवी शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान इन्हें हैदराबाद में पंचायती राज व्यवस्था के कामकाज एवं विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए इनका चयन होने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे तिलैया सैनिक स्कूल के शिक्षक मनोरंजन पाठक

कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता): 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर झारखंड के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार का सम्मान दिया जाएगा। इसमें एक शिक्षक तिलैया सैनिक स्कूल के मनोरंजन पाठक भी है। बताया जाता है कि मनोरंजन पाठक सैनिक स्कूल तिलैया में कंप्यूटर साइंस के शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो वे बिहार के मधेपुरा जिला का रहने वाले हैं। लेकिन धनबाद में रहकर ही उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि वे शिक्षक के रूप में साल 2002 में सैनिक स्कूल में अपना योगदान दिया था। वर्तमान में वे बतौर सीनियर मास्टर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि वे सैनिक स्कूल के शिक्षक के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार का सम्मान प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के साथ-साथ कोडरमा वासियों के लिए भी गर्व की बात है, चूंकि सात-आठ साल बाद कोडरमा जिले से किसी शिक्षक का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। मनोरंजन पाठक ने अन्य शिक्षकों के लिए संदेश देते हुए बताया कि एक शिक्षक होना हीं अपने आप में एक गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि आज के बच्चे जो कल के भविष्य हैं, उन्हें देश व समाज के आदर्श नागरिक के रूप में तैयार करना एक शिक्षक को आत्मसंतोष प्रदान करता है और इस दिशा में सैनिक स्कूल अपना वखूबी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों को सिर्फ शिक्षा हीं प्रदान नहीं की जाती, बल्कि सर्वांगीण विकास के साथ राष्ट्र सेवा में अपने आप को समर्पित करना भी सीखाता है।

विधायक की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय विभागों की समीक्षा बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, बालविकास परियोजना, कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, पंचायत सेवक व प्रशासन पदाधिकारी के साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा किया गया। वहीं पिछले बैठक में दिये गये टास्क के

बारे मे चर्चा किया कि किन योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है और किन योजनाओं को धरातल पर उतारा जाना है। साथ ही दिये गये टास्को मे कितना पर कारवाई हुआ और कितने मे कारवाई नही हुआ है। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारियों ने बारी बारी से सरकार द्वारा निर्देशित और अपने द्वारा किए जा रहे योजनाओं का ब्यौरा विस्तार से दिया। विधायक ने नरकोपी और बेड़ो के थाना प्रभारी से जनवरी से अब तक क्षेत्र में कितना घटना हुआ और कितने में कारवाई किया गया, इस पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही समय समय पर जगह जगह जहाँ ज्यादे घटना होती है वहां पेट्रोलिंग ज्यादा कराने का निर्देश दिया। विधायक ने सभी विभाग के पदाधिकारियों से सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अपने कार्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार, प्रमुख विनीता कच्छप, उप प्रमुख मोद्दसीर हक, प्रखंड अध्यक्ष करमा, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, संजय कच्छप, सोमरा लोहरा सहिक प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

भारतीय वायु सेना का करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम सीआईटी में संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में 4 सितम्बर को भारतीय वायु सेना के तत्वाधान में एक दिवसीय करियर पब्लिसिटी प्रोग्राम का आयोजन किया गया । जिसमें सीआईटी के अलावे आसपास के उच्च तकनिकी संस्थानों के विद्यार्थी भी भाग लिए । जिसके लिए वेन्यू के रूप में सीआईटी को केंद्र बनाया गया । कार्यक्रम के दौरान इंडियन एयरफोर्स द्वारा कार्यक्रम स्थल पर इंडक्शन व्हीकल एग्जिवीशन का भी आयोजन किया गया । संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रो. इंचार्ज डॉ कैलाशपति दत्ता ने बताया की इस महत्वकांक्षी प्रोग्राम में भारतीय वायु सेना के आगंतुक अधिकारीयों द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना में जॉइनिंग हेतु करियर कॉउंसलिंग, एक्सपर्ट टॉक आदि का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के सभी ब्रांच के विद्यार्थी भाग लिए। जिसको लेकर विद्यार्थियों में उत्साह एवं कौतुहल का माहौल देखा गया।

डीएवी एवं संत माईकल स्कूल में डांस, पेंटिंग एवं कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : भक्ति वेदांत विद्यापीठ गुरुकुल कुटाम के तत्वावधान में सोमवार को मुरी के एम ए डीएवी पब्लिक स्कूल एवं संत माइकल स्कूल में डांस, पेंटिंग एवं कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डीएवी सिल्ली एवं संत माइकल स्कूल मुरी के छात्र छात्राओं ने डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। गुरुकुल कुटाम के असीम कृष्ण दास प्रभु, रांची से आए सुपर्णा एकेडमी ऑफ म्यूजिक की संचालिका सुपर्णा बरुआ ने जज की भूमिका निभाई।

गुरुकुल के असीम कृष्ण दास प्रभु ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में चुने गए प्रतिभागियों को कुटाम के गुरुकुल में चल रहे नौ दिवसीय राधारमण महोत्सव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर आगामी छह सितंबर को झारखंड के राज्यपाल महामहिम सीपी राधाकृष्णन के समक्ष प्रस्तुति का अवसर मिलेगा। सफल प्रतिभागियों को राज्यपाल के हाथों पुरस्कृत भी किया जाएगा।

मांडर प्रखंड स्थित रेफरल हॉस्पिटल का पूर्व मंत्री ने औचक निरीक्षण किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : मांडर प्रखण्ड इस्थित रेफरल अस्पताल का सोमवार को पूर्व मंत्री ओ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की। औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अस्पताल मे भर्ती मरीजों से भी मुलाकात क्या उनकी स्वास्थ्य की जानकारी लिया। साथ ही आसपास में आने वाली समस्याओं को जाना और उन समस्याओं को निदान करने की बात कहा इस मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, नसीम अंसारी शम्सुल हक़ सहित अन्ये लोग उपस्थित रहे।

अशोका में हुई ऑल इंडिया एससी/एसटी /ओबीसी ईम्पलाइ काउंसिल की बैठक

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोका पीट ऑफिस मे ऑल इंडिया एससी/एसटी/ ओबीसी एम्प्लॉय कोऑर्डिनेशन काउंसिल की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता सरजु सिंह और संचालन एसडी राम ने किया।बैठक मे 11 सितम्बर को सीसीएल एनके एरिया के डकरा वीआईपी सभागार मे होनेवाले ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल की सीसीएल स्तरीय बैठक सह सम्मेलन को सफल बनाने और इसमे अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने संगठन के उद्देश्य,आरक्षण, रोस्टर, बैक लोग,प्रमोशन सहित अन्य बातो पर विस्तार से जानकारी दी।साथ ही एससी/एसटी/ओबीसी को जागरूक करने का आहवान किया।बैठक मे सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, पिपरवार अध्यक्ष रतन लाल, सरजू सिंह,एसडी राम,सोमर गंझु,धनेश्वर गंझु,शंभू राम, सहित दर्जनों काउंसिल के सदस्य मौजुद थे।

चिरगालडीह में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

तमाड़ : मरधान पंचायत के चिरगालडीह में स्थित राधारानी मंदिर परिसर में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति तमाड़ की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्व शिक्षक नारायण महतो ने की जबकि संचालन निरंजन महतो ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में खतियान आंदोलनकारी एवं तमाड़ की तेजतर्रार महिलानेत्री दमयंती मुण्डा शामिल हुई। दमयंती मुण्डा ने उपस्थित आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला 2024 तमाड़ विधानसभा तथा झारखंड के लिए राजनीतिक बदलाव का वर्ष होगा क्योंकि खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं 90/10 के नियोजन नीति

के बने बगैर राज्य में विभिन्न विभागों में नियुक्ति प्रक्रिया से क्षेत्र के छात्र, बेरोजगार, नौजवान एवं किसान सभी वर्ग वर्तमान व्यवस्था से त्रस्त हो गए हैं इसलिए बदलाव आवश्यक हो गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के संगठनात्मक विस्तार को गति देने हेतु रणनीति बनाई गई, आगामी अक्टूबर माह बाद तमाड़ विधानसभा में राजनीतिक बदलाव हेतु बृहद संकल्प सभा का आयोजन किया जाना, जिसमें टाईगर जयराम महतो मुख्य अतिथि होंगे जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है, आगामी 17 सितम्बर को ईपीएफ मैदान टाटीसिलवे रांची में आयोजित बदलाव संकल्प सभा में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे के अलावे अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चाएं हुई। आज के बैठक को सफल बनाने एवं व्यवस्थापक के रूप में प्रदीप मुंडा, अरूण महतो, वार्ड सदस्य राजूलाल मुंडा, ललित महतो, सुधीर , सुभाष , दुबराज मुंडा, ईश्वरदयाल , श्यामचंद, सुरेंद्रनाथ, सदानंद पुरान, सुरेश, श्रवण मुंडा, भगीरथ मुंडा, का सराहनीय योगदान रहा बैठक में मुख्य रूप मीनु मुंडा, सिरोमनी मुंडा , दशमी मुंडा, सरमिला मुंडा, सुशीला मुंडा, पुष्पी मुंडा, बुधनी मुंडा, भगीरथ महतो सुरेश महतो, तुलसी महतो, दिलेश्व महतो, जय प्रकाश महतो, विष्णु लोहरा, सुदर्शन महतो शंकर सिंह मुंडा, दुबराज महतो,हलधर मुंडा शामिल हुए।

मगध प्रबधंन और राष्ट्रीय कोयला मजदूर युनियन की हुई बैठक

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ के साथ राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बैठक मगध परियोजना कार्यालय में संपन्न हुई,जिसमें 21 सूत्री मांगों पर चर्चा हुई,जिसमें एक नवंबर को कामगारों को प्रमोशन देने,संडे डयुटी देने, एंबुलेंस देने,इंसेंटिव का भुगतान,एरियर मे संशोधन कर भुगतान करने,आम्रपाली से मगध के लिए ड्यूटी बस देने,बचरा से महाप्रबंधक कार्यालय को हटाकर चमातु में शिफ्ट करने,संवेदनशील पदों पर जमे कर्मियो का टेबल ट्रांसफर करने, डिस्पेंसरी में महिला नर्स और महिला डॉक्टर की पोस्टिंग करने सहित कई मांगों पर चर्चा की गई।बैठक मे युनियन के सीसीएल सचिव ललन प्रसाद सिंह,क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद जहुर,खुर्शीद आलम,प्रेमचंद कुमार, मोहम्मद वसीम,उपेंद्र कुमार सिंह,अशोक कुमार,सुबोध कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक

कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता): समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आत्मा द्वारा संचालित सभी योजनाओं का विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह के द्वारा किसानों को अंतर्राज्यीय प्रशिक्षण, जिला स्तरीय प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, अंतर्राज्यीय परिभ्रमण, कृषक अभिरूची समूह, कृषक पाठशाला आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला स्तरीय कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष किसुन सुण्डी द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया, जिसपर उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिये। उपायुक्त ने किसानों को विभिन्न फसलों के खेतों करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने के साथ साथ अलग अलग जगहों पर किसानों को खेती के तरीके को सीखने के लिए परिभ्रमण कराने की बात कही। उन्होंने सहजन की खेती करने को लेकर स्थल चिन्हित करने को कही। उन्होंने कहा कि किसानों को ऐसे खेती करायें जो भविष्य में जाकर बेहतर आय का स्रोत बने। उन्होंने खकसा, परवल की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को बेहतर व उन्नत बीज दें ताकि किसान अच्छे से खेती कर सके। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत तेलहन एवं दलहन का वार्षिक कार्य योजना का बिंदुवार चर्चा करते हुए सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋषुराज, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम, उप परियोजना निदेशक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला उद्योग केन्द्र कोडरमा से राजीव सिंह एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

राय की काजल कुमारी का जेएससीए अंडर-19 स्टेट क्रिकेट कैम्प के लिए हुआ चयन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कोयलांचल क्षेत्र के राय निवासी और गणेश स्पोटिंग क्लब राय की खिलाड़ी काजल कुमारी का झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन अंडर-19 स्टेट कैम्प के लिए चयन किया गया है।यह कैम्प 5 सितंबर से बोकारो मे आयोजित की गई है।इससे पूर्व काजल कुमारी का बीसीसीआई अंडर-15 झारखंड टीम मे खेल चुकी है।वर्तमान मे काजल कुमारी कस्तूरबा गांधी बुंडू स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा है।काजल कुमारी अम्बेडकर मैदान राय बस्ती खलारी की रहने वाली है।उनके पिता राजेंद्र महतो ट्रक चालक है।काजल कुमारी गणेश स्पोटिंग क्लब राय से खेलकूद प्रशिक्षण प्राप्त कर कड़ी मेहनत के साथ इस मुकाम पर पहुंची है।पंचायत स्तर से राज्य स्तर पर उन्होंने अपनी अलग पहचान बनायी है।काजल के चयन होने पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने काजल को बधाई देते हुए उनके उजवल भविष्य की कामना की है।

रसोई गैस के दाम में 200 की कटौती एक चुनावी स्टंट के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा पहले लूट- अब छुट रसोई गैस के दाम में 200 की कटौती एक चुनावी स्टंट के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन जिला मुख्यालय में किया गया!उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह कोडरमा जिला कांग्रेस प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रही ! धरना कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कांग्रेस प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी ने केंद्र सरकार के जन विरोधी नीति के खिलाफ जमकर हमला बोलते हुए कहीं की मोदी सरकार ने रसोई गैस का दाम

लगातार बढ़कर 31.37 करोड़ लोगों को लूटा है , उन्होंने जनता की जेब से 8.33.640.76 आठ लाख तैतीस हजार छः सौ चालीस करोड रुपये से ज्यादा की लूट की सिर्फ हमारे उज्जवला बहनों से ही2017 से अब तक मोदी जी ने 68.702.76 अडसठ हजार सात सौ दो करोड रुपये से अधिक की लूट किए ।

कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामग्री और पेट्रोल डीजल के दाम और वर्तमान मोदी सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमती लगभग दुगनी हो गई है2013 से 2022 तक वस्तुओं के दाम दोगुनी हो गए , आटा 10 किलो के 210 रुपए से 440 रुपया हो गया , चावल 30 से 36 किलो से 50 से 65 किलो हो गया , फुल क्रीम दूध 39 रुपए से 66 हो गया , देसी घी 300 से 875 हो गया , सरसों तेल 52से 260 हो गया , अरहर दाल 70 से 80 से 160 - 170 रुपया हो गया , रसोई गैस 410 रुपए से 1177 रुपए अब 960 रुपये , पेट्रोल 66 रुपए से 100 हो गया , डीजल 52 से 92 रुपये , रिफाइंड तेल 68 रुपए से 148 रुपये , फली दाना ?60 से135 रुपये , उड़द दाल 64 रुपए से 120 , मूंग दाल 62 रुपए से 130 , मसूर दाल 47 रुपए से 90 , चना दाल 40 से 66 रुपये, जरा 220 से बढ़कर 450हो गया, गेहूं 22 रुपए से 32-36रुपए हो गया विभिन्न साबुनों में 22% की बढ़ोतरी हुआ दवाई में 32% की बढ़ोतरी हुई है, श्री पासवान ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है देश की जीडीपी 8.2 से गिरकर 7.2% हो गया है विदेशी मुद्रा भंडार लगातार काम हो रहे हैं अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलित बिगड़ने से आयात पर निर्भरता तेजी से बढ़ रही है देश पर कुल कर्ज का भार तीन गुना बढ़ चुका है विगत 12 महीना में डॉलर के मुकाबले रुपए का मूल्य 12त्न से ज्यादा गिर चुका है .मोदी राज में विगत एक माह में ही कच्चा तेल2014 की तुलना में 20% कम होने के बावजूद डीजल और पेट्रोल 30 से 40 प्रति लीटर मांगे बेचे जा रहे हैं थोक और खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा तय सीमा से लगातार ऊपर है लेकिन मोदी सरकार का फोकस केवल चंद पूंजी पतियों के मुनाफे पर केंद्रित है। सभा को प्रदेश कांग्रेस सचिव नारायण बरनवाल, बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्रीमती लीलावती मेहता, राजकुमार यादव, लक्ष्मण यादव, कांग्रेस नेता सईद नसीम, उपेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह,अशोक सिंह, मनोज सहाय पिंकू, प्रदेश आमंत्रित सदस्य बेबी सिन्हा, राम लखन पासवान, आशीष पांडे, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, विजय सिंह, राजू सिंह, प्रमोद बरनवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे.

प्रखंड मुख्यालय में दो दिनों से बिजली नहीं

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में पिछले दो दिनों से बिजली नहीं है। शनिवार को दोपहर बाद एक ट्रेक्टर द्वारा प्रखंड मुख्यालय को बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रांसफार्मर के पिलर को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद से ऐसी स्थिति हुई है। विभाग को उसी समय इसकी पूरी जानकारी हो गई है बावजूद समाचार लिखे जाने तक इसे नहीं बनाया जा सका है। नतीजा प्रखंड मुख्यालय एवं प्रखंड कालोनी में बिजली नहीं है कालोनी वासियों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। इस संबंध में विभाग के जेई ने कहा है कि इसको मंगलवार को हर हाल में ठीक करा लिया जाएगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, मंगलवार, 05 सितंबर 2023 | पेज 5

चंद्रशेखर बने रावण दहन समिति छोटा गोविंदपुर के अध्यक्ष

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री श्री वीर कुंवर सिंह मैदान रावण दहन समिति छोटा गोविंदपुर कार्यकारिणी की बैठक ललन शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संस्थापक राधेश्याम सिंह, कमलेश सिंह, व श्याम किशोर सिंह की उपस्थिति में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मत से चंद्रशेखर सिंह को अध्यक्ष, विनय सिंह को सचिव एवं कमलेश सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। मुख्य संरक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संरक्षक ललन शाह, विजय यादव, सुनील सिंह, भारत भूषण सिंह एवं रौशन झा को बनाया गया। सलाहकार समिति में कामेश्वर पांडे, धीरज सिंह, जय नारायण सिंह साधू, सतीश सिंह, चंद्रभूषण सिंह, बुढो दत्ता, जुगनू वर्मा, पवन सिंह, शंकर प्रसाद, रंजन सिंह, रमन झा, संजय मिश्र, विमल झा, आशीष राय व जितेंद्र मिश्रा आदि शामिल हैं।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व 16 को

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): बारीडीह गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में 16 सितंबर शनिवार को सिखों के जीवंत गुरु श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश का 420 वां पर्व परंपरानुसार मनाया जाएगा। स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी दलविंदर कौर देबा की प्रधानगी में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।14 सितंबर गुरुवार को सूर्यखंड पाठ रखा जाएगा और 16 सितंबर को इसका भोग डाला जाएगा। भाई मनप्रीत सिंह का जत्था गुरबाणी कीर्तन इतिहास श्रवण कराएगा।प्रधान कुलविंदर सिंह के अनुसार श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का संपादन पश्चिमी गुरु अर्जुन देव जी ने किया था और 1604 में इसका पहला प्रकाश हुआ। छह गुरुओं, निराकार ब्रह्म के उपासक भक्त कबीर भक्त नामदेव गुरु रविदास गुरु नामदेव के साथ ही 14 भट्ट ब्राह्मण और सूफी संत भाई फरीद जी की वाणी 31 मुख्य रागों में संकलित है। इस बैठक में चेयरमैन सरदार करतार सिंह, महासचिव सुखविंदर सिंह, डिपुटी प्रधान ज्ञानी कुलदीप सिंह, मार्गदर्शक बलविंदर सिंह, सलाहकार अवतार सिंह, साधू सिंह, बलदेव सिंह, काका जी, बीबी बलविंदर कौर एवं अन्य ने अपने विचार रखे।

सड़क दुर्घटना में हुए मृतक के परिजनों को मुखिया ने किया आर्थिक मदद

चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): कराइकेला थाना के सुबानसाई गांव निवासी उमेश तांती का पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसकी मौत की खबर पाकर नकटी के मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई एवं गोपीनाथपुर के मुखिया सिलाई मुंडा मृतक के घर पहुंचे और उसे आर्थिक मदद किया। मौके पर मिथुन गागराई ने कहा कि मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री आवास एवं मृतक के पत्नी को पेंशन समेत अन्य सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण प्रधान, मोटू प्रधान ,मंजूरा गागराई समेत मृतक के परिजन उपस्थित थे।

एक्सएलआरआई ने केस एंड सिमुलेशन कंपीटीशन 2023 में जीता यूएस अवार्ड

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): एक्सएलआरआई को 17 वीं ई-पीएआरसीसी टीचिंग केस और सिमुलेशन कंपीटीशन में यूएस अवार्ड से नवाजा गया है. इस प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिका के सिरैक्यूज यूनिवर्सिटी के मैक्सवेल स्कूल ऑफ सिटीजनशिप एंड पब्लिक अफेयर्स द्वारा आयोजित किया गया था. एक्सएलआरआइ के केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डिपार्टमेंट सेंटर (एक्सएल-सीआरएसडीसी) द्वारा टीचिंग केस स्टडी जीईडब्ल्यूईएल जाम्बिया में लड़कियों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्थायी समाधान शीर्षक पर प्रोफेसर त्रिलोचन त्रिपाठी और बेनुधर साहू द्वारा तैयार रिसर्च को प्रथम स्थान हासिल हुआ. एक्सएलआरआइ की ओर से प्रोफेसर त्रिलोचन त्रिपाठी और बेनुधर साहू द्वारा अंतरराष्ट्रीय विकास में संघर्ष और सहयोग मामले में तैयार किये गये रिसर्च को लेकर यह सम्मान किया गया है. इस मामले में औपचारिक, सर्वसम्मति-उन्मुख, विचार-विमर्श वाली सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रियाओं की गणना की गई, जिन्हें जाम्बिया की महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन की गयी (जीईडब्ल्यूईएल) परियोजना में लागू किया गया था।

करीम सिटी कॉलेज के उर्दू विभाग में डिपार्टमेंटल सेमिनार

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): करीम सिटी कॉलेज के उर्दू स्नातकोत्तर विभाग के तत्वाधान में एक विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ अफसर काजमी ने की और मुख्य अतिथि के रूप से प्रधान परीक्षा नियंत्रक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बी एन त्रिपाठी शामिल हुए। संगोष्ठी का विषय था जकी अनवर- बहैसियत अफसाना निगार। स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर के मोहम्मद आदिल मावरा फैयाज, गज़ाला परवीन एवं गुलफ्शा परवीन ने परचे पढ़े। उर्दू के प्रसिद्ध कहानीकार जकी अनवर की लेखन शैली, उनकी कहानियों के विषय एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए चारों विद्यार्थियों ने अपने सुसज्जित विचार प्रस्तुत किया। चारों विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि डॉ बी एन त्रिपाठी के हाथों प्रमाण पत्र दिए गए।

टाटा स्टील व यूनियन के बीच 20% बोनस पर बनी सहमति

टाटा स्टील में अधिकतम 4,61,019 और न्यूनतम 42,561 रुपये बोनस
11 हजार 676 कर्मियों में बंटेगा 186.51 करोड़ रुपए बोनस राशि 11 सितंबर को कर्मचारियों के खाते में आ जाएगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर में टाटा स्टील और ट्यूब डिवीजन के कर्मचारियों को 20 प्रतिशत बोनस मिलेगा. टाटा वर्कर्स यूनियन नेताओं द्वारा प्रबंधन पर बनाए गए दबाव के बाद प्रबंधन ने 20 फीसदी बोनस देने का फैसला लिया गया है। टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन ने सोमवार को बोनस समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद इसका एलान किया. टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन के साथ सोमवार सुबह 11 बजे एमडी ऑफिस में सालाना बोनस को लेकर यूनियन के साथ वार्ता हुई. इसके बाद इसकी घोषणा की गई. बताया गया है कि बोनस की राशि 11 सितंबर को कर्मचारियों के खाते में आ जाएगी। समझौते के मुताबिक, इस बार 11,676 कर्मचारियों को बोनस मिलेगा. जमशेदपुर के टाटा स्टील और ट्यूब डिवीजन के कर्मचारियों को 186.51 करोड़ रुपए बोनस मिलेंगे. एक कर्मचारी को औसतन 1,59,738 रुपए बोनस मिलेगा. फुल अटेंडेंस वाले एनएस सीरीज के कर्मचारियों को न्यूनतम 42,561 रुपए बोनस मिलेगा. वहीं, एक्चुअल अटेंडेंस वाले एनएस सीरीज के कर्मचारियों को अधिकतम 1,21,718 रुपए बोनस मिलेंगे. ओल्ड सीरिज के कर्मचारियों को अधिकतम 4,61,019 रुपए बोनस मिलेगा।

प्रभात मंत्र के खबर का दिखा असर : वन विभाग ने हाथियों के झुंड को भेजा कुकडु से बंगाल की ओर

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : कुकडू प्रखंड क्षेत्र के कुकडु ,डाटम एवं आस पास गांवों में उत्पात मचाने वाले जंगली हाथियों का झुंड पश्चिम बंगाल की ओर चला गया है। वन विभाग के हाथी भगाओ दस्ता ने जंगली हाथियों के झुंड को वापस सीमावर्ती बंगाल जंगल की ओर भेज दिया है। वन विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पांडरा के रास्ते हाथियों के झुंड को पश्चिम बंगाल की ओर जंगल में पहुंचा दिया गया है. वहीं वन विभाग की ओर से जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए पटाखा और टॉर्च का भी वितरण किया गया. वन विभाग के अधिकारियों ने बेरासी सिरुम के मुखिया मंजीत सिंह मुंडा, लेटेमदा के मुखिया इंद्रजीत सिंह और दारूदा के राधाकृष्ण महतो को टार्च और पटाखा सौंपा. इस दौरान अधिकारियों ने हाथियों से सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए।

वनराज अखाड़ा हनुमान मंदिर के समीप हुआ सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आज नगर विकास एवं आवास विभाग निधि से जमशेदपुर अक्षेस अंतर्गत सोनारी नया लाईन वनराज अखाड़ा हनुमान मंदिर के आस पास करीब 18 लाख रुपए लागत से पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन सौन्दर्यीकरण का भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनु ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री सह पश्चिम विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि गुड्डू गुप्ता, स्थानीय प्रतिनिधि बब्बन शुक्ला ने संयुक्त रूप से शिलन्यास किया। मौके पर भाजपा सोनारी मंडल के उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह यादव, महामंत्री नारायण प्रसाद, समाजसेवी अनिल गुप्ता, मंदिर कमिटी के अशोक जैन, हेमंत कुमार, बंटी शर्मा, राजू, शुकु,पंकज, रमेश प्रसाद साहू संजय मुंडा, कृष्णा यादव, सुजीत आदित्य, दिपक घोष, राहुल भट्टाचार्य, विनोद रजक ,भोला साहू,राजेश साहू,पांडे जी,अन्य सम्मानित गण शामिल थे।

चक्रधरपुर में चल रहे फन वर्ल्ड डिजनीलैंड के समापन में अब कुछ ही दिन बाकी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : चक्रधरपुर स्थित रेलवे हाई स्कूल मैदान में हिन्दुस्तान का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड के समापन में अब कुछ ही दिन बाकी रह गये हैं। फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में उमड़ रही भीड़ यह दर्शाता है कि बच्चों एवं बड़ों दोनों वर्ग के लोगों को यह काफी पसंद आ रहा है। फन वर्ल्ड के संयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों के लिए विशेषकर जो झुले लगाये गये हैं उनमें टोरा-टोरा, सुपर ड्रैगन, हेलीकॉप्टर जैसे झुला उपलब्ध है। इसके साथ ही बड़ों (वयस्क) को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का झूला जो चक्रधरपुर शहर में हमेशा से मांग रही है जहाँ स्टाईल ऑफ मन, ब्रेक डान्स, ड्रेगन ट्रेन, टोरा-टोरा द्वारा लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहें हैं। फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की लगी हैं। इस फन वर्ल्ड में घुमने तथा खरीदारी करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को जायकेदार नास्ते एवं भोजन का रेस्टोरेन्ट भी फन वर्ल्ड (डिजनीलैंड) परिसर में उपलब्ध है।

साकची आम बागान में एक्सपो 13-26 तक, भूमि पूजन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पीआर इंटरप्राइजेज और आशी नेल्स इवेंट्स द्वारा आगामी 13 से 26 सितंबर तक होने वाले एक्सपो का आज आम बागान साकची जमशेदपुर में भूमि पूजन संपन्न हुआ। पंडित श्याम पांडे के द्वारा विश्वकर्मा भगवान के पूजन के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान संयोजक आशीष श्रीवास्तव, विकास सिंह, फिरोज आलम, सोन संजय श्रीवास्तव, सतबीर सिंह (सोमु) उपस्थित थे।मेला संयोजक ने कहा कि शहर और देश में अनेकों मेले लगते हैं लेकिन यह मेला झारखंड में बहुत ही कम समय में अपना विस्तार किया है। भूमि पूजन के साथ ही स्टॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। ट्रेड फेयर में विशिष्ट स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे जो उक्त ट्रेड फेयर के आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

कांग्रेसियों ने साकची आमबगान में दिया धरना, जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे बोले

रसोई गैस के 31.37 करोड़ उपभोक्ताओं के 8.33 लाख करोड रू. मोदी सरकार वापस करे

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राज्यव्यापी धरना कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में साकची स्थित आम बागान मैदान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा के समक्ष जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि एल पी जी गैस के 31.37 करोड़ उपभोक्ता के 8,33,640.76 रुपए को छला गया है। जिसे उपभोक्ताओं को मोदीजी की सरकार से वापस करे तथा पेट्रोल डीजल एवं खाद्य पदार्थ के मुल्य अविलंब कम करें। 2017 से उज्ज्वला बहनों से 68,702.75 करोड रुपए अधिक लुटा गया। गैस में 185 प्रतिशत की बढोत्तरी की गई और दिखावा के लिए 17.5 प्रतिशत कम की गई, जो न्याय संगत नही है। जिसे उपभोक्ताओं को मोदीजी के सरकार की सरकार वापस करे।विगत 9 वर्षों से इंधन में टैक्स लगा कर 30 लाख करोड रुपए से अधिक की मुनाफाखोरी की गई है।मोदीजी की सरकार ने पेट्रोल पर विगत 7 वर्षों में एक्साईज ड्युटी 258 प्रतिशत तक बढ़ा दिया,और डीजल में 820 वृद्धि तक बढ़ाया है।

जिला कांग्रेस कमेटी का समाहरणालय परिसर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : समाहरणालय परिसर पर सोमवार को सरायकेला खरसावां जिला कांग्रेस कमेटी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जिला कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि संगठन के जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार ने धरना कार्यक्रम को संबोधित करते कहा रक्षाबंधन के दिन गैस के दामों में 200 की कटौती करके मोदी सरकार ने माता बहनों समेत देश के 32 करोड़ से अधिक गैस उपभोक्ताओं को छलने का कार्य किया है। राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ?500 में अपने राज्य के उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध करा रही है। एक देश एक चुनाव की बात करने वाली भाजपा देशवासियों को?200 की कटौती करके 960 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। इस अवसर पर जिला कमेटी के उपाध्यक्ष जमाल अशरफ बबन, महासचिव मनमन सिंह, टुकुन भज,नरेश कुमार एवं कुणाल राय, युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष वैजयंती बारी, समरेंद्र नाथ तिवारी ,फूल कांत झा, परमिंदर मिश्रा, मोतीलाल गौड़ ,गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, आदित्यपुर नगर अध्यक्ष राहुल यादव, चांडिल प्रखंड अध्यक्ष राजा राम महतो, कुचाई प्रखंड अध्यक्ष फागु सिंह मुंडा, खरसावा प्रखंड अध्यक्ष सुदाम बोदरा, कपाली नगर अध्यक्ष सानु रहमान सहित काफी संख्या में जिला प्रखंड एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर पहुंची भाजपा नेत्री मालती गिलुवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : सोमवार को चक्रधरपुर के बंगाली एसोसिएशन के द्वारा 45वा रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सदस्य मालती गिलवा ने शिरकत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने अपने विचार व्यक्त की। शहर में बंगाली संगठन के द्वारा एंबुलेंस की सेवा रक्तदान शिविर लगाना ऑक्सीजन सिलेंडर की सेवा नागरिकों को उपलब्ध कराना यह एक काफी सराहनीय कार्य है।

महिला मरीज से छेड़छाड़ करने के आरोप में झोलाछाप डॉक्टर को पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटमदा बस्ती निवासी एक महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में पटमदा बाजार निवासी कथित झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि महिला के पति ने आरोपी डॉक्टर सुनील कुमार के खिलाफ रविवार को उनके घर में इलाज के दौरान छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित शिकायत की थी। घटना रविवार की दोपहर करीब 3 बजे की बताई जाती है। इस संबंध में पटमदा बस्ती निवासी फणीभूषण महतो ने बताया कि आरोपी डॉक्टर ने महिला को घर में अकेली पाकर उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ करते हुए उसे प्रलोभन देकर गलत काम करने का प्रयास किया था।

पिलीद स्टेडियम में पांच दिवसीय कराटे प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में जीनियस क्लासेस कोचिंग संस्थान के तत्वधान से 31 अगस्त से 4 सितंबर तक चल रहा निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन किया गया। यह प्रशिक्षण कराटे खिलाड़ी एवं ट्रेनर सुदेश कुमार महतो के द्वारा दिया गया। सुदेश कुमार महतो ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार के पंच, काता एवं अन्य आत्मरक्षा के गुर सिखाया गया। मौके पर जीनियस क्लासेस कोचिंग के संचालक देवेंद्र नाथ महतो एवं नरेश महतो उपस्थित थे।

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में सरयू राय द्वारा प्रस्तावित निर्माण कार्य के विरोध में मंदिर समिति ने किया उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सूर्य मंदिर परिसर में जमशेदपुर पुर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय के द्वारा छठ घाट तालाब में प्रस्तावित स्विमिंग पूल और शंख मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट और वॉलीवाल कोर्ट निर्माण कार्य के विरोध में सूर्य मंदिर समिति के संग हजारों धर्मप्रेमी जनता सड़क पर उतर आई है। निर्माण कार्य के विरोध में सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान (आम बागान) से प्रारंभ हुए प्रदर्शन में हजारों की संख्या में माताएं-बहनें और साधु-संत शामिल हुए। इस दौरान मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के संग तमाम पदाधिकारी, सदस्यगण एवं सनातन प्रेमियों ने नेताजी सुभाष मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि जमशेदपुर के प्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल सूर्यधाम परिसर को क्रीड़ा स्थल में तब्दील करने की गहरी साजिश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने विधायक निधि से सूर्यधाम के छठ घाट तालाब में स्विमिंग पुल और परिसर के शंख मैदान में बास्केटबॉल कोर्ट और कबड्डी कोर्ट बनाने की अनुशंसा की है। ज्ञापन में समाज के व्यापक हित में सूर्यधाम परिसर को क्रीड़ा स्थल बनाने की विधायक की अनुशंसा पर तुरंत रोक लगाए जाने की मांग की गई।उपायुक्त कार्यालय पर मीडिया को संबोधित करते हुए संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने विधायक सरयू राय के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधायक सरयू राय अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महासचिव अखिलेश चौधरी, पूर्व अध्यक्ष संजीव सिंह, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, प्रेम झा, कृष्णमोहन सिंह, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, प्रमोद मिश्रा, मिथिलेश सिंह यादव, रामबाबु तिवारी, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, पवन अग्रवाल, टुनटुन सिंह, समेत हजारों धर्मप्रेमी शामिल रहे।

सिनेमा के जरिए बच्चों को शिक्षित करने की अनोखी पहल

टांगराईन में शुरू होगा सिनेमा इन स्कूल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सरकारी विद्यालयों में नवाचार के लिए चर्चित पोटका स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन में अब सिनेमा के जरिए भी बच्चों को शिक्षित किया जाएगा।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने बताया कि सिनेमा व नाटक सशक्त माध्यम है ,जिससे बच्चों को शिक्षित एवं प्रोत्साहित किया जा सकता है। तीन-चार स्वयंसेवी संस्थाओं से अलग-अलग बातचीत चल रही है, जिनके सहयोग से टांगराईन स्कूल में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा।साइंस फॉर सोसायटी, झारखंड एवं वैज्ञानिक चेतना साइंस वेब पोर्टल जमशेदपुर, झारखंड की ओर से आगामी 9 सितंबर को झारखंड साइंस फिल्म क्लब का उदघाटन तथा ओपनिंग फिल्म स्क्रीनिंग सह लोगो लॉन्चिंग का कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम साइंस फार सोसायटी के डीएनएस आनंद की पहल पर टांगराईन में शुरू होगा। इसके अलावा नबारुण प्रकाशन के संजय जोशी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम सिनेमा इन स्कूल को भी विद्यालय में क्रियान्वित किया जाएगा। इस संबंध में संजय जोशी ने सहमति भी दे दी है।अरविंद तिवारी ने बताया कि कोलकाता के युवा निर्देशक देवगोपाल मंडल भी विद्यालय में सिनेमा के जरिए बच्चों को शिक्षित करने की योजना को सहमति प्रदान कर चुके हैं।विद्यालय में पहले से ही नाटक का प्रशिक्षण पथ के मोहम्मद निजाम, छवि दास,रूपेश आर्यन तथा वरिष्ठ रंगकर्मी रविकांत मिश्रा, गौतम गोप ,रामचंद्र मार्डी एवं विक्रम झा आदि के सहयोग से चलाया जा रहा है।

संपादकीय

उच्च शिक्षा की कसौटी पर

औचित्य और अनुचित के बीच यूं तो महीन सा फर्क भी काफी सताता है, फिर भी सियासत के छबील अपनी खुशामद में संसाधनों की बेकद्री करते रहते हैं। हिमाचल में औचित्य को साबित किए बिना राजनीति ने ऐसी प्रतिस्पर्धा खड़ी कर दी कि लगातार सरकारों ने प्रदेश के सिर पर ऐसी विफलताओं की परिभाषा को स्थायी स्वरूप दे दिया। ऐसे में अनुचित की दुरुस्ती को यहां अपराध मान लिया या औचित्यहीनता के समानांतर ऐसे अनेक फलसफे चुन लिए। ताजातरीन उदाहरण मंडी में स्थापित किए गए एसपीयू विश्वविद्यालय के औचित्य को लेकर सामने आ रहा है, जहां उच्च शिक्षा के प्रबंधन की उचित कसौटी तय हो रही है। जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उससे स्थापित शिक्षण की परंपराएं भी चकित थीं। उस दौर की प्राथमिकता में नए विश्वविद्यालय को दौड़ाने की हर संभव कोशिश हुई और शिक्षा अपने बंटवारे की सतह पर हतप्रभ थी। चंद दिनों की मुनादी ने शिमला विश्वविद्यालय के अस्तित्व को इतना हलाल किया कि प्रदेश के कई बड़े महाविद्यालय भी चीख उठे। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ। जब हमीरपुर में तकनीकी विश्वविद्यालय बना, तो प्रदेश के इंजीनियरिंग व बीएड कालेज उखड़ रहे थे। जब मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी बन रही थी, तो अधिकांश सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय उचित फैकल्टी के लिए तरस रहे थे। यह तो गनीमत है कि संस्कृत और डिजीटल विश्वविद्यालयों की खेप उतरी नहीं, वरना हिमाचल का किरदार तो आकाश में झंडों की तरह सिर्फ हवा के दम पर फहराना चाहता है। बहरहाल मंडी विश्वविद्यालय को ऐसी सीमा रेखा पर खड़ा किया जा रहा है, जिसे आगे सिर्फ तीन जिलों की शिक्षा की अमानत मिलेगी। भविष्य में मंडी, कुल्लू व लाहुल-स्पीति के कालेज ही इस विश्वविद्यालय के औचित्य को सिद्ध करेंगे। इसे हम अनुचित का सही करार मानें या औचित्य के हिसाब से देखें, लेकिन कुछ तर्क हमेशा ऐसे फैसलों के पक्ष तो कुछ विपरीत खड़े रहते हैं। जाहिर है मंडी विश्वविद्यालय को परिपक्वता हासिल करने के लिए कुछ समय लगेगा और इसी के साथ शिमला विश्वविद्यालय के पास अपने अतीत के संदर्भों को गांठने का अवसर रहेगा। शिमला बनाम मंडी विश्वविद्यालयों की होड़ ने सत्ता का नजरिया और शिक्षा के प्रति गंभीरता का आकलन किया है। शिमला विश्वविद्यालय से मंडी विश्वविद्यालय की उत्पत्ति से करीब चार दशक पूर्व ही धर्मशाला में विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र स्थापित हो चुका था, लेकिन इस संस्थान को राजनीति निगल गई। इसी तरह धर्मशाला में आया केंद्रीय विश्वविद्यालय राजनीतिक हिस्सेदारी में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अपनी हद मुकर्रर करता रहा। जदरांगल की प्रस्तावित जमीन के बदले राज्य सरकार को तीस करोड़ जमा कराने हैं, लेकिन शिक्षा की दीवारों पर इसके हक में पोस्टर नहीं लगे। यह दीगर है कि दो या इससे कम संख्या वाले 117 प्राथमिक व 26 मिडल स्कूल सरकार को बंद करने पड़े हैं। अभी कई संस्थान डिनोटिफाई होकर अपने औचित्य की जंग लड़ रहे हैं। हिमाचल का राजनीतिक इतिहास हमें बार-बार सचेत कर रहा है कि औचित्यहीन फैसलों के कारण प्रदेश ने अपने आर्थिक संबल तोड़ डाले हैं। कितने ही औचित्यहीन स्कूल, कालेज, चिकित्सालय, दफ्तर तथा सरकारी उपक्रम संसाधनों की बर्बादी के चिडियाघर बने हुए हैं, जहां जनता सिर्फ सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की तरक्की में राज्य की लाचारी का तमाशा देख रही होती है। हम भी इस लाचारी का तमाशा बन जाते हैं जब तथाकथित स्नातकोत्तर कालेजों में शिक्षा ग्रहण करके भी योग्यता के बाजार में असफल होते हैं। हमारे चिकित्सा संस्थान तो जिंदगी से बेरहम सौदेबाजी में हर मरीज को तमाशा बना देते हैं और जब पीजीआई चंडीगढ़ के डाक्टर पूछते हैं कि हिमाचल का चिकित्सा विभाग हर दिन मरीजों को रैफर करके आखिर क्या कर रहा है, तो यह प्रदेश का तमाशा है। आखिर हम बतौर राज्य कर क्या रहे और कहां है हमारा औचित्य। इसलिए अगर सुक्खू सरकार मंडी विश्वविद्यालय में अनुचित देख रही है, तो इसी धार पर अन्य विश्वविद्यालयों या उच्च शिक्षण संस्थानों के औचित्य पर पूरी ईमानदारी से और भी फैसले लेने होंगे, वरना कल कोई और आकर किसी अन्य संस्थान के औचित्य को गौण कर देगा।

हिमाचल में औचित्य को साबित किए बिना राजनीति ने ऐसी प्रतिस्पर्धा खड़ी कर दी कि लगातार सरकारों ने प्रदेश के सिर पर ऐसी विफलताओं की परिभाषा को स्थायी स्वरूप दे दिया। ऐसे में अनुचित की दुरुस्ती को यहां अपराध मान लिया या औचित्यहीनता के समानांतर ऐसे अनेक फलसफे चुन लिए। ताजातरीन उदाहरण मंडी में स्थापित किए गए एसपीयू विश्वविद्यालय के औचित्य को लेकर सामने आ रहा है, जहां उच्च शिक्षा के प्रबंधन की उचित कसौटी तय हो रही है। जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी, उससे स्थापित शिक्षण की परंपराएं भी चकित थीं। उस दौर की प्राथमिकता में नए विश्वविद्यालय को दौड़ाने की हर संभव कोशिश हुई और शिक्षा अपने बंटवारे की सतह पर हतप्रभ थी। चंद दिनों की मुनादी ने शिमला विश्वविद्यालय के अस्तित्व को इतना हलाल किया कि प्रदेश के कई बड़े महाविद्यालय भी चीख उठे। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ। जब हमीरपुर में तकनीकी विश्वविद्यालय बना, तो प्रदेश के इंजीनियरिंग व बीएड कालेज उखड़ रहे थे। जब मंडी में मेडिकल यूनिवर्सिटी बन रही थी, तो अधिकांश सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय उचित फैकल्टी के लिए तरस रहे थे।

कुछ अलग

संसद का 'मास्टर स्ट्रोक' सत्र

संसद का मानसून सत्र 11 अगस्त को ही स्थगित किया गया था। उसके 38 दिन बाद ही मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, तो यह 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हो सकता है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 18-22 सितंबर के 5 दिनों में संसद के विशेष सत्र की घोषणा की है, लेकिन एजेंडे का खुलासा नहीं किया है। यह असामान्य कार्यशैली है, क्योंकि स्पीकर के साथ कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान सरकार को संसद सत्र के एजेंडे का खुलासा करना होता है। यही प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक सोच है। विशेष सत्र 17वीं लोकसभा का निर्णायक, अंतिम सत्र भी हो सकता है। इसके मद्देनजर, यदि 'एक देश, एक चुनाव' का बिल पारित भी किया जाता है, तो वह एकदम पूरे देश पर लागू नहीं किया जा सकता, क्योंकि कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव बीते कुछ माह के दौरान ही हुए हैं अथवा उन्होंने अपने कार्यकाल का प्रथम वर्ष ही पूरा किया है। क्या संसद से विधानसभाओं की अवधि बढ़ाने या घटाने का संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव भी पारित कराया जा सकता है? हालांकि चर्चाएं हैं कि सरकार महिला आरक्षण, समान नागरिक संहिता, एक देश एक चुनाव, आरक्षण के प्रावधान की ओबीसी की केंद्रीय सूची आदि पर नए विधेयक पेश और पारित करा सकती है। लोकसभा में महिलाओं के लिए 180 सीटें आरक्षित या बढ़ाई जा सकती हैं। मोदी सरकार ऐसा महिला आरक्षण तय करना चाहती है। अधिकतर प्रस्तावित बिलों के मद्देनजर संविधान में संशोधन करने पड़ेंगे, जिनके लिए कमोबेश दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत अनिवार्य होगा। संविधान संशोधन के कुछ और प्रस्ताव भी संभव हैं। 'चंद्रयान-3' भारत की बहुत बड़ी अंतरिक्ष और वैश्विक वैज्ञानिक उपलब्धि है। संसद हमारे होनहार और अनुभवी वैज्ञानिकों की ऐसी सफलता पर एक प्रस्ताव ला सकती है। भारत की 76 साल की स्वतंत्रता के दौरान जी-20 देशों की अध्यक्षता करना और शिखर सम्मेलन आयोजित करना भी अभूतपूर्व उपलब्धि है। संसद उस पर भी तालियां बजा कर प्रस्ताव पारित कर सकती है। यदि मोदी सरकार 'एक देश, एक चुनाव' का विधेयक पेश करती है, तो यह व्यापक राजनीतिक उथल-पुथल का निर्णय होगा। देश की राजनीति ही बदल सकती है, क्योंकि विपक्षी गठबंधन तो फिलहाल शैशव-काल में है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ कराना कोई नई व्यवस्था नहीं है। 1950 में संविधान लागू हुआ और 1952 में प्रथम चुनाव कराए गए। 1952, 1957, 1962, 1967 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी कराए जाते रहे। चूंकि 1968 में विधानसभाएं समय-पूर्व भंग की जाने लगीं और 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के कारण लोकसभा चुनाव तय समय से पहले कराए गए, नतीजतन व्यवस्था असंतुलित होती गई। हालांकि ओडिशा में आज भी दोनों चुनाव साथ-साथ और सफलता से कराए जाते हैं।

भारत के नेतृत्व पर संतोष प्रकट करते हुए उन्होंने भारत के प्रति अपने अच्छे विचार प्रकट किए हैं

वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है भारत का प्रभाव

प्रह्लाद सबनानी

भारतीय नागरिकों के बीच किए गए इस ओपिनियन पोल में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि अधिकतर भारतीयों का प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास बना हुआ है और ओपिनियन पोल में शामिल नागरिक वैश्विक स्तर पर भारत की विदेश नीति पर अपना विश्वास प्रकट करते हैं। उत्तर देने वाले 68 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रभावकारी बन गया है, जबकि 19 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि इस संदर्भ में स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और केवल 13 प्रतिशत नागरिकों का कहना है स्थितियां पूर्व की तुलना में बिगड़ गई हैं।

अभी हाल ही में 'प्यू रिसर्च सेंटर' नामक एक रिसर्च संस्था द्वारा जी-20 समूह के 24 देशों में, फरवरी 2023 से मई 2023 के बीच, एक ओपिनियन पोल यह जानने के लिए किया गया है कि जी-20 समूह के सदस्य देशों पर भारत का प्रभाव किस प्रकार का है अथवा जी-20 समूह के सदस्य देशों के नागरिक भारत के बारे में किस प्रकार की राय रखते है। भारतीय नागरिकों के बीच किए गए इस ओपिनियन पोल में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि अधिकतर भारतीयों का प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास बना हुआ है और ओपिनियन पोल में शामिल नागरिक वैश्विक स्तर पर भारत की विदेश नीति पर अपना विश्वास प्रकट करते हैं। उत्तर देने वाले 68 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रभावकारी बन गया है, जबकि 19 प्रतिशत भारतीयों का कहना है कि इस संदर्भ में स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और केवल 13 प्रतिशत नागरिकों का कहना है स्थितियां पूर्व की तुलना में बिगड़ गई हैं। इसी प्रकार, भारत के वैश्विक स्तर पर नेतृत्व के सम्बंध में 79 प्रतिशत लोगों ने इसे देश के लिए हितकारी एवं 55 प्रतिशत लोगों ने अत्यधिक हितकारी बताया है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व बहुत प्रभावकारी तरीके से कर रहे हैं। यह ओपिनियन पोल ऐसे समय पर आया है जब भारत जी-20 समूह की अध्यक्षता कर रहा है एवं वर्तमान में इस समूह की नीतियों के पालन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नवम्बर 2022 से नवम्बर 2023 के एक वर्ष के खंडकाल के दौरान जी-20 समूह के देशों की 200 से अधिक बैठकों का आयोजन भारत में किया जाना है एवं इसी कड़ी में 9-10 सितम्बर 2023 को जी-20 समूह के देशों के राष्ट्राध्यक्षों की दो दिवसीय बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।

इसी प्रकार, विश्व के अन्य देशों के नागरिकों की राय भी भारत के हित में दिखाई दे रही है। उक्त ओपिनियन पोल में शामिल अन्य देशों के लगभग 46 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के नेतृत्व पर संतोष प्रकट करते हुए उन्होंने भारत के प्रति अपने अच्छे विचार प्रकट किए हैं। जबकि 34 प्रतिशत नागरिकों ने भारत की नीतियों के प्रति असंतोष प्रकट किया है और लगभग 16 प्रतिशत नागरिकों ने अपनी राय प्रकट नहीं की है। इस ओपिनियन पोल में 24 देशों के 30,861 नागरिकों की राय ली गई है। इस पोल में

भारत से 2,611 नागरिकों से राय ली गई है। हालांकि, जी-20 समूह की देशों की कुल जनसंख्या 470 करोड़ है। रूस, चीन एवं तुर्केय ने इस ओपिनियन पोल में भाग नहीं लिया है।

दूसरा प्रश्न जो उक्त ओपिनियन पोल में पूछा गया है वह यह है कि क्या वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है। 68 प्रतिशत भारतीयों ने कहा है कि हां, भारत का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ा है, जबकि अन्य देशों के केवल 28 प्रतिशत नागरिकों ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है। तीसरा प्रश्न था कि क्या आप भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का समर्थन करते हैं। 79 प्रतिशत भारतीयों ने कहा है कि हां, जबकि अन्य देशों के 37 प्रतिशत नागरिकों ने श्री मोदी की नीतियों का समर्थन किया है।

हाल ही के समय में भारत ने रूस यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में नाटो समूह के सदस्य देशों की नीतियों का समर्थन नहीं करते हुए इस युद्ध में अपनी तटस्थ भूमिका निभाई है। भारत के इस रूख के चलते पश्चिमी देश भारत की नीतियों से नाराज दिखाई दे रहे हैं। इस युद्ध के बाद यूरोप के देशों में विशेष रूप से खाद्यान पदार्थ एवं ऊर्जा बहुत मंहगी हो गई है, जो इन देशों को यूक्रेन एवं रूस से मिलते रहे हैं, इसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की दर पिछले 50 वर्षों में सबसे अधिक हो गई है। इन देशों के नागरिकों की इस सम्बंध में नाराजगी भारत पर निकलती दिखाई दे रही है। क्योंकि, यूरोप के 10 देशों में से 3 देशों के नागरिकों ने भारत की नीतियों को निशाने पर लिया है। फ्रान्स में वर्ष 2007 में किए गए इसी प्रकार के एक पोल में 29 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के सम्बंध में अपनी नकारात्मक टिप्पणी की थी जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या बढ़कर 39 प्रतिशत हो गई है। स्पेन में भी वर्ष 2007 में 34 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के प्रति अपने नकारात्मक विचार प्रकट किये थे जो वर्ष 2023 में बढ़कर 49 प्रतिशत हो गए हैं। जर्मनी में भी यह आंकड़ा वर्ष 2007 के 29 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 38 प्रतिशत हो गया है। यूनाइटेड किंगडम में वर्ष 2007 के 9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 30 प्रतिशत हो गया है एवं पोलैंड में वर्ष 2007 के 24 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023 में 34 प्रतिशत हो गया है।

वैश्विक पटल पर भारत के एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने को कुछ पश्चिमी देश पचा नहीं पा रहे हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत ने वर्ष 2014 के बाद से इन्हीं पश्चिमी देशों को सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पीछे छोड़ा है। इस सम्बंध में वर्ष 2014 के पूर्व भारत का वैश्विक स्तर पर 10वां स्थान था जो और भारत, यूनाइटेड किंगडम, फ्रान्स, इटली, कनाडा, आदि देशों की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए अब 5वें स्थान पर आ गया है। अब भारत, जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी अगले लगभग 2 वर्षों में पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। साथ ही, उक्त यूरोपीयन देश औपनिवेशवाद की मानसिकता से अभी भी बाहर नहीं आ पा रहे हैं कि भारत जो कि यूनाइटेड किंगडम का उपनिवेश देश रहा है वह कैसे ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर उनसे आगे बढ़ रहा है।

इसी प्रकार लैटिन अमेरिकी देशों में भी भारत के प्रति कुछ नाराजगी, हालांकि तुलनात्मक रूप से कुछ कम स्तर पर, पाई गई है। मेक्सिको में 33 प्रतिशत नागरिकों, ब्राजील में 43 प्रतिशत नागरिकों एवं अर्जेंटीना में 34 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के प्रति नकारात्मक टिप्पणी की है। आश्चर्यजनक रूप से दक्षिणी अफ्रीका में 51 प्रतिशत नागरिकों ने भारत के प्रति असंतोष व्यक्त किया है। जबकि ब्राजील एवं दक्षिणी अफ्रीका भारत के साथ 'ब्रिक्स' समूह के सदस्य देश भी हैं। अर्जेंटीना भी अगले वर्ष ब्रिक्स समूह का सदस्य बनने जा रहा है। भारत के यह समस्त देश मित्र देशों की सूची में अग्रणी रहे हैं एवं दक्षिणी अफ्रीका से हो भारत के एतिहासिक सम्बंध रहे हैं।

हालांकि उक्त ओपिनियन पोल बहुत कम नागरिकों को शामिल करते हुए किया गया हैं परंतु कुछ आभास तो दिला ही रहा है और इससे कुछ सीखने की आवश्यकता भी है। अतः भारत को इन देशों के साथ अपने सम्बंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने की जरूरत है।

चिकित्सा विज्ञान की खूबियां-खामियां

चिकित्सा विज्ञान मानता है कि हमारा शरीर एक सुपर कंप्यूटर है और अस्सी प्रतिशत बीमारियों को ये खुद ही ठीक कर सकता है, बिना किसी दवाई के। वस्तुतः आयुर्वेद तो यह भी कहता है, और जिसे अनुभव ने सिद्ध भी किया है, कि आम बुखार और सिरदर्द जैसी बीमारियां, जिन्हें हम बीमारी मानते हैं, बीमारी हैं ही नहीं बल्कि ये शरीर की किसी अन्य खराबी का संदेश देते हैं। ये सिर्फ संदेशवाहक हैं और दवाई लेकर हम इन संदेशवाहकों को चुप करवा देते हैं, उनका संदेश सुनते ही नहीं और असल रोग ठीक होने के बजाय अंदर ही अंदर पनपता चलता है जो बाद में कहीं ज्यादा कष्टप्रद रोग के रूप में सामने आता है।
चिकित्सा विज्ञान यह मानता है कि बुखार को यदि बर्दाश्त करके खाने-पीने में उचित परहेज कर लिया जाए तो बुखार दो-तीन दिन में खुद ही ठीक हो जाता है और बुखार के कारण शरीर के अंदर जमा गंदगी को बाहर निकलने का रास्ता मिल जाता है, जिससे हम आने वाली बड़ी कठिनाई से मुक्ति पा लेते हैं।

आधुनिक समय में चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति की है और तकनीक तथा अनुभव के मेल से चिकित्सा जगत से जुड़े लोग लाखों-करोड़ों मरीजों को जीवनदान दे रहे हैं। चिकित्सा जगत के शोध हमें नई राह दिखाते हैं और जीवन कुछ और आसान हो जाता है। आइए, चिकित्सा विज्ञान में हुए शोध की कुछ मुख्य बातों को समझने की कोशिश करते हैं। चिकित्सा विज्ञान मानता है कि हमारा शरीर एक सुपर कंप्यूटर है और अस्सी प्रतिशत बीमारियों को ये खुद ही ठीक कर सकता है, बिना किसी दवाई के। वस्तुतः आयुर्वेद तो यह भी कहता है, और जिसे अनुभव ने सिद्ध भी किया है, कि आम बुखार और सिरदर्द जैसी बीमारियां, जिन्हें हम बीमारी मानते हैं, बीमारी हैं ही नहीं बल्कि ये शरीर की किसी अन्य खराबी का संदेश देते हैं। ये सिर्फ संदेशवाहक हैं और दवाई लेकर हम इन संदेशवाहकों को चुप करवा देते हैं, उनका संदेश सुनते ही नहीं और असल रोग ठीक होने के बजाय अंदर ही अंदर पनपता चलता है जो बाद में कहीं ज्यादा कष्टप्रद रोग के रूप में सामने आता है। चिकित्सा विज्ञान यह मानता है कि बुखार को यदि बर्दाश्त करके खाने-पीने में उचित परहेज कर लिया जाए तो बुखार दो-तीन दिन में खुद ही ठीक हो जाता है और बुखार के कारण शरीर के अंदर जमा गंदगी को बाहर निकलने का रास्ता मिल जाता है, जिससे हम आने वाली बड़ी कठिनाई से मुक्ति पा लेते हैं।

चिकित्सा विज्ञान यह भी स्वीकार करता है कि अस्सी प्रतिशत बीमारियां ऐसी हैं जिन्हें विज्ञान सेल्फ लिमिटिंग डिसीजिज मानता है, यानी ये बीमारियां ऐसी हैं जो ज्यादा बिगड़ती नहीं हैं, अतः इनके इलाज के लिए दवाई की नहीं बल्कि धीरज, आराम और परहेज की जरूरत होती है। दवाई लेकर तो हम दरअसल बीमारी को और बढ़ाते हैं क्योंकि दवाई से बुखार दब जाता है और शरीर को अपनी सफाई का मौका नहीं मिल पाता। चिकित्सा विज्ञान की सबसे बड़ी उपलब्धि यह स्वीकार करना है कि अस्सी प्रतिशत बीमारियों का कारण हमारी भावनाओं से जुड़ा है। बचपन में या बाद में कभी भी निरंतर अपमान सहने, मारपीट सहने, चिढ़ाए जाने आदि के बाद उसका प्रतिकार न कर पाने के कारण अगर हम खुद को बेबस पायें तो हमारे मन को जो चोट लगती है वह हमारे अवचेतन मन में गहरे बैठ जाती है और उससे उपजी आत्मग्लानि, जीवन में किसी न किसी रोग के रूप में सामने आती है। लेकिन यही शोध चिकित्सा विज्ञान की एक बड़ी असफलता की ओर भी इशारा करता है। चिकित्सा विज्ञान की कोई भी प्रणाली भावनात्मक घावों को समझने और ठीक कर पाने में पूरी तरह से असमर्थ है। दावा चाहे कुछ भी किया जाए, एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद या विश्व में प्रचलित अन्य वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियां, कोई भी प्रणाली सिर्फ शरीर के इलाज तक ही सीमित है। उच्च शिक्षित मनोचिकित्सक भी मन में छुपे घावों का सही इलाज कर ही पायें, इसकी कोई गारंटी नहीं है। यही वह मुकाम है जहां आकर हमें आध्यात्मिक उपचार की महत्ता समझ में आती है, पर हम आध्यात्मिक उपचार की बात करें, उससे पहले चिकित्सा विज्ञान की कुछ और मान्यताओं पर भी बात कर लेना उपयोगी होगा। हम जानते ही हैं कि हमारी भावनाओं का हमारी सेहत से गहरा रिश्ता है, और प्रयोगों से यह सिद्ध हो चुका है कि प्लैसीबो इफैक्ट भी दवाई की तरह काम करता है, यानी, अगर किसी रोगी को यह कहा जाए कि उसे दवाई दी जा रही है और दवाई की जगह सादा पानी, चीनी या नमक, या कुछ भी ऐसा दे दिया जाए, तो भी रोगी इस तसल्ली से ही ठीक होना शुरू हो जाता है कि उसे रोग की दवाई मिल गई। इसी तरह यह भी सिद्ध हो चुका है कि यदि रोगी के आसपास के वातावरण को खुशनुमा बना दिया जाए, रोगी के मन में आशा का संचार किया जाए, तो बहुत संभव है कि रोगी अपने किसी अत्यंत गंभीर रोग से भी उबर जाए, जल्दी ठीक होना शुरू हो जाए, तेजी से ठीक होना शुरू हो जाए, या उसकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाए और वह डाक्टरों की उम्मीद से कहीं ज्यादा लंबा जीवन जीने के काबिल हो जाए। इसके विपरीत यदि किसी रोगी को डाक्टर ये बताए कि उसका रोग इतना गंभीर है कि वह कुछ ही महीनों का मेहमान है, तो यह बाकायदा संभव है कि उसकी मानसिक निराशा के कारण उसकी शारीरिक हालत और बिगड़ जाए और वह रोगी अपने समय से बहुत पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाए। एक बड़ा सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की अब तक की प्रगति के बावजूद, यह स्वयंसिद्ध है कि चिकित्सा की कोई एक प्रणाली शत-प्रतिशत सफल नहीं है, अतः किसी डाक्टर, वैद्य, हकीम, प्राकृतिक चिकित्सक या वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली से जुड़े चिकित्सक को एक से अधिक चिकित्सा प्रणालियों में महारत हासिल है तो रोगी को उससे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना सबसे ज्यादा है, और यदि इनमें से कोई भी आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली का भी पोषक हो तो उसकी महारत का स्तर कई गुणा बढ़ जाता है। कारण यह है कि चिकित्सा विज्ञान की पहुंच सिर्फ शरीर तक है जबकि अधिकांश बीमारियों का कारण मानसिक है और एक सीमा के बाद पारंपरिक मनोचिकित्सक भी बेबस हो जाते हैं, लेकिन अगर उनकी शिक्षा के साथ आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली का ज्ञान भी शामिल हो जाए तो सोने पर सुहागा जैसी स्थिति हो जाती है क्योंकि पारंपरिक चिकित्सा शिक्षा शरीर की कार्यप्रणाली की जानकारी देती है और आध्यात्मिक चिकित्सा प्रणाली एक चिकित्सक के लिए रोगी के अवचेतन मन का दरवाजा खोल देती है।

दृष्टिकोण

अच्छे शिक्षक ही देश के निर्माता हैं

अध्यापकों का हमारी जिंदगी में बहुत महत्व होता है। अध्यापक ही देश का निर्माता कहा जाता है। समाज में बदलाव, विकास में प्रगति, चंद्रयान-3 को चांद की कक्षा में पहुंचाने और वहां उतारने की इच्छा शक्ति, अच्छा जीवन जीने की कला, शांति, मैत्री, बंधुत्व विश्व में अच्छे शिक्षकों द्वारा ही संभव हो सका है। शिक्षक के मायने जो बच्चों को सिखा सके, समाज को नेतृत्व दे सके। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉक्टर कलाम ऐसे शिक्षक राष्ट्रपति हुए हैं जिन्होंने देश को सीखने व जल्द विकसित होने की भूख पैदा की है। जवान भारत में लाखों विद्यार्थी ऐसे अच्छे अध्यपकों का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं। शिक्षक के दायरे में केवल बच्चों को किताबी ज्ञान बांटना या फिर सीखने के प्रतिफल को कक्षा कक्ष में उतारना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में जीवन कौशलों का विकास करते हुए उन्हें आधुनिक जीवन के संघर्ष से अवगत कराना, नशे से बचाना भी शामिल है। अध्यापक दिवस पर अध्यापकों से नई उभरती हुई अपेक्षाएं व चिंताएं भी हैं। नई शिक्षा नीति, नई पाठ्यचर्या एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकास तुरंत व महत्वपूर्ण ध्यान चाहते हैं। यह उदारीकरण, निजीकरण, भूमंडलीकरण, विश्व व्यापार संगठन, सूचना एवं संचार तकनीकी, नव शैक्षिक प्रयोग, खुली अधिगम प्रणाली, जीवन कौशलों का विकास आदि विशेषताएं शिक्षकों में विशेष तौर पर अपेक्षित रहेंगी। इसके अतिरिक्त धर्म की शिक्षा, भाषाओं का ज्ञान, मूल्य शिक्षा व इनकी समझ भी अध्यापकों में होना लाजिमी है। अध्यापकों एवं उनके उन्मुखीकरण पर मूल्यवान अनुसंधान किए गए हैं। यह अध्यापकों के विकास के लिए प्रदेश एवं देश के संदर्भ में सहायक सिद्ध हो सकते हैं, बशर्ते यह प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हों। किसी भी देश के अध्यापक तथा वहां की शिक्षा नीति पर यह निर्भर करता है कि उस देश का विकास मानव विकास में परिवर्तित हो और विद्यालय ही एक ऐसी जगह है जहां से यह संभव है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अध्यापकों के मानकों को बढ़ाने एवं वर्तमान स्थिति में परिवर्तन की कल्पना करती है। शिक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे पढने व लेक्चर देने के बजाय फैसिलिटेटर और मैंटर के रूप में कार्य करें। अध्यापक कक्षा कक्ष में इस तरह से सिखाएं कि बच्चों के बीच रचनात्मकता, जिज्ञासा, ज्ञान व सूचना की भूख बढ़े। शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रचार व प्रसार एवं बच्चों में इसकी लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों से यह अपेक्षा है कि वे डिजिटल रूप से भी साक्षर हों। विद्यालय में अध्यापकों की दिनचर्या बच्चों के साथ इस तरह से हो जिसमें उनके संज्ञानात्मक, भावनात्मक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास एवं कल्याण विकसित हो सके और अध्यापक बच्चों के अंदर एक समग्र विकास की लौ जगा सकें।

देश दुनीया से

ममता सरकार और अदालती फैसले

कानून व्यवस्था से खिलवाड़, भ्रष्टाचार और वोट बैंक के लिए सरेआम तुष्टिकरण जैसी नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जितनी लताड़ खाई है, उतनी देश के किसी अन्य राज्यों की सरकारों ने शायद ही कभी खाई हो। आश्चर्य की बात यह है कि अदालतों से मिली मुकदमों में हार और फटकार के बावजूद ममता सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिमी बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो। नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इनकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने इस दलील को मान लिया कि ये सब बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। सीबीआई जांच काफी आगे पहुंच गई है। अब इसमें दखल देते हुए रोकना उचित नहीं है। इससे पहले भी ममता सरकार को भ्रष्टाचार सहित कई दूसरे महत्वपूर्ण मामलों में सुप्रीम कोर्ट से हार का सामना करना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट से मिली लताड़ और हार के बावजूद ममता सरकार के रवैये में कोई विशेष सुधार नहीं आया। सरकार की न तो कार्यशैली बदली और न ही तृणमूल कांग्रेस में कोई तब्दीली नजर आई। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की बिना यूपीएससी के दखल के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की अनुमति देने की याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी के मामले में कहा था कि हमारे पिछले आदेश में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने बार-बार एक ही तरह की याचिका दाखिल करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह के आवेदन कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट एक पुराने आदेश में कह चुका है कि हर राज्य को डीजीपी की नियुक्ति से पहले यूपीएससी से योग्य अधिकारियों की लिस्ट लेनी होगी। उसी लिस्ट में से चयन करना होगा। पश्चिम बंगाल सरकार का कहना था कि यह व्यवस्था गलत है। राज्य सरकार को चयन का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था को लेकर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों की राज्यों सरकारों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। इन मामलों की तरह ही इस साल पश्चिम बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच सौंपने का आदेश दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने साफ कहा कि हम विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार ने एनआईए को जांच ट्रांसफर करने के हाई कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए कहा था कि किसी भी विस्फोटक का इस्तेमाल नहीं किया गया था और यह निर्देश राजनीतिक रूप से पारित किया गया था। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की तरफ से याचिका डाली गई थी।

ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिमी बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो। नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, मंगलवार, 05 सितंबर 2023| पेज 7

दो अनाथ बच्चे न्याय के लिए पहुंचे एसपी के द्वार

पुलिस कप्तान बोले ब्लाइंड मर्डर की वजह से हुई देर अपराधी को 24 घंटो में किया जायेगा गिरफ्तार

➲मासूम बच्चों को स्कूल में कराए दाखिला हर संभव किया जाएगा सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : गिद्धौर थाना कांड संख्या-58/2023, दफा 302, 201, 34 भा0द0वि0 के तहत फरार अभियुक्त के गिरफ्तारी को लेकर चन्दर भुईयां पिता स्व0 विराज भुईयां, ग्राम-बारीयातु टोला मसुरिया, थाना गिद्धौर ने लिखित आवेदन दे कर दोषियों पर करवाई का आग्रह किया है। अनाथ दो बच्चे अनिल कुमार भुइया ,अमित कुमार भुइया के उज्वल भविष्य के लिए पुलिस कप्तान राकेश रंजन से आग्रह किया गया। मामला बिनिता देवी को बलात्कार एवं हत्या कर गांगपुर बनखेता जंगल में लाश की मिट्टी से छिपा दिया गया था। जिसका शव दिनांक 15 अगस्त 2023 को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। उपरोक्त घटना करने में गाँव का ही उपेन्द्र यादव पिता कुंजिल यादव का हाथ था । उपेन्द्र यादव के खिलाफ मृतका बिनिता देवी पूर्व में थाना प्रभारी गिद्धौर एवं महिला थाना प्रभारी चतरा को आवेदन दी थी कि मेरे पति स्व0 रोहन भुईयां की हत्या उपेन्द्र यादव एवं अन्य के द्वारा कर दिया गया है, लेकिन उपरोक्त पदाधिकारी बिनिता देवी के आवेदन पर संज्ञान नही लिया। इसी दूश्मनी के कारण बिनिता देवी की हत्या उपेन्द्र यादव के द्वारा कर दिया गया तथा लाश छुपाने के उदेश्य से गांगपुर बनखेता जंगल के नाले में डाल कर उपर से मिट्टी डाल दिया गया था। जिस समय ग्रामीण बिनिता का लाश देखा गया था तो उस समय निवस्त्र स्थिति में थी। मैं उपरोक्त बातों को गिद्धौर थाना प्रभारी महोदय को बताया हूँ, फिर भी पुलिस उसे आजतक गिरफतार नही किया है। जिसके कारण पूरा परिवार भय के साए में जी रहे है। बिनिता का दो छोटा छोटा बेटा और मेरा परिवार काफी भय में जी रहें है। चंद्र भुइया ने पुर्ण विश्वास के साथ बोल रहे थे की उपेन्द्र यादव एवं अन्य लोग मेरे भाई, स्व0 रोहण भुईयां एवं स्व0 बिनिता देवी के द्वारा हत्या किया गया है।मृतिका के भाई ने आवेदन दे कर न्याय दिलाने के लिए बच्चो के साथ पुलिस कप्तान राकेश रंजन से मिलने अखिल भारतीय भुइया समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष उमेश भारती, बारीयतु के पूर्व मुखिया बिरेंद्र भारती वर्तमान पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर भुइया, राजेंद्र भारती पीड़िता के दो पुत्र सहित अन्य समाज के लोग के साथ मिल कर सारी बात को रखा। इन सभी को पुलिस कप्तान ने भरोसा दिलाए की अपराधी कोई भी हो और जितना दूर छिपा हो उसे पुलिस ढूंढ निकालेगी।

राजद ने किया परसही पंचायत कमिटी का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : राष्ट्रीय जनता दल पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर सदर प्रखंड के परसही पंचायत में लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर के चर्चा की गई।बैठक में सर्व सहमति से परसही पंचायत के राजद अध्यक्ष जीतमहान सिंह,उपाध्यक्ष बजूल कुमार भुइया,महासचिव चैतू यादव ,सचिव त्रिलोक कुमार यादव को बनाया गया ।बैठक में मुख्य रूप राष्ट्रीय जनता दल के जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव,दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार,शोएब अंसारी, सुरेश पासवान, बसंत पासवान, संतोष यादव, वीडियो सिंह, सुनील उरांव, लालमोहन उरांव, उपेंद्र उरांव, बलदेव यादव, रविंद्र उरांव, बली यादव, विष्णु देव यादव, चिंटू कुमार, शंकर यादव, उपेंद्र राम, अंकित कुमार, वहाब अंसारी, पिंटू कुमार, पुरानचंद सिंह, सिंटू उरांव, चंद्रदेव सिंह, कर्म दयाल राम, बाबूलाल राम, सुरेंद्र प्रजापति, जग सहाय उरांव, सुरेश सिंह, श्याम बिहारी यादव ,नरेश राम, सलमनी कुमारी, रोहिणी देवी, चंद्रशेखर यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीडीओ के खिलाफ आवाज उठाने पर मिली धमकी

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कोमर ग्राम के रहने वाले विक्रांत कुमार सिंह पिता प्रदीप सिंह ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया है कि बीडीओ के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। दिए आवेदन में विक्रांत कुमार ने बताया है की दिनांक 31/08/2023 को उसके मोबाइल पर 8863925914 से कॉल आया और कहा कि मैं बालूमाथ बीडीओ का भाई बोल रहा हूँ। तुम वीडियो के खिलाफ बहुत ज्यादा बोलते हो जहां हो वहीं से उठा लेंगे। उसने फोन में धमकी देते हुए कहा कि मै सीबीआई हजारीबाग में हूं। इसलिए वीडियो के विरुद्ध आवाज उठाना बंद कर दो। विक्रांत कुमार ने बताया कि वह प्रखंड विकास पदाधिकारी के गलत कार्यों का हमेशा विरोध करता रहता है ।साथ ही बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पैसे नहीं देने पर जन उपयोगी कार्य नहीं किया जाता है।दिनांक 30/08/23 को कोमर गांव की एक महिला सुमन देवी पति विश्वनाथ भुइयां द्वारा आरोप लगाया गया था कि दलालों द्वारा उनके खाते से पीएम आवास की राशि का अवैध निकासी कर लिया गया है। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था यह वीडियो मैंने बनाया था इसी वजह से मुझे धमकी मिल रही है। विक्रांत कुमार ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मामले की छानबीन करते हुए दोषी पर कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पलामू किला संघर्ष समिति के तत्वावधान में बैठक आयोजित

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): पलामू किला संघर्ष समिति और मेदनी आजाद संघ के तत्वावधान में जन जागरूक हेतु बैठक रविवार को बेतला पंचायत के बेतला नेशनल पार्क से सटे उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलपुरवा के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षताआशुतोष सिंह चेरो ने की मंच का संचालन आशीष सिन्हा ने किया। वहीं बैठक के दौरान सभा की अध्यक्षता कर रहे आशुतोष सिंह चेरो ने अपने वक्तव्य में लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि पलामू किला की धरोहर की बचाना हम सभी की दायित्व है। बैठक में अधिवक्ता नितु सिंह चेरो, बेतला पचांयत समिती सदस्य प्रतिनिधि विनोद यादव, गणेश्वर सिंह चेरो,पुरन सिंह चेरो आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने चिपकाए इश्तिहार

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में छिपादोहर पुलिस टीम ने रविवार को अलग-अलग काण्ड में शामिल दो अभियुक्त के घर पर चिपकाया इस्तिहार। जिसमें छिपादोहर काण्ड संख्या 17/21, दिनांक 19/06/2021 धारा 147/ 148/ 149/ 307/ 353 भा 0द0वि0, 27/35 आर्म्स एक्ट,17 सी0एल 0 एक्ट एवं 3/4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त का अभियुक्त सुखलाल वृजिया उर्फ अकेला वृजिया पे0 चांदो वृजिया, ग्राम कबरी कोटाम, थाना गारू जिला लातेहार और दुसरा अभियुक्त मनीष यादव उर्फ मनीष जी उर्फ सुनेश यादव पे0 प्रसही यादव ग्राम महुलनिया थाना -छकबंदा, जिला गया बिहार के विरुद्ध इस्तिहार तामिला किया गया है साथ ही दोनों फरार अभियुक्त नक्सली संगठन में काफी सक्रिय भी है।

भाजपा कार्यकारिणी की हुई बैठक

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): छिपादोहर में रविवार को विवाह मंडप प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी छिपादोहर मंडल कार्यकारिणी की बैठक मंडल अध्यक्ष मुद्रिका सिंह के अध्यक्षता में हुआ। जिसकी मंच संचालन मंडल महामंत्री श्री मुन्ना गुप्ता ने किया। बैठक में बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छिपादोहर मंडल प्रभारी संजय प्रसाद, विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री बंसी यादव सहित भिमानंद गिरी, अजय प्रसाद, अजय सोनी, मुन्ना गुप्ता आदि उपस्थित थे।

स्कूल जांच के दौरान पूर्णाडीह में ग्रामीणों ने किया हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : लावालौंग प्रखंड मुख्यालय का टोला पूर्णाडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय में जांच के दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ज्ञात हो कि सरकार के द्वारा स्कूलों की विभिन्न स्थिति का जांच करने के लिए टीम गठित किया गया है। इस बावत पूर्णाडीह स्कूल में मध्यान्ह भोजन,फर्नीचर, छात्रवृत्ति समेत विभिन्न बिंदुओं पर गठित टीम के द्वारा जांच किया जा रहा था।इस पर गांव के ग्रामीणों नें पढ़ाई संबंधी जांच करने की भी मांग रखी।उनकी बातों को नजर अंदाज कर देने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे।

स्कूल में केवल पढ़ाई चाहिए

ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए कहा कि हमें और हमारे बच्चों को पढ़ाई के अलावे और कोई भी सुविधा नहीं चाहिए। सरकार और विभाग के द्वारा विद्यालय को भोजनालय और विभिन्न वस्तुओं का दुकान बनाकर हमारे बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। छात्रवृत्ति, पोषाक,भोजन की बात हर पदाधिकारी पूछते हैं परंतु कोई बच्चों की योग्यता और पढ़ाई की शुद्ध नहीं लेता।पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे ककहरा और गिनती तक नहीं जानते हैं।

शिक्षकों के स्थानांतरण की मांग

ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए जांच टीम से मांग किया है कि वे विभाग को सूचित करें की यहां पदस्थापित दोनों शिक्षकों का स्थानांतरण करके नए शिक्षकों को पदस्थापित करें। ग्रामीणों नें प्रधानाध्यापिका रीना देवी पर मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति के साथ-साथ अन्य चीजों में घोर अनियमितता बरतने एवं बच्चों को कुछ भी पढ़ाई ना करवाने का आरोप लगाया है।वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक भी नियमित रूप से स्कूल नहीं आते हैं।

पुणे में एक्सपोजर विजिट में शामिल होंगे चतरा जिले के दो प्रखंड प्रमुख

पंचायती राज्य विभाग ने डीसी को पत्र के माध्यम से दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने पंचायतों को सशक्त और बेहतर क्रियान्वेयन को लेकर पंचायत समिति के प्रमुखों को एक्सपोजर विजिट 26 सितंबर से 30 सितंबर तक पुणे में आयोजित वाली विजिट नामित किया है। पुणे के शाहदा में शामिल होने के लिए चतरा जिला के दो प्रखंड प्रमुखों में हंटरगंज की प्रमुख ममता कुमारी पति कमलेश कुमार यादव और प्रतापपुर प्रखंड की प्रमुख स्मिता प्रकाश पति कपिल पासवान का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि इस एक्सपोजेर विजिट में राज्य के 14 जिले के कुल 39 प्रमुखों को भी नामित किये गये हैं। इस संबंध में पंचायती राज्य विभाग झारखंड सरकार के उपनिदेशक संदीप दुबे ने इस संबंध में गिरिडीह, दुमका, लोहरदगा, रामगढ़, साहेबगंज, पूर्वी व पश्चमी सिंहभूम, खूंटी, गढ़वा, हजारीबाग, चतरा, रांची व गोड्डा के डीसी से पत्राचार किया है। पत्र के आलोक में कहा गया है कि पंचायत समिति के प्रमुख का पुणे में आहूत एक्सपोजर विजिट को ले नामित प्रतिभागियों के लिए यात्रा टिकट विभाग द्वारा आरक्षित किया गया है। पंचायती राज विभाग के पत्र के अनुसार 39 प्रमुख के साथ दो जिला पंचायती राज पदाधिकारी दुमका के अभिषेक एवं देवघर के प्रीतम भारती भी विजिट में शामिल रहेंगे। चतरा जिले के प्रतापपुर और हंटरगंज प्रमुख के विजिट को लेकर नामित किये जाने से जन प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं हर्ष देखा जा रहा है।

प्रखंड कार्यालय के पीएलवी के द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय पीएलवी सरयु यादव एवं कुमार विवेक रंजन के द्वारा सोमवार को प्रखंड के ऊरैली पंचायत अंतर्गत लरसर गांव में नालसा हेल्पलाइन न. 15100 एवं अगामी 9 सितंबर को चतरा व्यवहार न्यायालय में लगने वाला लोक अदालत को लेकर तथा 30 सितंबर तक मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को लोक अदालत में अपनी समस्या को रखने तथा समाधान को लेकर जागरूक किया गया। इसके अलावे कई छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने पर जोर दिया गया ।इस कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

लेपो के कार्डधारियों ने की शिकायत, डीलरों ने काटा अनाज

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिमरिया प्रखंड के लेपो गांव के कार्डधारियों ने डीलर द्वारा अगस्त माह का अनाज काट लेने की शिकायत की है। इस मामले में कार्डधारियों ने एसडीओ सुधीर कुमार दास से मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है। कार्डधारियों ने बताया कि इस बार अगस्त महीने का अनाज मिलना था, जिसे लेने पीडीएस दुकान गए थे। जहां दुकानदार ने आधा अनाज दिया और आधे की कटौती कर ली। डीलरों ने लाभुकों को समझाया कि इस बार सरकार द्वारा कम अनाज दिया गया है, इसीलिए आधे में ही काम चलना पड़ेगा। कार्डधारियों कहा कि बाद सूचना मिल रही है कि डीलर ने आधे अनाज का घोटाला कर लिया है। जिसके बाद लाभुक आक्रोशित हैं और डीलर पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इधर विधायक प्रतिनिधि सुधीर सिंह ने प्रखंड के विभिन्न गांव से लगातार मिल रही अनाज घोटाले की सूचना पर गहरी नाराजगी जताई है और संबंधित विभाग से त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी डीलरों की अनुज्ञप्ति रद्द करने की मांग की है।

नो एंट्री में गुजर रहे कोल वाहनों को ग्रामीणों ने रोका, दी चेतावनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया चौक से नो एंट्री के दौरान गुजर रहे कोल वाहनों को रोक दिया और वाहन चालकों को कई चेतावनी दी। ग्रामीणों ने वाहन चालकों को नो एंट्री के उल्लंघन करने से बाज आने को कहा, अन्यथा प्रशासन से शिकायत कर करवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों ने नो एंट्री के दौरान चल रहे बेतहाशा कोल वाहनों पर नाराजगी जताई और प्रशासन से नो एंट्री का शक्ति से पालन कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि नो एंट्री के दौरान प्रत्येक दिन दर्जनों कोल वाहन गुजर रहे हैं जिससे नो एंट्री लगाने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। उनका कहना था की नो एंट्री के दौरान सिमरिया के चौक चौराहों पर भीड़- भाड़ रहती है। कोल वाहनों से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रमुख ने मोंगर से भाया केडू हुंडरू तक सड़क निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : सदर प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत मोंगर पंचायत के ग्राम मोंगर से भाया केडू हुंडरू तक आरईओ विभाग से बनाए गए काली करन सड़क निर्माण कार्य का लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने औचक निरीक्षण किया।श्री लोहरा ने निरीक्षण के दौरान बताया कि निर्माण में भारी अनिमितता बरती गई है।सड़क निर्माण कार्य कुछ महीने पहले ही पूर्ण किया गया है। परन्तु सड़क जगह जगह पर टूट गई है।और मिट्टी बाहर निकल आया है। सड़क की दुर्दशा को देखकर साफ साबित होती है कि निर्माण प्राकलित राशि के अनुसार नहीं किया गया है। संवेदक के साथ साथ संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के? द्वारा निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी हैं।उन्होंने संवाददाता को बताया कि जिला प्रशासन से इस कार्य की जांच कर कार्यवाई की मांग की जायेगी।मौके पर पिंटू कुमार रजक (पूर्व पंचायत समिति सदस्य), बृजेश्वर सिंह, अवतार सिंह, आनंद सिंह, विनोद प्रसाद, हरिनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

लातेहार में मनाया गया हरीन्द्रानन्द जी का प्रथम पुण्यतिथि

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : शिव शिष्यता के जनक और इस कालखण्ड के प्रथम शिव शिष्य साहब हरीन्द्रानन्द जी की प्रथम पुण्य तिथि सोमवार को शिव शिष्यों द्वारा मनाया गया।इस अवसर पर अंजू गुप्ता ने कहा कि जीवित रहते हुए किंवदंति बन चुके साहब हरीन्द्रानन्द जी ने सामान्य जनमानस को शिव के गुरू स्वरूप से जोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया। समाज को आइना दिखाते हुए उन्होंने बताया की शिव घर-घर के बाबा है, जैसे चंदा मामा सबके मामा हैं। भगवान शिव से हम सभी सतान, पैसा, परिवार, प्रसिद्धि, ऐश्वर्य मांगते हैं, उनसे ज्ञान कोई नहीं मांगता। वह पंचानन, सदाशिव, दक्षिणामूर्ति विश्व गुरु हैं, उन्हें जगत गुरू कहा गया है। हमारे शास्त्र अटे पड़े हैं शिव के गुरू स्वरूप की महिमा से।आगे बताया कि बिहार के सिवान जिले के अमलोरी में साहब श्री हरीन्द्रानन्द जी का जन्म हुआ था। इनकी कर्मभूमि भी बिहार रही। जीवन के उत्तार्ध में ये झारखण्ड आ गये। वरेण्य गुरुभ्राता हरीन्द्रानन्द जी की व्यापक्ता और प्रसिद्धि वैश्विक स्तर पर रही। देश विदेश सभी जगह के लोग इनके लिए श्रद्धावनत रहते हैं।इस अवसर पर बच्चों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर शिव गुरु शिष्य परिवार के महिलाएं उपस्थित रही।

डेंगू मलेरिया जैसे बीमारियो का ग्रामीण हो रहे शिकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघानी में चल रहे डीएमएफटी फंड के तहत नाली निर्माण कार्य योजना बंद करवाने के कारण गढ़े में पानी जमाव हो गया है। जिससे कई ग्रामीण बीमारियो का शिकार हो रहे है। प्रकाश दांगी ने बताया कि कई लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची तक जाना पड़ रहा है बीमारी से लड़ने के लिए आप ग्रामीण सोच सकते है की अभी तक इसपर संवेदक द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है पीस रहें है तो आम जनता, इस नाली योजना का एस्टीमेट मुस्लिम मोहल्ला से नदी छठ घाट तक था लेकिन इस एस्टीमेट पर ग्रामीणों ने विरोध जताया क्योंकि नाली छठ घाट तक जाएगा इससे हरिजन मोहल्ला के ग्रामीण लोगो को ग्रीष्म ऋतु काल में पानी के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है चापानल सुख जाता है पानी का लेयर काफी नीचे चला जाता है जिससे समरसेबल भी काम करना छोड़ देता है अंत में हरिजन मोहल्ले के भाई -बहन नदी से ही अपना गुजर बसर करते हैं साथ में हिंदू भाई छठ पूजा का व्रत सदियों से इसी नदी घाट पर स्थापित करते है। इसी छठ पूजा को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है पिछले दो-चार माह पहले सिमरिया विधानसभा विधायक किसून दास जी से भी ग्रामीणों ने गुहार लगाई थी उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस एस्टीमेट का अनुशंसा मुस्लिम मोहल्ला से संजू बीज भंडार होते हुए नदी में पानी गिराया जाएगा लेकिन वैसा नहीं हुआ और एस्टीमेट छठ घाट नदी तक का पास करा दिया गया इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है दूसरी तरफ संजू बीज भंडार से होते हुए पानी सदियों से नदी तक जा रहा है। लेकिन उस क्षेत्र के रकवे में कई रैयतों का जमीन पड़ता है उन किसानों का कहना है की मेरे खेतो से गंदा पानी जाएगा तो हम सभी का फसल साग सब्जी दूषित हो जाएगा और हम सभी को बीमारी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीण और रैयतों के बीच विवादो के कारण नाली कार्य फिलहाल दो महीना से बंद है।सिंघानी ग्रामीण जनता प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी से गुहार लगाई है की नाली निर्माण कार्य को पूरा कराने का निर्देश दे कार्य पूरा नहीं किया गया तो हम ग्रामीण डीसी को आवेदन सौंपेंगे।

व्यवसायियों की एकजुटता से हो सकता है हर समस्याओं का समाधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : सोमवार को सामुदायिक भवन प्रांगण में व्यवसायिक समिति के संगठन विस्तार हेतु नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक राज की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें हर क्षेत्र से दुकानदारों को पद से सुभोषित किया गया और समिति को मजबूत बनाने हेतु जिम्मेवारी दी गई। जहां अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि व्यवसायिक समिति दुकानदार भाइयों का एक समूह है। जिसका उद्देश्य व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान करना है। आज जिन्हें भी जिम्मेवारी दी जा रही है। वह अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ व्यवसायियों के हित के लिए करेंगे। व्यव्यसायिक संघ मजबूत तब होगा जब हम सभी एकजुट होकर रहेंगे। व्यवसायियों की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने ब्लॉक और जनप्रतिनिधियों का घेराव करने की भी जरूरत पड़ी तो पीछे नहीं हटेंगे। जिसके बाद समिति का विस्तार किया गया। जिसमें महासचिव जैकी चौरसिया और रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, लौकेश प्रसाद, इम्तियाज और स्वरीत छाबड़ा, सचिव - सोनू सिंह बस स्टेंड, राजेश वर्मा और अमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनू सरदार, सुभम दुबे और अख्तर खान, प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर, संगठन सचिव शमीउल्लाह उर्फ गुड्डू, सिराज अहमद, पवन कुमार, संगठन मंत्री दीपक बादशाह, सतेंद्र कुमार उर्फ पुटुन सिंह, धीरेंद्र गोस्वामी, महामंत्री - हिमांशु गुप्ता उर्फ रिकी, फिरोज सिद्दीकी और अनूप गुप्ता, कार्यालय मंत्री सह मीडिया प्रभारी रवि भीम, राहुल अग्रवाल, ज्ञान गोस्वामी को बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद, पंकज गुप्ता, भूपेंद्र सिंह के साथ- साथ अनिल सोनी, शंकर प्रसाद, संजय सोनी, अनंत अग्रवाल, चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ चच्चू, संजय छाबड़ा उर्फ टीटू, मनोज जयसवाल मेडिकल, उमेश प्रसाद, श्री राम, कन्हाई प्रसाद, देवराज अग्रवाल और प्रिंस गुप्ता को बनाया गया। इसके अलावा सलाहकार समिति में सुशील मेहता, मदन प्रसाद गुप्ता, रईस, विवेक सिंह, अमित अग्रवाल, असलम, पंकज सोनी, हसीब, कृष्णा कसेरा, शत्रुधन प्रसाद, महेंद्र प्र.गुप्ता, राकेश छाबड़ा पिंटू, सतीश कुमार गुप्ता (गुड्डू), अजीत गुप्ता, मुकु अग्रवाल, रविंद्र प्रसाद, फिरोज अहमद मुन्ना और पिंटू सिन्हा को बनाया गया। मीडिया सलाहकार में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, शशि शेखर, अर्जुन विश्वकर्मा और मयंक विश्वकर्मा को रखा गया। सक्रिय सदस्य के रूप में जगत नारायण माली, रिंकू खान, राज सिंह, नियाज़ अहमद, अमीर खान उर्फ डॉक्टर, सुभम नाथ, बमभोली, धीरेंद्र गोस्वामी, पीकू अग्रवाल, बडु, अखिलेश कुमार, तौकीर, शकील, साजन, नसीम सहित अन्य लोग शामिल हैं।

वन नेशन वन इलेक्शन भारत की जरूरत है : शत्रुघ्न प्रसाद

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तावित वन नेशन वन इलेक्शन एक देश में एक चुनाव को केंद्र सरकार नरेंद्र मोदी की इस पहल को सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि उक्त बातों को समर्थन करता हूं यह कार्य राष्ट्र हित एवं जनता हित में जरूरी है। चुनाव बार-बार होने से आचार संहिता लगती हैं। पैसा का दुरुपयोग होती है। वन नेशन वन इलेक्शन सिर्फ चर्चा का विषय नहीं बल्कि भारत की जरूरत है। हर कुछ महीने में कहीं न कहीं चुनाव हो रहे हैं। इससे विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ता है।

बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): मनिका प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मटलोंग पंचायत के बड़का आहर के नजदीक में राजेंद्र राम और अनिल साव के बीच में जमीन विवाद को लेकर कोर्ट के निर्देशानुसार 144 किया गया है। राजेन्द्र राम ने बताया कि अनिल साव के द्वारा जमीन पर जबरदस्ती घर बनाया जा रहा है विरोध करने पर मारपीट करने में उतारू हो जाता है। बतादें कि उस जमीन में अप्रैल महीना से ही 144 लगा है। और एसपी को आवेदन भी दिया गया है। आवेदन देने के पश्चात भी अभी तक काम नहीं रोका गया है इससे साफ जाहिर होता है की कानून व्यवस्था का कोई नाम नहीं है, दिनदहाड़े कानून व्यवस्था का धजिया उड़ाया जा रहा है। वहीं राजेंद्र राम और महेन्द्र राम का कहना है कि जब तक जमीन का पूरा मामला खत्म नहीं हो जाता तब तक इस जमीन पर कोई कैसे काम कर सकता है।आगे जिला प्रशासन से न्याय की मांग किया है।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, मंगलवार, 5 सितंबर 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

विष्णुगढ़ में भव्य रूप से मनाया गया संस्कृत दिवस समारोह

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विष्णुगढ़,चेडरा में रविवार को सोबरन कांप्लेक्स में विप्र समाज के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय संस्कृत दिवस समारोह मनाया गया।इस आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहितानंद मिश्र ने की तथा संचालन सचिव यशवंत कुमार मिश्रा एवं ऋतिक मिश्रा ने बारी-बारी संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के पूर्व विप्र समाज के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर नगर भ्रमण किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हजारीबाग पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही । संस्कृत देव भाषा और समस्त भाषाओं की जननी है, संस्कृत सबसे पुरानी भाषा है, एवं यह एक वैज्ञानिक भाषा भी है। वैज्ञानिकों के द्वारा संस्कृत भाषा पर शोध भी किया जा रहा है, एवं भारतीय सनातन संस्कृति के लिए संस्कृत का विकास बहुत जरूरी है। विप्र समाज के द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय संस्कृत दिवस कार्यक्रम में प्रोफेसर यदुनाथ पांडेय ने उक्त बातें कही, उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर इसका विकास प्रचार एवं प्रसार बहुत जरूरी है। ताकि लोगों को सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति के बारे में पता चल सके। आज का युवा वर्ग तनाव में रहता है,भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म का पालन कर वह तनाव मुक्त भी हो सकता है। उन्होंने पौराणिक धर्म के बारे में विस्तृत रूप से लोगों को समझाया। इस मौके पर विशेष रूप से विप्र समाज के प्रखंड अध्यक्ष रोहितानंद मिश्र, सचिव यशवंत कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष गणेश पांडेय,बांके बिहारी, डॉ. अंतू पांडेय,महादेव वैद्य, गणेश पांडेय, सुरेश मिश्रा, अमित मिश्रा, पवन मिश्रा, निरंजन मिश्रा, राजेश दुबे, राजेंद्र दुबे समेत ब्राह्मण समाज के कई लोग मौजूद थे।

कंप्यूटर प्रतियोगिता में परचम लहराने पर किया गया सम्मानित

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : भामाशाह विद्यालय के भाई बहनों को प्रांत स्तर कंप्यूटर प्रतियोगिता में परचम लहराने पर प्राचार्य रजनीश कुमार पांडे ने शुभकामनाएं प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि हजारीबाग अंतर्गत जिला चतरा के जोरी में कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग जिले से आए भाई बहनों के बीच कंप्यूटर प्रतियोगिता में भैया गौरव कुमार कक्षा अष्टम अ, बहन श्रेया कुमारी कक्षा सप्तम ब और भैया प्रिंस कुमार कक्षा षष्ठ अ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपने विद्यालय भाई बहनों को कंप्यूटर प्रांत स्तर की प्रतियोगिता में प्रचम लहराने पर शुभकामनाएं प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

विष्णुगढ़ गोविंदपुर में जनजागरण सभा18 सितम्बर को की जायेगी

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर में जनजागरण सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो रहेंगे।इस जनजागरण के तहत वोट के महत्व को बताया जाएगा।साथ ही झारखंड के नीतियों के बारे में चर्चा किया जाएगा, जैसे नियोजन नीति,स्थानीय नीति विस्थापन नीति,उद्योग नीति इसके अलावा झारखंड में हो रहे भ्रष्टाचार, रोजगार की समस्या, शिक्षा की समस्या इत्यादि में जोर दिया जाएगा। इस सभा को सफल आयोजन बनाने हेतु गोविंदपुर के वासियो द्वारा गोविंदपुर पंचायत सचिवालय के सभागार में एक मीटिंग रखकर,एक रूपरेखा तैयार किया गया।इस मीटिंग का अध्यक्षता प्रकाश कुमार के द्वारा किया गया तथा संचालन सुनील कुमार के द्वारा किया गया।

शहीद जय मंगल पांडे डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : शहीद जयमंगल पांडे दिवा रात्रि फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन कटकमसांडी प्रखंड के गदोखर पंचायत स्थित बालियन ग्राम के पहाड़ी मैदान में मंगलवार 3 बजे से किया जायेगा।इस टूर्नामेंट के आयोजक आशीष सिन्हा ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही है।इस आयोजन में जिले के साथ साथअंतरराज्यीय टीमें भी भाग लेंगी।प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मो इमरान खान एवं अरविंद कुमार के साथ साथ गांव के युवा दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं।प्रतियोगिता का फाइनल मैच आगामी 12 सितंबर को होगा।

लगभग 3 सौ दुकानदारों को दिया गया बेहतर मार्केटिंग का प्रशिक्षण

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडियन, नस्वी के द्वारा 3 सौ फुटपाथ दुकानदारों को बेहतर मार्केटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें खाने पीने की चीजें बनाने से लेकर सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता, फुटपाथ वेंडरों को बेहतर मार्केटिंग का प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ।इस प्रशिक्षण में टीवीसी संतोष कुमार गुप्ता, रविंद्र महतो,विजय गुप्ता,मो सलीम ,मो इम्तियाज एवं महिला अध्यक्ष कुंती देवी का सहयोग सराहनीय रहा।

लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों के समर्थन में भाजपा का एक दिनी धरना प्रदर्शन

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रांगण में कुलपति कार्यालय के समक्ष विधि कॉलेज के छात्रों ने एक दिवसीय धरना भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,कोडरमा जिला संगठन प्रभारी,पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू होप के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया।बताया जाता है कि सत्र 2021- 22 के सेमेस्टर एक में चयनित 45 विद्यार्थियों से 18 हजार रुपए शुल्क लिया गया कक्षाओं का परिचालन भी शुरू हो गया ।जब नामांकित बच्चो ने रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रपत्र भरा तब उसे स्वीकार करते हुए प्राप्ति रसीद नही दी गई,बताया गया कि नामांकन गलत ढंग से हुआ है।अब उन्हे परीक्षा फॉर्म भरने से रोका जा रहा है।धरने के बाद कुलपति को ज्ञापन देकर छान बीन के लिए एक कमिटी का गठन कर छात्रों की समस्या के शीघ्र समाधान की अपील की गई।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता केपी ओझा ,राणा राहुल प्रताप,विनोद कुमार, बेगिन रेणुका देवी, सत्यभामा,मीरा देवी, गीता देवी, अनूप भाई वर्मा,मनमीत अकेला, विद्या कुमारी ,अनिता कुमारी ,राखी कुमारी, अमर लहरी ,समीर आलम ,राखी कुमारी, शिवानी भारद्वाज, आशीष कुमार ,मृणाल पांडे,कल्पना सिंह, गौतम कुमार,प्रियांशु कुमार, रितिक सिंह,पवन कुमार सहित विधि कॉलेज के दर्जनों छात्र एवं छात्राएं उपस्थित हुए।

उपायुक्त ने सिविल सर्जन को दिया चिकित्सक पर कार्रवाई करने का निर्देश

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): आयुष्मान भारत आरोग्य योजना अंतर्गत उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार डीएमएफटी मद से सदर अस्पताल रामगढ़ में नियुक्त आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल बरेली द्वारा एक सितंबर 2022 से 31 मई 2023 तक की अवधि में अपने निजी नर्सिंग होम बरेलिया नर्सिंग होम में कुल 188 सर्जरी करने एवं सदर अस्पताल रामगढ़ में एक भी सर्जरी न करने को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने गंभीरता से लिया है। इस पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद को कई निर्देश देते हुए एक सप्ताह के अंदर चिकित्सक डॉक्टर राहुल बरेलिया पर कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को विलनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 तथा क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट रूल 2013 के अंतर्गत इसकी भी जांच करने का निर्देश दिया है कि क्या वे 188 मरीज सदर अस्पताल रामगढ़ में चिकित्सा प्राप्त करने आए थे और क्या इस आलोक में यह प्रतीत होता है कि डॉ राहुल बरेलिया द्वारा मरीजों को दलाल अथवा एजेंट के माध्यम से अपने निजी नर्सिंग होम में भेजा जाता रहा है। साथ ही उपायुक्त ने सिविल सर्जन को चिकित्सक डॉ राहुल बरेलिया से स्पष्टीकरण पूछते हुए यह प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया है कि क्या डीएमएफटी मद के अंतर्गत इस पद को चालू रखने की कोई आवश्यकता बची है अथवा नहीं।

बरही में भाजपा की संकल्प यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड मैदान में भाजपा के आयोजित संकल्प यात्रा में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद जयंत सिंहा, सदर विधायक मनीष जायसवाल, जमुआ विधायक सह कार्यक्रम संयोजक केदार हाजरा, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष

सह हजारीबाग पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, पूर्व सांसद कोडरमा रविंद्र राय आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष को भव्य माला पहनाकर की गई। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भगवान श्री राम की प्रतिमा व ओम का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय व मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई थी, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए थे। बैठक के बाद एक गठबंधन के नेता एक दिन बाद कहते हैं कि देश से सनातन संस्कृति को खत्म करना है, इससे साफ झलकता है इंडिया गठबंधन का क्या लक्ष्य है। ऐसे लोगों से बचना होगा। इंडिया गठबंधन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से हताश हैं। वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के करीब 4 साल होने को है, इस दौरान सिर्फ झारखंड में कोई विकास तो नहीं हुई, लेकिन लूट अपहरण, हत्याएं जैसे मामले प्रत्येक दिन आ रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इसलिए इस संकल्प यात्रा से हम लोगों को यह संकल्प लेकर जायेंगे कि आगामी लोकसभा व विधानसभा में भाजपा को भारी बहुमत से जीत दर्ज करवाना है, ताकि देश में फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बना सके। वही झारखंड में भाजपा की सरकार फिर से वापस लौटा सके। वहीं सांसद जयंत सिन्हा ने हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ का नारा देते हुए कहा कि देश के इतिहास में ऐसी निकम्मी व भ्रष्टाचारी सरकार झारखंड को कभी नहीं मिला था। कोयला, बालू, गिट्टी हर क्षेत्र में लूट मची है, गौ तस्करी, कोयला की तस्करी, अफीम की तस्करी पूरे राज्य में जोरों पर है, साथ में बरही में भी खूब चल रही है।

ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल में सांसद मद से शेड निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम का दर्शन व परिभ्रमण कर स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि सूर्यकुण्ड परिसर में मेरी अनुशंसा पर शेड निर्माण और उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था की परियोजना स्वीकृत हुई है.मौके पर स्थानीय गणमान्य जनों एवं सम्मानित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ परियोजना के लिए स्थल निरीक्षण किया. राष्ट्रीय पर्यटन स्थल

के रूप में सूर्यकुण्ड के विकास और यहां की सुविधाओं में अभिवृद्धि के संबंध में स्थानीय गणमान्यजनों एवं सम्मानित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सांसद ने इस परियोजना के विषय में विस्तृत चर्चा हुई ।

दोहरी मार झेल रहा है बरकट्ठा प्रखण्ड : सी के पाण्डेय

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखण्ड क्षेत्र के चेचकप्पी, चौथा,रोसा, केवालु, पंचरुखी, तिलैया, महाबार, नावाडीह, सूर्यकुण्ड, बजुकोला, जवाड़, कुशहन, पहाड़पुर एवं अन्य क्षेत्रों में पिछले 15 दिनों से लगभग 30-35 हाथियों का झुण्ड कई घरों को तोड़ कर उत्पात मचा रहा है.हाथियों ने 15 दिनों में कई किसानों के घर में रखें चावल,आटा,व खेतों में लगें धान, तिल, मेजरी, मक्का, मकान इत्यादि

का नुकसान कर गया है. क्षेत्र में जंगली हाथियों के आ जाने से ग्राम वासियों में दहशत का माहौल है क्षेत्र ग्रामवासी रतजगा कर रहे हैं। वनविभाग के टीम सहित हाथी मंडल एवं सुरक्षा श्रमिक के द्वारा लगातार मौके पर पहुंचकर ग्राम वासियों को जंगल की ओर जाने से रोका जा रहा है.साथ ही मुनादी भी कराई जा रही है.समाजसेवी व जिप प्रतिनिधि बरकट्ठा सी के पाण्डेय एवं गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी क्षति का जायजा लेने मौके पर पहुंचे.समाजसेवी सी के पाण्डेय के द्वारा क्षति का आकलन कर तत्काल मुआवजा वितरण करने अनुरोध वन विभाग के अधिकारियों से किये वन विभाग ने बताया कि हाथियों द्वारा पहुंचाई गई क्षति का आंकलन किया जा रहा है एवं नुकसान का मुआवजा जल्द मिलेगा । मौके पर वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो,रामसहाय मांझी, सहदेव मराण्डी, समेल टुडू, श्याम मोदी,शेषनाथ सिंह, परमानन्द ठाकुर अन्य लोग उपस्थित थे।

वासरी कॉलोनी में भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्दी : डाड़ी प्रखंड के रेलीगड़ा वासरी कॉलोनी में भाजपा मंडल कार्य समिति का बैठक मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया।जबकि संचालन मंडल महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से चर्चा की गई कि आगामी 11 सितंबर दिन सोमवार को दोहपर तीन बजे से झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री बाबूलाल मरांडी जी का मांडू विधानसभा क्षेत्र का संकल्प यात्रा

पटेल स्टेडियम बलसगरा में भाजपा का जनसभा आयोजित किया गया है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा और दिवार लेखन के साथ साथ चौक चौराहे पर बेनर भी लगाया जाएगा।तथा इस कार्यक्रम में डाड़ी प्रखंड से पांच हजार लोगों का भीड़ करने का संकल्प लिया गया है और आगामी बैठक फिर इसी स्थान पर बुथ एवं पंचायत के साथ साथ प्रखंड के नेताओं के साथ बैठक कर रणनीति तैयार किया जाऐगा।

गणपति महोत्सव की तैयारी को लेकर की गई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत के देवी मंडा प्राँगण में श्री श्री सार्वजनिक गणपति पूजा समिति द्वारा देवी मंडप परिसर में गणपति पूजा महोत्सव मनाने को लेकर रविवार को एक बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता बेड़ाहरियारा मुखिया रामचंद्र यादव ने तथा संचालन सचिव नीतीश कुमार बर्णवाल ने किया । बैठक में प्रत्येक वर्ष की भाँति पूरे हर्षोल्लास से इस वर्ष भी गणपति महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 17 सितंबर 2023 दिन रविवार प्रतिमा आगमन पर दोपहर बारह बजे

एम्बिशन पब्लिक स्कूल के छात्राओं के द्वारा मनमोहक डांडिया प्रस्तुति के साथ गणपति बप्पा का स्वागत किया जायेगा ।

दिनांक 18 सितंबर 2023 दिन सोमवार दोपहर दो बजे से पूजा आरंभ संध्या आरती रात्रि सात बजे बाल नृत्य प्रतियोगिता, 19 सितंबर 2023 दिन मंगलवार दैनिक पूजन संध्या आरती एवं रात्रि सात बजे से बाल नृत्य प्रतियोगिता, 20 सितंबर 2023 दिन बुधवार दैनिक पूजा संध्या आरती एवं संध्या सात बजे से माता रानी का भव्य आयोजन एवं झांकी प्रस्तुति, 21सितंबर 2023 दिन गुरुवार दैनिक पूजन संध्या आरती एवं रात्रि सात बजे से बाल नृत्य प्रतियोगिता एवं फाइनल एवं पुरस्कार वितरण, 22 सितंबर 2022 दिन शुक्रवार दैनिक पूजन हवन एवं दोपहर दो बजे गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

टाउन हॉल भवन में हुआ मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं सदस्या शबनम परवीन ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान परिसदन रामगढ़ में जनसुनवाई एवं इसके उपरांत टाउन हॉल भवन, रामगढ़ में मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोग के द्वारा सर्वप्रथम परिसदन रामगढ़ के सभाकक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की जन वितरण प्रणाली, मध्यान भोजन, पोषण आहार, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं कुपोषण उपचार केंद्र सहित अन्य समस्याओं व शिकायतों को सुना गया जिसके उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्याओं व शिकायतों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत टाउन हॉल भवन रामगढ़ में मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, माननीय सदस्या शबनम प्रवीण, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता रामगढ़ रोबिन टोप्पो सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से मुखिया संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुखिया संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने

संबोधन में माननीय अध्यक्ष श्री हिमांशु शेखर चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित मुखियाओं, अन्य जनप्रतिनिधियों आदि को मुखिया संवाद कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी को इस कार्यक्रम में आने का उद्देश्य पता होना चाहिए साथ ही आपको यह भी जानकारी होनी चाहिए कि इस कार्यक्रम क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि समाज की नींव होते हैं और जब तक नींव मजबूत नहीं हो तब तक कोई इमारत मजबूत नहीं हो सकती है। मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों को उनके हक, अधिकार के बारे में जागरूक करना है। सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन जानकारी न होने अथवा जागरूकता का अभाव होने के कारण कई बार लोग योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं, हमारा उद्देश्य समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान माननीय अध्यक्ष ने सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी। मौके पर माननीय अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके उनके क्षेत्र में स्थित पंचायत भवनों के बाहर एक होर्डिंग स्थापित करते हुए होर्डिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार व लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी ग्रामीणों को देने की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्रों में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने की प्रक्रिया के प्रति भी जागरूक करने की अपील की। मौके पर उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा आयोग द्वारा वैसे मुखियाओं और जनप्रतिनिधियों जिनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को धरातल पर उतारने में बेहतरीन कार्य किया जाएगा उन्हें आयोग द्वारा सम्मानित करने का भी कार्य किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में माननीय सदस्या शबनम प्रवीण ने झारखंड राज्य खाद्य आयोग के रामगढ़ जिले के दौरे के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता के अभाव में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं का लाभ ना ले पाने के विषय पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया।

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने माखनचोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने लड्डू गोपाल के रूप को धारण कर सब का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने झूले में श्रीकृष्ण के बाल रुप को झूला झूलाकर माखन-मिसरी का प्रसाद वितरित किया। स्कूल प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवद्गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए और फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

बाबूलाल मरांडी की रैली को लेकर वार्ड न.6 में हुई बैठक

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी 11 सितंबर को होने वाले बाबूलाल मरांडी की रैली और जनसभा की तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा कैंट मंडल वार्ड नं 6 के अंतर्गत स्थित विकास नगर दुर्गा मंदिर में बूथ अध्यक्ष की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने रैली को सफल बनाने हेतु प्राप्त निर्देशों से सभी को अवगत करवाया । बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी सह कैंट मंडल मंत्री अजीत गुप्ता ने विस्तारक नामित किए गए बूथ नंबर 50 के अध्यक्ष सह ज़िला मिडिया प्रभारो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस महत्वपूर्ण बैठक में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सह वरिष्ट नेता राजीव पमदत्त,कैंट मंडल मंत्री सह प्रभारी अजीत गुप्ता,अरविंद सिंह,सुरेंद्र शर्मा,ईश्वर पासवान इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित हुए।

भाजपा रामगढ़ नगर परिषद बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की बैठक संपन्न

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की बैठक नया नगर बरकाकाना राजेंद्र क्लब मैं संपन्न हुआ।

इस बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू धन्यवाद ज्ञापन सांसद प्रतिदिन मनोज सिन्हा ने किया इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद के प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी उपस्थित हुए आगामी कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा कार्यक्रम दिनांक 9 सितंबर 2023 को भुरकुंडा रिवर साइड में होना है।

इस कार्यक्रम के निमित्त स्वागत एवं जनसभा में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं माटी के द्वारा निर्देशित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई इस बैठक में रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष संजय शाह छठी लाल प्रसाद सांसद प्रतिनिधि संजय लाल संजीव कृष्ण जमू वार कमलेश बे दिया राजू सिंह सुनील सिंह देवेंद्र गिरी आशु सिंह अर्जुन अग्रवाल बंटी सिंह रणधीर गुप्ता प्रभु महतो नूतन महतो भगवान सिंह वरुण कुमार तरुण कुमार सुनील प्रसाद मनोज कुमार अमित कुमार वर्मा भानु प्रताप मिश्रा शाहिद भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हजारीबाग अकाल क्षेत्र घोषित हो : डॉ. आरसी मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : कांग्रेस के हजारीबाग विधानसभा उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने टाटी झरिया इचाक,दारू प्रखंड के करियातपुर खैरकर्मा बेडमक्का नारायणपुर टाटीझरिया भरजो लुनदरू देवकली इत्यादि गावो का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी। केंद्र एवं राज्य सरकारो द्वारा किए गए विकास कार्यों का अवलोकन किया उन्होंने कहा बरकठा विधानसभा के चंदवारा जयनगर इचाक दारू टाटी झरिया चलकुसा गोरहर प्रखंड में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार है। सरकार उक्त प्रखंडों में सुखाड़ राहत योजना को जल्द से जल्द लागू करें। प्रमंडलीय प्रवक्ता एवं मारखम कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल सिपी दांगी ने कहा कि रामगढ़ हजारीबाग चतरा कोडरमा जिले में 20% धान रोपनी हुआ वर्षा के अभाव में धान एवं भदवा फसल सूख रहा है अकाल सुखाढ से किसानों में निराशा हाहाकार मचा हुआ है सरकार अकाल क्षेत्र घोषित करें। झारखंड के वेस्ट किसान से सम्मानित समाजसेवी श्री मीनू महतो ने कहा की सरकार हर गांव में सिंचाई एवं पटवन योग्य आहार नाहर जल मीनार का निर्माण करावे। किसान सिंचाई योग्य भूमि में ही किसानी करें ऊपर वाले के भरोसे ना रहे नगदी फसल का खेती करें। विधानसभा प्रवक्ता प्रो0 ब्रजकिशोर मेहता ने कहा

की बरकट्ठा विधानसभा के जनता बदलाव के मूड में है क्षेत्र भ्रमण में मुख्य रूप से डॉ सीपी दांगी मीनू महतो मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो प्रखंड अध्यक्ष सिबू सोनी लालमोहन रविदास सत्यनारायण महतो AIPC के प्रो दीपक कुशवाहा सुनील कुशवाहा राजेंद्र मेहता पिंटू मेहता डॉ दीपक सिंह महमुद अंसारी झरपो के वरिष्ठ समाजसेवी काशी महतो कन्हैया पांडे प्रोफेसर राम प्रकाश कुशवाहा रामप्रसाद कंपनी विजय कुशवाहा शंकर कुशवाहा अरविंद केसरी मनीष महतो एडवोकेट सुरेश कुमार दास नरेश ठाकुर नवलेश पासवान इंद्रदेव यादव गोविंद राम डीसी यादव शिशुपाल सिंह कृष्ण प्रसाद रूपेश कुमार मुकेश कुमार विजय प्रसाद जितेंद्र प्रजापति डॉ राम प्रकाश कुशवाहा डा विजय कुशवाहा मूलचंद कुमार देव सुमित कुमार सनी कुमार मुकेश कुमार कालेश्वर प्रसाद शाहिद सहित सैकड़ो लोग क्षेत्र भ्रमण शामिल रहे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

दुष्कर्म के आरोपी मुकेश कुमार को बुढ़ैई थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): अनुमंडल के बुढ़ैई थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी मुकेश कुमार मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में बूढ़ेई थाना प्रभारी हीरालाल तुबीद ने बताया कि छुरा का भय दिखाकर दो बच्चे की मां के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को जेल भेज दिया है । बताया कि पीड़िता का ससुराल जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में है । वह बुढ़ई थाना क्षेत्र एक दिन पूर्व अपने मायके पिता के घर आई थी । वह घर में बच्चों के साथ सोई हुई थी रात को करीब 11ः00 बजे आरोपित मुकेश मंडल आया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया इस संबंध में बुढ़ैई थाना के पुलिस ने आरोपी के विरोध कांड संख्या 73/23 दिनांक 3 सितंबर 2023 धारा 456 /376 भा0द0वी0 दर्ज कर प्राथमिक अभियुक्त मुकेश कुमार मंडल 24 वर्षीय सा0 नेमुआडीह बुढ़ैई थाना जिला देवघर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

डोर टू डोर कचरा क्लेकशन हेतु साईकिल वैन का वितरण

मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता): पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कोडरमा द्वारा सोमवार को प्रखंड समन्वक राम कुमार के द्वारा प्रखंड के 9 पंचायतों को डोर टू डोर कचरा क्लेकशन हेतु साईकिल भेंन का वितरण किया गया। मौजूद सभी 9 पंचायत के मुखिया को प्रखंड समन्वयक द्वारा बतलाया गया कि इस ट्राई साइकिल भेन का उपयोग पंचायत स्तर पर सभी राजस्व ग्राम से गीला कचरा और सूखा कचरा कलेक्शन किया जायगा। जिसके तहत 15वी वित से एक मजदूर रखा जायगा जो पंचायत के गांव-गांव में जाकर कचरा कलेक्शन करेंगे और उस कलेक्शन कचरा को पंचायत स्तर पर बने वेस्ट सेग्रीग्रेसन शेड में संग्रहित किया जायगा। पंचायत स्तर पर संग्रहित कचरा को प्रखंड स्तर से बनने वाले सेग्रीग्रेसन शेड में इकट्ठा किया जाएगा और प्रखंड स्तर पर संग्रहित कचरा को जिला लेबल पर भेजा जाएगा। प्रथम फेज में पंचायत देवीपुर, मुर्कमनाय, डगरनवा, जामु, मरकच्चो उतरी, मरकच्चो दक्षिणी, दसारो खुर्द, चोपनाडीह, तेलोडीह के मुखिया को साईकिल भेंन दिया गया है।

आत्मा शासकीय निकाय व जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक

कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता): समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आत्मा द्वारा संचालित सभी योजनाओं का विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह के द्वारा किसानों को अंतर्राज्यीय प्रशिक्षण, जिला स्तरीय प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, अंतर्राज्यीय परिभ्रमण, कृषक अभिरूची समूह, कृषक पाठशाला आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला स्तरीय कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष किसुन सुण्डी द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया गया, जिसपर उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने का निर्देश दिये। उपायुक्त ने किसानों को विभिन्न फसलों के खेतों करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने के साथ साथ अलग अलग जगहों पर किसानों को खेती के तरीके को सीखने के लिए परिभ्रमण कराने की बात कही। उन्होंने सहजन की खेती करने को लेकर स्थल चिन्हित करने को कही।

अच्छे खिलाड़ी खेल के माध्यम से भी रोजगार पा सकते हैं : फुरकान अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मधुपुर : जामताड़ा के जीतपुर में न्यू यंग स्टार क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अथिति पूर्व सांसद फुरकान अंसारी उपस्थित हुए। मौके पर हजारों हजार की संख्या में खेल प्रेमी एवं आसपास के ग्राम पंचायत एवं शहर से लोग उमड़ पड़े। इस टूर्नामेंट की खास बात यह रही कि इसमें विदेशी खिलाड़ियों का भरमार रहा। खासकर नाइजीरिया साउथ अफ्रीका और सूडान से आए विदेशी खिलाड़ियों का खेल देखना काफी रोमांच भरा रहा। ब्राजील के इब्राहिम रोनाल्डो सूडान के शाहरुख मेसी ने खेलप्रेमियों को काफी प्रभावित किया। मौके पर पूर्व सांसद के पहुंचते ही पूरे मैदान से फुरकान अंसारी जिंदाबाद के नारे से गूंज उठा।मौके पर पूर्व सांसद ने पूरे मैच का भरपूर लुफ्त उठाया और पूरे मैच में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम किया। मौके पर पूर्व सांसद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें। हार-जीत तो खेल में होनी है परंतु हारने के बाद भी हिम्मत नहीं हारें। अपनी त्रुटियों को ढूंढ कर बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। आज इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने जिस स्तर का खेल दिखाया है वह सचमुच में काबिले तारीफ है। जामताड़ा के लिए यह गर्व की बात है कि यहां पर काफी संख्या में विदेशी खिलाड़ी यहां खेलने आए हैं। हमारे आदिवासी खिलाड़ियों को भी इनसे काफी कुछ सीखने को मिलेगी। हमारे बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस इन्हें समय-समय पर निखारने की आवश्यकता है जो यहां के विधायक इरफान अंसारी लगातार कर रहे हैं और खिलाड़ियों को समाज में आगे लाने का काम कर रहे हैं। मैं उन्हें भी धन्यवाद देना चाहूंगा*जैसा कि मालूम हो की फाइनल मुकाबले में उत्तर बांकुरा पश्चिम बंगाल ने जुमिद गांवका को टाइ ब्रेकर में 2-0 से हरा डाला।पूर्व सांसद में विजेता टीम और उपविजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए कहा कि आप सभी खिलाड़ियों ने अच्छे खेल भावना का परिचय दिया इसके लिए आप लोग धन्यवाद के पात्र हैं। यहां आकर काफी अच्छा लग रहा और बिल्कुल भी विश्वास नहीं हुआ की यह मैच जामताड़ा में हो रहा है। फुटबॉल हमारे आदिवासी बच्चों में काफी लोकप्रिय है जो आज यहां साफ-साफ देखने को मिला। हम लोगों से जो भी सहायता खिलाड़ियों को चाहिए वह मैं मुहैय्या कराऊंगा। साथ ही साथ कहा की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी खेल को काफी बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। अच्छे खिलाड़ी खेल के माध्यम से भी रोजगार पा सकते हैं। अब तक कई खिलाड़ियों को उसका लाभ भी मिला है। पूरे राज्य में महागठबंधन की सरकार अच्छा काम कर रही है जो आज साफ-साफ देखने को मिल रहा है। मैं लोगों से अपील करूंगा कि आप लोग एक रहे और सरकार पर अपना विश्वास बनाए रखें। हमारा आदिवासी समाज काफी मजबूत है और लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम कर रहा है। बीजेपी वालों को विकास नहीं दिखता। यह लोग सिर्फ सरकार को अस्थिर करना चाहते हैं। मध्य प्रदेश और मणिपुर की घटना ने भाजपा का असली चेहरा जनता के बीच उजागर कर दिया है और आने वाले 2024 चुनाव में जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए कटिबद्ध है!मौके पर पूर्व मुखिया डेविसन हँसदा मांझी हडाम सुखलाल हांसदा नायिकी गुरु प्रेम हांसदा मनोज बेसरा मंटू हेंब्रम परिमल मंडल सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

विश्व साक्षरता दिवस की तैयारी में हजारीबाग की जिला उपायुक्त ने रूम टू रीड इंडिया की 'साक्षरता वैन' को दिखाई हरी झंडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त व ज़िला मजिस्ट्रेट नैन्सी सहाय ने कलेक्टर कार्यालय के सामने से 'साक्षरता वैन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य जन भी उपस्थित थे, जैसे कि हज़ारीबाग़ के ज़िला शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र नारायण तथा हज़ारीबाग़ के एफ़एलएन नोडल शैलेन्द्र कुमार। यह साक्षरता वैन प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में पढ़ने-लिखने का शौक जगाने के अभियान का हिस्सा है। 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर यह अभियान अपनी परिणति पर पहुँचेगा। रूम टू रीड इंडिया देश तथा वैश्विक स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा देने वाला संगठन है, इसी क्रम में रूम टू रीड ने इस साक्षरता वैन की पहल शुरू की है। वैन में हिंदी भाषा की 500 के लगभग कथा-पुस्तकें होंगीं। पूरे सप्ताह के दौरान यह वैन ज़िले के सभी 10 मंडलों का दौरा करेगी; दिन में यह वैन स्कूलों में तथा शाम में सामुदायिक भवनों में जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के, यानी कि कक्षा 1 से 5 तक, बच्चों को वैन के पास बैठकर किताबें पढ़ने का अवसर दिया जाएगा। कुछ घंटे एक स्थान पर रुकने के बाद वैन अपने अगले गंतव्य की ओर बढ़ चलेगी। रूम टू रीड इंडिया हज़ारीबाग़ ज़िले में निपुण भारत कार्यक्रम (नेशनल इनीशिएटिव फ़ॉर प्रोफ़िशिएन्सी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी) की दिशा में काम कर रहा है, यह वैन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। हज़ारीबाग़ की उपायुक्त एवं ज़िला मजिस्ट्रेट श्रीमती नैन्सी सहाय ने अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि ÷झारखंड सरकार प्रदेश में साक्षरता दर को सुधारने का प्रयास कर रही है, इसी क्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद बच्चों में पढ़ने की ललक पैदा करने के लक्ष्य से रूम टू रीड इंडिया जैसे सहयोगियों के साथ मिलकर बच्चों को रोचक तथा आयु-सम्यक साहित्य उपलब्ध करवाने हेतु प्रयासरत है। इस दिशा में मोबाइल वैन का इस्तेमाल एक सराहनीय क़दम है। 2011 की जनगणना के अनुसार हज़ारीबाग़ में कुल साक्षरता दर 70.48त्न जबकि पुरुष एवं महिला साक्षरता दर क्रमशः 81.15त्न एवं 59.25त्न है। साक्षरता दर में सुधार करने के लिए ज़िला प्रशासन के सहयोग से अगले कुछ महीनों के दौरान रूम टू रीड ज़िले भर में 112 क्लस्टर पुस्तकालयों की स्थापना करने वाला है। ये पुस्तकालय ज़िले के क्लस्टर संसाधन केंद्रों (सीआरसी) में स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक पुस्तकालय में 800 के लगभग पुस्तकें होंगीं तथा ज़िले भर में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को एक लाख पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएँगीं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज।

शुद्धि–पत्र

अपरिहार्य कारणवश इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित ई०–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– e-Tender Reference No- WRD/MID/SAHIBGANJ/F2-03/2023-24 है, जिसका पी0 आर0 नं0 - 304925 (Irrigation) (23-24)#D है, में निम्नांकित संशोधन किया जाता है :–

वेबसाईट में ई०–निविदा प्रकाशन की तिथि– 24.08.2023 के स्थान पर 11.09.2023, वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि– 05.09.2023 के स्थान पर 26.09.2023, परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि प्रमंडलीय कार्यालय में जमा ली जाने की तिथि– 06.09.2023 के स्थान पर 27.09.2023 एवं ई०–निविदा खोलने की तिथि – 08.09.2023 के स्थान पर 29.09.2023 पढ़ा जाय।

इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय। अन्य सभी शर्तें यथावत रहेगी।

(ई0 मृत्युंजय कुमार देहरी)
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज।

PR 306106 Irrigation(23-24)D

समाहरणालय, सिमडेगा।
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–427 / दिनांक–01.09.2023 एवं विभागीय अधिसूचना सं0–03 / दिनांक–11.03.2023 के द्वारा झारखण्ड राज्य के वैसे ''क्रीड़ा प्रशिक्षक''जिन्होंने अन्तराश्ट्रीय / भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं खिलाड़ियों / टीम को उपलब्धि दिलायी हो और जो झारखण्ड राज्यका प्रतिनिधित्व करते हों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरूस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निर्धारित है।

विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नकद पुरूस्कार राशि / सम्मान राशि प्राप्त करने का अहर्त्ता रखते हों वैसे अहर्त्ताधारी''क्रीड़ा प्रशिक्षक''अपना आवेदन विहित प्रपत्र–पत्र में पूर्ण रूप से भरकर दिनांक–05 / 09 / 2023 तक जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय, सिमडेगा, में 3:30 बजे अपराह्न तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

नोटः– आवेदन का प्रपत्र एवं इससे विस्तृत जानकारी **simdega.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0 / –
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 306097 Simdega(23-24)D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (खेल शाखा)
(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 427 दिनांक 01.09.2023 एवं विभागीय अधिसूचना सं0 03 दिनांक 11.03.2023 के द्वारा झारखण्ड राज्य के वैसे **"क्रीड़ा प्रशिक्षक"** जिन्होने अन्तराष्ट्रीय / भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं खिलाड़ियों / टीम को उपलब्धि दिलायी हो और जो झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हो को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरूस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निर्धारित है।

विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नकद पुरूस्कार राशि / सम्मान राशि प्राप्त करने का अहर्त्ता रखते हो वैसे अहर्त्ताधारी **"क्रीड़ा प्रशिक्षक"** अपना आवेदन विहित प्रपत्र–पत्र में पूर्ण रूप से भरकर **दिनांक 05.09.2023 तक जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय, खूँटी में 3:30 बजे अपराह्न तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।**

नोटः– आवेदन का प्रपत्र एवं इससे विस्तृत जानकारी khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी
खूँटी

PR 306129 District(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/LOHARDAGA/E-10/2023-24 PR No. 305401 Lohardaga (23-24).D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

क्र	विवरण	पूर्व प्रकाशित तिथि / समय	संशोधित तिथि एवं समय
1	वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि	29.08.2023	07.09.2023 यथावत्
2	ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	08.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक	13.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
3	ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय	09.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक	14.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
4	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय	11.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे	15.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे

2\. ग्रुप नं0 3 में अंकित ग्राम सेरेंगदाग को सेरेंगहातु पढ़ा जाय।

निविदा सूचना की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा ।

PR.NO.306156 Lohardaga(23-24):D

कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

पत्रांक :– गढ़वा, दिनांकः–

सूचना

एतद् द्वारा श्री अरविन्द कुमार सिंह, प्रयोगशाला प्रावैधिक, पता– ग्राम–अनतपुर, पोस्ट– माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार को सूचित किया जाता है कि :–

1. निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉची के पत्रांक 1921(23) दिनांक 19.08.2023 द्वारा माह फरवरी–2016 से लगातार सेवानिवृति की तिथि 31.01.2023 तक आपकी अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं अन्य गठित आरोप की जॉच हेतु झारखण्ड पेंशन नियमावली 43 परन्तुक क(II) के तहत् दण्ड अधिरोपित करने हेतु नियम–17 में विर्णत प्रक्रिया में निहित प्रावधानुसार विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है।
2. आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन हेतु डा0 डी0 पी0 सक्सेना, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉची, संचालन पदाधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी को उपस्थापन पदाधिकारी नामित किए गए हैं।
3. सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के पत्रांक 1388 दिनांक 28.08.2023 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही की प्रति आवासीय पता–ग्राम–अनंतपुर, पो0–माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार, पिन–801308 पर प्रेशित किया गया है।

श्री अरविन्द कुमार सिंह को निदेश दिया जाता है कि आपके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही की प्रति, अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर, संचालन पदाधिकारी के समक्ष अपना लिखित बचाव बयान, साक्ष्य सहित समर्पित करना सुनिश्चित करें। उक्त में लिखित बचाव बयान पक्ष समर्पित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि गठित आरोप के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में संचालन पदाधिकारी द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विरूद्ध आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 306123 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची

निविदा आमंत्रण सूचना सं0–RCD/RANCHI -18/2023-24 Dt. 04-09-2023

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– **26.09.2023 से 27.09.2023** को कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– **29.09.2023** को अपराह्न **3.00** बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **29.09.2023** को अपराह्न **3.30** बजे ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अचंल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची ।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थानः– क्रमांक 5 में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1.	कोकर चौक (बिजली ऑफिस) से रिम्स पथ में सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2023–24.	50,00,000	1,00,000	5,000	45 दिन
2.	इटकी से ब्राम्बे भाया रानी खटंगा पथ में साधारण मरम्मति, नाली निर्माण एवं कि0मी0 पोस्ट, रोड साईनेज आदि कार्य वर्ष 2023–24.	50,00,000	1,00,000	5,000	45 दिन
3.	बुढमू से मांडर पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2023–24.	40,00,000	80,000	5,000	45 दिन
4.	राँची शहर के विभिन्न पथांशों में रोड सेफ्टी (स्पीड ब्रेकर, साईनबोर्ड इत्यादि सुरक्षात्मक) कार्य वर्ष 2023–24.	50,00,000	1,00,000	5,000	45 दिन
5.	सतीश चौक से पिस्का रेलवे स्टेशन मदर डेयरी पथ का सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2023–24.	50,00,000	1,00,000	5,000	45 दिन
6.	कांके बाजार टांड से मिल्लत कॉलोनी पथ में साधारण मरम्मती एवं नाली निर्माण कार्य वर्ष 2023–24.	40,00,000	80,000	5,000	45 दिन
7.	जामिया नगर से कड़रू पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2023–24.	30,00,000	60,000	5,000	45 दिन
8.	एदलहातु पथ से ग्रीन पार्क पथ का सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2023–24.	40,00,000	80,000	5,000	45 दिन

निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

PR 306212 Road Construction Dept Road Division Ranchi(23-24).D

जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(जिला खेल शाखा)

दूरभाष : .... Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक 427 दिनांक 01.09.2023 के द्वारा रामगढ़ जिला के वैसे क्रीड़ा प्रशिक्षक, जिन्होने दिनांक 10.06.2022 के बाद अन्तर्राश्ट्रीय / भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों / टीम को उपलब्धि दिलायी हो और जो झारखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हो को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगद पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निर्धारित किये गए है। विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की आहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हों, उनसे ''नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)'' हेतु विहित् प्रपत्र में जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

जिले के योग्य एवं अहर्त्ताधारी क्रीड़ा प्रशिक्षक ''नकद पुरस्कार / सम्मान राशि'' हेतु अपना आवेदन विहित् प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से दिनांक 05.09.2023 के अप0 03:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ (अनुमण्डल परिसर) में जमा करेंगे। आवेदन का विहित प्रपत्र, विभागीय संकल्प संख्या– 03 दिनांक 11.03.2023 एवं झारखण्ड खेल नीति–2022 की प्रति निदेशालय के वेबसाईट–https://sports.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होंगी।

ह0 / – जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 306135 District(23-24)D

Office of the Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice

Tender Reference No. DWSD/UNTD/MRWS/16/2023-24 (1st Call) Date : 04.09.2023

Sl. No.	Particular	Details				
1	Name of Work	Construction of Rural Water Supply Scheme with 1.0 HP DC Solar Motor Pump Complete set & 200 mm X 165 mm X 200.0 Mtr Deep High Yield Drilled Tube Well in Different Block of Chatra District "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2023-24 under (Untied Fund)				
	Group No.	No. of Scheme	Estimated Cost (In Rs.)	E.M Required (In Rs.)	Cost of BOQ (In Rs.)	Time of Completion
	UNTD/TAMASIN/KNC/CH-01	1	9,00,223/-	18,500/-	1,250/-	03 Months
	UNTD/M.DEV/KND/CH-02	1	9,00,223/-	18,500/-	1,250/-	03 Months
	UNTD/JBAV/KNC/CH-03	1	9,00,223/-	18,500/-	1,250/-	03 Months
	UNTD/JBAV/MYD/CH-04	1	9,00,223/-	18,500/-	1,250/-	03 Months
	UNTD/JBAV/PTP/CH-05	1	9,00,222/-	18,500/-	1,250/-	03 Months
	UNTD/JBAV/PTH/CH-06	1	9,00,222/-	18,500/-	1,250/-	03 Months
2	Date of Tender Uploading in Website	08.09.2023 at 05:00 PM				
3	Last date receipt of Bid	14.09.2023 upto 05:00 PM				
4	Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy)	15.09.2023 upto 3:00 PM In the Office of - 1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and 2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh.				
5	Date of Opening Tender	15.09.2023 at 05:00 PM				
6	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)				
7	Name & Address of Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)				
8	Contact No. of Procurement Office	+91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273				
9	Helpline No. of e-Procurement Cell	0651-2480345				

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR.NO.306167 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-19/2023-24 1stCall

National Competitive Bidding

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/19/2023-24 Date:-29.08.2023

1	Name Of Work	Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of High Level Bridge over Sone River Connecting Devrikala To Devipur including Detailed Land Acquisition Plan with ownership details, Forest Diversion Proposal, Resettlement & Rehabilitation Proposal etc. in the State of Jharkhand.
2	Tentative Length	5000m (Including Approach)
3	Period of Completion of Work	90 Days
4	Cost of Tender documents	Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs10,000/- (Ten Thousand) only. EMD:- **Rs. 300000.00 (Three Lakh only)** in the shape of Bank Guarantee in prescribed Performa issued by any Scheduled Bank anywhere in India and valid for 365 Days from the last date of submission of tender documents or 3/5 years NSC,Post Office Time Deposit and Fixed Deposits(STR/TDR/FDR) of a Scheduled Bank (All the above mentioned form of Security Deposit money issued within the State of Jharkhand) and duly pledged in **favourof Executive Engineer, Planning and Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi.**
5	Mode of Bid Submission	e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)
6	Date/Time of Publication of Tender on Website	08.09.2023,10:30 AM
7	Online Last Date/Time of Bid Submission	01.10.2023, 17:00PM
8	Date , Time and Place of Pre-Bid Conference	21.09.2023, 11.00AM in the Chamber of CE,CDO,RCD,Ranchi.
8	Last Date/Time of Submission of Hard Copy of Tender Fee & EMD	03.10.2023 12:00PM
9	Date and Time of Bid opening	03.10.2023 12:30 PM
10	Bid validity	120 days
11	Bid Submission Address	Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004
12	Designation and Contact no. of Tender inviting Officer	Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD,Ranchi, Mob No.-8083039058

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 306190 (Road) 23-24 (D)

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, मंगलवार, 05 सितंबर 2023 | पेज 10

सर्पदंश से चार वर्षीय बच्ची की हुई मौत परिवार में छाया मातम

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड क्षेत्र के बलिया पंचायत के ग्राम चमरूगढ़हा में एक जहरीला सांप के काटने से एक चार वर्षीय बच्ची का निधन हो गया। आपको बता दें कि ग्राम चमरूगढ़हा निवासी मुमताज अन्सारी की पुत्री घर में जमीन पर सोई हुई थी इसी दौरान एक जहरीले सांप ने काट लिया, जिसके बाद परिजनों के द्वारा आनन फानन में उसे इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से जहां परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम का माहौल है।

स्वच्छ वायु जागरूकता पर विचार गोष्ठी का आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम के सप्ताहव्यापी शुद्ध वायु जागरूकता कार्यक्रम के तहत झरिया केकेसी बालिका उच्च विद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 9 व 10 वर्ग की छात्राएं एवम शिक्षिकाओं ने भाग लिया। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा सुरक्षित पर्यावरण हेतु वायु प्रदूषण को नियंत्रित करना होगा। झरिया में वायु प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि गर्भ में पल रहे बच्चे प्रभावित हो रहे हैं और दिव्यांग बच्चों की संख्या बढ़ रही है। डॉ मनोज ने कहा कि प्रदूषण के बच्चे सेरेब्रल पाल्सी के शिकार हो रहे हैं। उन्होने कहा कि यदि नीले आकाश की सुंदरता सुरक्षित रखना है तो वायु को स्वच्छ करना होगा। युथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि मेरी सांसे मेरा हक का नारा को बुलंद करना होगा। सभी बच्चे अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाएं। उपहार में भी पौधा देने की आदत डालना चाहिए। उन्होने कहा कि बूढ़े बच्चे सभी को मास्क का उपयोग करना बहुत ही जरूरी है। अपनी जीवन शैली में सुधार कर हम पर्यावरण को को बचा सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ललिता कुमारी व मंजू रानी ने कहा कि बेटियां भविष्य की गृहणी हैं और हर गृहणी को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि भावी पीढ़ी पर्यावरण का सम्मान करें। कार्यक्रम में फिज़ियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, स्पेशल एडुकेटर अखलाक अहमद, प्रधान शिक्षिका ललिता कुमारी, मंजू रानी, किरण कुमारी, अमृता कुमारी, जितेंद्र कुमार, अभिमन्यु प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इको क्लब के सारथियों ने बांटे कपड़े व जूट के थैले

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के इको क्लब के सारथी छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने ही स्कूल के कनिष्ठ छात्रों के अभिभावकों को कपड़े और जूट के थैले वितरण किए। इन बच्चों का प्रयास है कि अभिभावक पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें तथा कागज, कपड़े और जूट के बने थैलों का उपयोग करें। ये पूरी तरह से पर्यावरण के साथी हैं। बच्चों का पर्यावरण संरक्षण के प्रति रुझान को देखते हुए विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पॉलिथीन न केवल पर्यावरण को असंतुलित कर रहा है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। हम सभी को इसके उपयोग पर रोक लगानी चाहिए। मौके पर पर्यावरण संरक्षण (इको क्लब) के स्कूल प्रभारी सत्य प्रकाश एवं उनके सहयोगी सुनील तिवारी, फटिक दास आदि मौजूद थे।

50 लोगों ने जवाहर बाल मंच की ली सदस्यता

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार को गांधी सेवा सदन में जवाहर बाल मंच के द्वारा एक समन्वय बैठक की गई जिसमें जवाहर बाल मंच प्रदेश कोऑर्डिनेटर व ट्रेनिंग इंचार्ज सह धनबाद जिला प्रभारी आशीष सिन्हा ने संगठन को मजबूती और सशक्तिकरण बनाने हेतु विशाल रवानी के नेतृत्व में 50 लोगों की सदस्यता ग्रहण करवाई तथा सदस्यों को नए पदभार के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई। जवाहर बाल मंच के जिला प्रभारी आशीष सिन्हा ने मीडिया को बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू देश में बच्चों के प्रति उनका विशेष लगाव था। उन्हीं के विशेष लगाव से पूरे भारतवर्ष में जवाहर बल मंच के बैनर तले बच्चों के प्रतिभा सशक्तिकरण करने के लिए यह बैनर तले उन्हें प्रेरित किया जाएगा। वैसे बच्चे जिन्हें पढ़ाई एवं अन्य सुविधाओं से वंचित है, उनको बेहतर और सशक्त बनाने के लिए बाल जवाहर मंच के द्वारा विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान करेंगे। मौके पर विशाल रवानी ने कहा कि पिछड़े वर्ग के बच्चों को जो सुविधा नहीं पहुंच पा रहा है उन्हें पहुंचाने का हर प्रयास किया जाएगा। बैठक में अजय कुमार पांडे जिला सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे। नवाजिश अफजल, सोहेल खान, अक्षय चौधरी, अमित कुमार, जतिन निशाद, आजम, रोहित मिश्रा, सोनू कुमार, अमित कुमार, अंकित सोनी, ऋषि निषाद, नीतीश कुमार, अभिषेक कुमार, ऋषि कुमार, रिंकेश कुमार, बंटी कुमार, सौरभ साव, रवि कुमार, विशाल रावत समेत अन्य ने सदस्यता ग्रहण किया।

वन बंधु परिषद धनबाद महिला समिति व इनर व्हील क्लब की सदस्याओं ने किया लालमणि में सेवाकार्य

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार 4 सितंबर को वन बंधु परिषद धनबाद की महिला समिति तथा इनर व्हील क्लब धनबाद की सदस्याओं ने मिलकर टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम मे पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भ्रमण किया। इसमें दोनों ही संस्थाओं की सदस्याओं ने बड़े उत्साह से बुजुर्गों के सेवा कार्यों में भाग लिया। साथ ही आश्रम में रोजमर्रा के उपयोग का सामान, राशन का सामान, सब्जी, फल तथा अन्य खाद्य पदार्थ दान किए गए। वहां के आवासी वृद्ध जनों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखकर सभी के मन को बहुत संतोष प्राप्त हुआ। उनके साथ सभी ने भजन भी गाए तथा हँसी खुशी से बिताए कुछ समय से ही उनकी आंखों में अप्रतिम आनन्द दिखा। सभी को वहां जाकर इतना अच्छा लगा तथा आत्म संतुष्टि की प्राप्ति हुई कि सब ने भविष्य में भी वहां वृद्ध जनों की सेवा का निश्चय किया।

आतंक का पर्याय बन चुके मेजर को ढूंढने में पुलिस नाकाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रंगदारों, दबंगों व मनबढ़ुओं से तबाह धनबाद के कारोबारियों, चिकित्सकों व अन्य लोगों के लिए मेजर नाम परेशानी का सबब बना हुआ है। आये दिन कहीं गोली चलाने की घटना से लेकर धमकी देने तक में मेजर का नाम आता है। ऐसी घटनाओं के बाद पीड़ित पक्ष या फिर पुलिस द्वारा मेजर के नाम से प्राथमिकी दर्ज करायी जाती है। अगर ऐसी प्राथमिकियों पर एक नजर डालें, तो दो दर्जन से ज्यादा हैं, पर परेशानी यह है कि पुलिस कार्रवाई किस पर करे। पुलिस अभी तक मेजर की पहचान नहीं कर सकी है। मेजर नाम का कोई शख्स है भी या नहीं, इस पर भी संशय है। याद रहे कुछ दिन पहले तक बड़े सरकार के नाम से इसी तरह का धमकी भरा संदेश आता था।

बड़ा सवाल : कौन कर रहा ऐसा काम

धनबाद के लोगों के अलावा पुलिस में भी अब इस बात की चर्चा है कि ऐसा कौन कर रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि स्थानीय अपराधी ही तकनीक का इस्तेमाल कर ऐसा कर रहे हैं। दूसरी ओर शहर के लोगों का कहना है कि पुलिस के मुखबिरों के कमजोर पड़ने का यह नतीजा है कि इतने दिन बाद भी पुलिस असली गुनहगार के



पास तक नहीं पहुंच पा रही है।

मेजर के नाम से ऐसे-ऐसे दावे :- धनबाद जिला में जब भी किसी प्रतिष्ठान या किसी बिजनेस मैन के घर पर फायरिंग होती है, उसके कुछ मिनट के अंदर ही मेजर का मैसेज सोशल मीडिया पर जारी कर दिया जाता है। इसमें सबसे बड़ी बात है कि घटना होते ही उसे जानकारी दी जाती है और एक कागज पर हिंगलिश में पत्र लिखकर सोशल मीडिया पर जारी करता है और दावा करता है कि मैं छोटे सरकार का शूटर मेजर बोल रहा हूं। इसमें सबसे बड़ी बात है कि अभी तक जितने भी पत्र जारी किये गये हैं, उन सभी की हैंडराइटिंग एक जैसी है। लिखने की शैली भी वही है। जबकि बताया जाता है कि जो भी इस काम को कर रहा है, वह धनबाद में ही रहकर वायरल करता है और वह सीधे तौर से फरार अपराधी प्रिंस के संपर्क में है

दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज :- मेजर के खिलाफ धनबाद जिला के विभिन्न थाना में दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। इसमें सबसे ज्यादा मामला बैंक मोड़ और भूली ओपी में है। यहां लगभग एक दर्जन मामला दर्ज है। इसके साथ ही धनबाद थाना में दो, गोविंदपुर में एक, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, सरायढेला, कतरास के अलावा भी अन्य थाना में मामला दर्ज है। सभी प्राथमिकी में सिर्फ लिखा हुआ है प्रिंस खान का शूटर, लेकिन पता का कॉलम आज भी खाली है।

ऐसा होता, तो बन सकती थी बात :- धनबाद पुलिस इन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार काम कर रही है, लेकिन यदि धनबाद पुलिस के पास बड़े महानगरों की तर्ज पर साइबर एक्सपर्ट होते, जो पल पल की जानकारी ले पाते तो कई और अपराधी पकड़ में आते। इसके साथ ही यूपी की तर्ज पर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई होती, तो कई अपराधी या तो काम छोड़ कर मुख्यधारा में जुड़ जाते, नहीं तो उन्हें जेल जाना पड़ता।

एडीएम लॉ एंड आर्डर ने की कल्याण विभाग की समीक्षा

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता ने समाहरणालय के सभागार में कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ई कल्याण पोर्टल, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जाहिर स्थान घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी, एकलव्य विद्यालय सहित अन्य योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने ई कल्याण पोर्टल पर शत प्रतिशत छात्रों के नाम की प्रविष्टि और उसका सत्यापन करने, समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लाभुकों को फोन करके एग्रीमेंट करने के लिए बुलाने और उनका बैंक खाता खुलवाने तथा अन्य योजनाओं में कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता मोहम्मद ए आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : टुंडी प्रखंड सभागार में आज सोमवार को पंचायती राज विभाग रांची के द्वारा टुंडी प्रखंड के कुल चार पंचायतों के 46 वार्ड सदस्यों को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ की गई । प्राप्त समाचार के अनुसार इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में तत्काल टुंडी प्रखंड के जीतपुर, मनियायांडीह ,फतेहपुर, मछियारा पंचायत से प्रारंभ किया गया है । रांची से आए ट्रेनर बिरजू यादव एवं राजकुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण में स्वच्छता एवं विकास की रूपरेखा के बारे में प्रशिक्षण दिया जाना है यह प्रशिक्षण कार्यक्रम4/9/23 से 6/9/23 तक चलेगा। सभी वार्ड सदस्य इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद अपने-अपने पंचायतों में इसें बखूबी लागू करेंगे ।

ई-समाधान, सीपीग्राम, विभाग से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों के अनुपालन उच्च न्यायालय में लंबित मामले समेत अन्य मामलों की समीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता ने आज ई - समाधान, सीपीग्राम, विभाग से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों के अनुपालन, माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामले, जन शिकायत, सीपीग्राम तथा अन्य मामलों की समीक्षा की। इस दौरान अपर समाहर्ता द्वारा शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय धनबाद के मुख्य परिसर के सामने अवस्थित कृषि फार्म की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने, डीएवी पब्लिक स्कूल, सिंदरी के बाउंड्रीवॉल एवं फेसिंग निर्माण करवाने, धनबाद हवाई अड्डा के

चाहरदिवारी के आसपास अवस्थित विद्युत पोल को शिफ्ट करने, टुंडी प्रखंड में स्वास्थ्य उपकेंद्र, पलमा के अधूरे भवन निर्माण कार्य को पूर्ण करने, जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2023 के सफल कार्यान्वयन करने, जिले के सरकारी विद्यालयों में ट्रांसफार्मर एवं बेंच डेस्क उपलब्ध करवाने, कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने, पीएम पोषण योजना अंतर्गत विद्यालयों को हाइट एवं वेट रिकॉर्डर उपलब्ध कराने, पीएम शहरी योजना के अंतर्गत विद्यालयों के पोर्टल पर निबंध करने, ई विद्या वाहिनी अंतर्गत सभी विद्यालयों से छात्रावास आंकड़ा का संकलन सुनिश्चित करने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फैले हुए झोलाछाप फर्जी चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई करने, केंद्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिलों में संचालित संप्रेषण गृह के सुचारू रूप से संचालन करने, शहर में लटकते तार को दुरुस्त करवाने, आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में बिजली पहुंचाने समेत कई अन्य मामलों की समीक्षा की गई।

कांग्रेस ने वस्तुओं के दामों में वृद्धि के विरोध में रणधीर वर्मा चौक पर दिया धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में एलपीजी, गैस-सिलेंडर के मूल्य में वृद्धि,खाद्य सामग्रियों के दामों में बेहताशा वृद्धि सहित आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि जैसे मोदी सरकार के छद्म राजनीतिक स्टंट को आम जनता के बीच पर्दाफाश करने को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया, मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक,कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी सहित कांग्रेस के धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशीद रजा अंसारी, मुख्तार खान, योगेंद्र सिंह योगी,राजेश्नवर सिंह यादव, सतपाल सिंह ब्रोका अक्षयवर प्रसाद, कयूम खान ,सरफराज आलम,अशोक प्रकाश लाल,वकील बाऊरी, सीता राणा, पप्पू कुमार तिवारी, बब्लू दास, सूरजकांत मिश्रा, रवि चौबे, गोपाल कृष्ण चौधरी, जहीर अंसारी, दीपक सिंह, संतोष राय, सरफुर्दीन अंसारी, जयप्रकाश चौहान, हरेन्द्र शाही, मनोज कुमार हाडी, इम्तियाज अली, मुकेश प्रसाद,आनंद मोदक,

गैरूल हसन, बलराम महतो, अजय कुमार, मृत्युंजय सिंह, हरिश्चंद्र दुबे, रामदुलारी, अनिल सिंह, जगदीश, मधुसूदन सिंह चौधरी, शशिनाथ तिवारी, रामवृक्ष यादव, आशिश सिन्हा, मनोज घोष, रूबी खातून, हेमंती, प्रितम रवानी, असद कलीम, संदीप, निवारण, अरविंद सैनी, सिकन्दर ए आजम, दयालचन्द्र, सत्येंद्र सिंह, गुड्डू खान, सेवालाल सोनकर, मधुसूदन पंडित, पिंटु तुरी, राकेश, टिंकू , अनु पासवान, मो.प्रिंस, आयुष सिंह, मंजीत, अमित कुमार मनीष कुमार सहित पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों कांग्रेसजन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कैलाश खेर और कुमार विश्वास के गीतों पर झूमेगा धनबाद

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : हिंदी साहित्य विकास परिषद द्वारा अपने 44वें स्थापना दिवस सह हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 23 सितंबर एवं 24 सितंबर को भव्य रूप से साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि कोयलांचल की विभिन्न संस्थाओं के द्वारा कार्यक्रम का प्रवेश पत्र दिनांक 5 सितंबर 2023 से 11 सितंबर 2023 संध्या 7ः00 बजे तक क्रमशः ?1000 एवं ?500 की सहयोग राशि के साथ निर्गत किया जाएगा। प्रवेश पत्र मधुलिका ग्रुप के सभी आउटलेट क्रमशः हीरापुर,बैंक मोड़, स्टील गेट,मेमको मोड़ पर उपलब्ध होगा। इसके साथ ही राजकमल टेक्सटाइल पुराना बाजार,चेतन आर्नामेंट्स बैंक मोड़, नारायणी सिक्योरिटी धनसर, भवानिया एसोसिएट कोर्ट कैंपस कोर्ट मोड, लुबी सर्कुलर रोड धनबाद में उपलब्ध होगा।यह आयोजन शहर के गोल्फ ग्राउंड में मनाया जाएगा। हिंदी साहित्य विकास परिषद द्वारा एक बहु लाभकारी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें किसी भी व्यक्ति को कोई चिकित्सकीय परामर्श नहीं दिया जाएगा।बल्कि उनका बौद्धिक एवं मानसिक मनोरंजन होगा।कुमार विश्वास के प्रेम गीत एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं से भरी हास्य रचनाएं हम लोगों को गुदगुदा एंगी और हसाएंगे।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा का एक दिवसीय धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : राज्य में बढ़ती अपराधिक घटना, भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने सोमवार 4 सितंबर को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया। साथ ही उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा की झारखण्ड में आम लोगों का रहना मुस्किल होता जा रहा है। अपराधी बेझिझक गोली बारी कर घटना को अंजाम दे रहे हैं। व्यवसायी डरे सहमे रहने को मजबुर है। वहीं भ्रष्टाचार चरम पर है। मजदुरो को रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है और वर्तमान सरकार सभी मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है। जिसे लेकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा आंदोलन के माध्यम से सरकार को जगाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि शांतिपूर्ण आन्दोलन से नहीं जगी तो भारतीय जनतंत्र मोर्चा आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

धनबाद जिला दवा संगठन ने की खरखरी में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कतरास : धनबाद जिला दवा संगठन ने खरखरी सांसद कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने की। मुख्य रूप से विकास सरकार संगठन सचिव, नीलू सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। बैठक का उद्देश्य मुख्य रूप से दवा दुकानदारों को हो रही समस्याओं के मद्देनजर किया गया जिसमें बाघमारा क्षेत्र खरखरी बाजार कतरास के दुकानदार उपस्थित थे। दुकानदारों के द्वारा ऑनलाइन दवा कंपनी के खिलाफ विरोध किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की धनबाद जिला के सभी दवा दुकानदार एक जुट होकर हमारे विधायक सांसद से मांग करेंगे की ऑनलाइन दवा कंपनियों के खिलाफ हमारा साथ दें। जिससे हम अपना व्यापार सुचारू रूप से चला सके। सभी सदस्यों द्वारा संगठन को मजबूत बनाने पर एकजुटता दिखाई। सचिव धीरज दास ने कहा कि हमारे दुकानदार भाइयों को एकजुट होने की

आवश्यकता है, इसके लिए संगठन आपके साथ है। कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि जल्द ही हम सदस्यता अभियान चलाने जा रहे हैं जिसके तहत धनबाद जिले के जो भी दुकानदार भाई हमारे सदस्य नहीं है, वह भी हमारे संगठन से जुड़कर अपनी सदस्यता ग्रहण करेंगे। ललित अग्रवाल ने बताया की इस तरह की बैठक धनबाद जिले के हर क्षेत्र में की जाएगी एवं हमारे सदस्यों को जो भी समस्याएं हो रही है उसका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल का दिया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से क्रियान्वित योजनाओं की मोनिटरिंग करने के लिए प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल में डेटा फीड करने के लिए विभिन्न एजेंसियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी को इस पोर्टल पर डाटा एंट्री करने से संबंधित जानकारियां दी गई। साथ ही उनकी सभी आशंकाओं को दूर कर दिया गया। प्रशिक्षण के संबंध में डीएमएफटी पीएमयू की रश्मि सिंह ने बताया कि इस पोर्टल से डीएमएफटी की योजनाओं के प्रगति को डिजिटली देखा जा सकता है। साथ ही बताया कि इससे यह भी जानकारी मिलेगी कि किस योजना में विलंब हो रहा है या किस कारण से योजना शुरू नहीं हो सकी है।इस दौरान पीएचईडी एक एवं दो, जुडको, लघु सिंचाई, बिल्डिंग डिविजन, स्पेशल डिविजन, रोड डिविजन, रूरल वर्क्स डिविजन सहित अन्य विभागों से एक नोडल अधिकारी के रूप में सहायक अभियंता और एक कंप्यूटर ऑपरेटर को डीएमएफटी प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट की टीम ने प्रशिक्षण दिया।

धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर होगा 08 जोड़ी ट्रेनों का ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर खलारी स्टेषन पर 12873/74 स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस एवं 18311/12 सम्बलपुर-बनारस-सम्बलपुर एक्सप्रेस का, गढ़वा टाउन स्टेषन पर 13025/26 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस तथा कतरासगढ़ स्टेषन पर 13403/04 वनांचल एक्सप्रेस, 18619/20 रांची-गोंडा-रांची एक्सप्रेस, 18621/22 पटना-हटिया-पटना एक्सप्रेस, 19413/14 अहमदाबाद -कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस एवं 19607/08 कोलकाता-मदार-कोलकाता एक्सप्रेस का निम्नानुसार ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है–

ऽ **खलारी स्टेशन पर :-** 1.गाड़ी सं. 12873 हटिया-आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस दिनांक 12.09.23 से 17.22 बजे खलारी स्टेषन पहुंचेगी तथा 17.24 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

2.गाड़ी सं. 12874 आनंद विहार-हटिया स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस दिनांक 13.09.23 से 14.36 बजे खलारी स्टेषन पहुंचेगी तथा 14.38 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

3.गाड़ी सं. 18311 सम्बलपुर-बनारस एक्सप्रेस दिनांक 13.09.23 से 23.40 बजे खलारी स्टेषन पहुंचेगी तथा 23.42 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

4.गाड़ी सं. 18312 बनारस-सम्बलपुर एक्सप्रेस दिनांक 14.09.23 से 23.50 बजे खलारी स्टेषन पहुंचेगी तथा 23.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

ऽ **गढ़वा रोड स्टेशन पर :-** 5.गाड़ी सं. 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 12.09.23 से 00.04 बजे गढ़वा रोड स्टेषन पहुंचेगी तथा 00.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

6.गाड़ी सं. 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस दिनांक 07.09.23 से 01.44 बजे गढ़वा रोड स्टेषन पहुंचेगी तथा 01.46 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

ऽ **कतरासगढ़ स्टेशन पर -**

7.गाड़ी सं. 13403 रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस दिनांक 09.09.23 से 22.38 बजे कतरासगढ़ स्टेषन पहुंचेगी तथा 22.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

8.गाड़ी सं. 13404 भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस दिनांक 09.09.23 से 04.47 बजे कतरासगढ़ स्टेषन पहुंचेगी तथा 04.49 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

9.गाड़ी सं. 18619 रांची-गोड्डा एक्सप्रेस दिनांक 09.09.23 से 00.58 बजे कतरासगढ़ स्टेषन पहुंचेगी तथा 01.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, मंगलवार, 05 सितंबर 2023| पेज 11

20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम की अध्यक्षता में हुई बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड सभागार सेन्हा में 20 सूत्री बैठक के दौरान पंचायत वार संचालित योजना एवं अन्य विभाग द्वारा जनहित कार्य का समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड सभागार में 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के अध्यक्षता में संचालित एवं जनहित विकास कार्य का समीक्षा किया गया। आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्या निशि, आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रभारी कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत, जेई संजीत कुमार, मनु कुमारी, आकांक्षा कुजूर सहित सभी विभाग के कर्मी व पदाधिकारी मौजूद थे। वही 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के द्वारा सभी विभाग के पदाधिकारियों से प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। जिसमें पशुपालन पदाधिकारी से लम्पी बीमारी का इलाज के बारे में जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत मुर्गी, शूकर, बकरी वितरण व पालन के बारे में जानकारी लिया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए क्षेत्र के सरकारी विद्यालय का भवन और शौचालय के बारे में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि वज्रपात से मनुष्य एवं पशु का मृत्यु हुआ है। और अंधी तूफान से आवास का जो छति हुआ है। उसे आपदा विभाग की ओर से छतिपूर्ति मुआवजा दिलाने हेतु अपदप्रबन्धन विभाग को सूची उपलब्ध कराया गया है प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 292 एकड़ में मनरेगा द्वारा आमबागवानी का कार्य करना है। जिसमें से लगभग 268 एकड़ में पूर्ण हो चुका है। बरसात में खेती का कार्य करने के कारण मजदूरों के कमी से कुछ जगहों में आम बागवानी का कार्य नही हो पाया है। जिसे शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जायेगा.कण्डरा में पदस्थापित पशु चिकित्सक रोहित कुमार को बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज कर प्रखंड कार्यालय को सूचना देने का निर्देश दिया गया। इस प्रकार बारी बारी से सभी विभाग द्वारा जनहित कार्य का समीक्षा किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, सदस्य प्रकाश उराँव, देवकी उराँव,बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी सहित प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : कल्हेपाट ग्राम में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस अस्पताल में कराया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम में बाइक चालक नशे के हालत में टैक्टर में सीधा टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा थाना को सूचना दिया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच घायल अवस्था मे युवक को सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया?। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर किया गया। घायल की पहचान आजमगढ़ यूपी निवासी आंनद मोहन सिंह के 36 वर्षीय पुत्र आंनद सिंह के रूप में किया गया। वही बताया जाता है। कि आंनद कुमार एच डी एफ सी बाएफ संस्था में कार्यरत है। जो पारही की ओर से बाइक जे एच 08 डी 2689 से लोहरदगा जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर में धक्का मार दिया। जिससे बाइक अनियंत्रित हो सड़क पर गिर गया और पैर में गम्भीर चोटें आई है। जिसका इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा से भी रांची के लिए रेफर किया गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि बाइक चालक की लापरवाही एवं नशे में होने के कारण सड़क दुर्घटना हुआ है।

गरीबों का आहार खा गई झारखंड सरकार : रामचंद्र गिरि

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला आजसू पार्टी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने झारखंड सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जन वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरण किया जाने वाला अगस्त माह का गरीबों का आहार झारखंड सरकार खा गई। उन्होंने कहा कि सुबे के मुख्यमंत्री डुमरी विधानसभा उप चुनाव में अपनी उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने में व्यस्त रहे और उधर झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग के मंत्री और पदाधिकारी गरीबों का आहार खाकर मस्त रहे। रामचंद्र गिरि ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित खबर के अनुसार 74 हजार टन अनाज केंद्र सरकार के द्वारा झारखंड सरकार को जन वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरण करने के लिए दिया गया था परंतु खाद आपूर्ति विभाग इसमें बड़ा खेला कर डाला। जब केंद्र सरकार ने भेजे गए अनाज के संबंध में झारखंड सरकार से रिपोर्ट मांगी तो विभागीय मंत्री के हवाले से यह कहा गया कि अनाज 74 हजार टन नहीं बल्कि 57 हजार टन ही हमारे पास है जिसे विलंब हो जाने के कारण गरीबों के बीच नहीं बांटा जा सका। आपूर्ति विभाग को यह बताना चाहिए कि अनाज बांटने में विलंब क्यों हुआ और 27 हजार टन अनाज कहां चला गया। रामचंद्र गिरि ने कहा कि झारखंड सरकार असंवेदनशील हो गई है। वर्तमान समय में झारखंड सूखा के चपेट में आ गया है। धान एवं अन्य फैसलें मरने की स्थिति में है। किसान को खाने के लिए अनाज नहीं है और उनके हिस्से का अनाज गायब हो जाना और उन तक नहीं पहुंचाना यह किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि 2024 का विधानसभा चुनाव आने में देर नहीं है, झारखंड की गरीब जनता चुन-चुन कर बदला लेने के लिए तैयार बैठी है।

डीएमके नेता की अशोभनीय टिप्पणी पर घमंडिया गठबंधन की बोलती क्यों बंद है : ओम प्रकाश सिंह

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने डीएमके नेता तथा मंत्री उदयनिधी की सनातन धर्म को खत्म करने को लेकर की गई टिप्पणी को पागलपन की पराकाष्ठा बताते हुए घोर भर्त्सना की है। उन्होंने कहा है कि सनातन को खत्म करने की बात करने वाले खुद खत्म हो जायेंगे। सनातन शास्वत् है, इसे दुनिया की कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर करती। डीएमके नेता उदयनिधी की इस अशोभनीय टिप्पणी पर मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करने वाले नेता की बोलती क्यों बन्द हो गई। विपक्षी गठबंधन के एक भी नेता ने इस वक्तव्य की अभी तक आलोचना नहीं की है। यह इस बात को प्रमाणित करता है कि धमंडिया गठबंधन में शामिल सभी लोग केवल तृष्टीकरण तथा वोट बैंक की राजनिति करते हैं। आने वाले समय में जनता सनातन विरोधी सारी शक्तियों को धाराशायी करेगी, उदयनिधी के टिप्पणी की निन्दा करने वालों में ओम प्रकाश सिंह के अलावा सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, भाजपा नेता संजय बर्मन, ओवैसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय पंकज, मिथुन तमेड़ा, बाल्मीकि कुमार, शशि भूषण सिंह, अवधेश मित्तल, निधिकांत प्रभाद, परमानंद कुमार, संजय चौधरी, नीरज कुमार, लाल निरंजन शाहदेव, मनोज गुप्ता, अतुल कुमार आदि हैं।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जूम मीटिंग एप के माध्यम से खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज सोमवार को जूम मीटिंग एप के माध्यम से खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते दिनों में अवैध बालू उठाव,परिवहन को लेकर थाना स्तर से की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। प्रखण्डवार कार्रवाई व आर्थिक दंड की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारियों को निदेश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू उठाव/परिवहन, चिप्स-पत्थर का अवैध खनन/परिवहन,बॉक्साईट का अवैध खनन/परिवहन संबंधी जांच का कार्य किया जाय। साथ ही, एनजीटी के द्वारा पारित आदेश का भी पालन किया जाय। जिस भी थाने में कार्रवाई होती है उस पर आगे की कार्रवाई के लिए सहायक खनन पदाधिकारी को सूचित किया जाय। आज की जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल,पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

भाजपा ने चलाया मेरी माटी मेरा देश अभियान

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेरी माटी-मेरा देश के तहत राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जा कर अमृत कलश में मिट्टी संग्रह करेंगे। इसी निमित्त कोलेबिरा प्रखंड के गोबरधासा में सैनिक वीर शहिद किरण सुरीन के घर जा कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद के पिता से अमृत कलश में मिट्टी लिया एवं उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि मिट्टी संग्रह कर स्वयंसेवको द्वारा अमृत कलश को दिल्ली ले जाया जाएगा जहाँ कर्तव्य पथ पर शहीदों की स्मरण में बनने वाली अमृत वाटिका में मिट्टी को उपयोग में लाया जाएगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक पूर्व मंत्री विमला प्रधान जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भोला साहू मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार मंडल अध्यक्ष विजय महतो दिलेश्वर सिंह चिंतामणि कुमार भोला प्रसाद मुकेश श्रीवास्तव रवि गुप्ता मौजूद थे।

शिक्षक दिवस आज, विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति है बेहद जरूरी : अलीरजा अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुडू-लोहरदगा : विद्यालय में नियमित उपस्थिति से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रयास की आवश्यकता होती है। प्रायः देखा जा सकता है कि अनियमित रूप से या कक्षा में उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन कमजोर रहता है।इसलिए सभी विद्यार्थी अपनी कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पढ़ाई मे मेनत करें, तभी उनका भविष्य उज्जवल होगा।ये बातें प्रखंड क्षेत्र के रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में आज पिछले अगस्त महीने में अपनी कक्षा में 100 प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं।बताते चलें कि झारखंड शिक्षा विभाग विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने हेतू एक विशेष कार्यक्रम प्रयास चला रहा है। इसके तहत विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, बाल संसद, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति के सदस्यों द्वारा कई क्रियाकलाप आयोजित कर बच्चों को विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस निमित्त आज उच्च विद्यालय जिंगी में प्रत्येक कक्षा के वैसे सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जो अगस्त महीने में एक दिन भी गैरहाजिर नहीं रहे। राजकिशोर उरांव, पवन उरांव, शुभम टाना भगत, रजिया प्रवीन, नाजिया प्रवीन, रौशनी कुमारी, नफीसा प्रवीन, राहूल कुमार, सहित दर्जनों बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए आज विद्यालय के शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज शिक्षक दिवस पर विद्यालय मे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित की गई है। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं ज्याइल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, सरोज कुमार द्वे, समीना खातून, चांदो तिर्की, फूलमनी उरांव, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी, संयोजिका ओलिभा तिर्की सहित सभी रसोईया और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मणिपुर की घटना को लेकर बनाए गए मानव श्रृंखला में शामिल हुए झापा युवा जिला अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोलेबिरा : आदिवासी संगठनों द्वारा कोलेबिरा से हुरदा तक मानव श्रृंखला बनाकर मणिपुर घटना का विरोध किया गया संगठन के लोगों ने करीब 70 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनायी गयी। सुबह 9 बजे से ही लोगों ने श्रृंखला बनाना शुरू कर दिया था कई राजनीतिक दल के नेता भी आदिवासी संगठन के विरोध का समर्थन किया आदिवासी संगठनों ने मानव श्रृंखला के जरिये एकजुटता का परिचय दिया।इधर इस मानव श्रृंखला में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष विभव सदेश एक्का शामिल हुए उन्होंने कहा कि आदिवासियों की संख्या 26 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गयी है।आने वाले समय में आदिवासियों की संख्या और कम हो जायेगी।यह चिंता का विषय है । अगर अब भी हम एकजुट नहीं होते हैं तो भविष्य में खुद इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। आज हर तरफ से आदिवासियों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है और आदिवासियों के ऊपर अत्याचार हो रही है लेकिन केंद्र में बैठी सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है धीरे-धीरे आदिवासियों का अत्याचार बढ़ता जा रहा है लेकिन आदिवासी सीधे-साधे और भोले भाले हैं जिसकी वजह से आवाज नहीं उठा पाते हैं इसलिए आप वक्त आ गया है कि अपनी हक अधिकार की आवाज के लिए सभी लोगों को संगठित रहने की आवश्यकता है ताकि आने वाले दिनों में आदिवासियों का शोषण करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। सिमडेगा जिले में आदिवासियों की हितों की रक्षा करने के लिए झारखंड पार्टी हमेशा खड़ी है और आने वाले दिनों में जल जंगल जमीन और आदिवासियों की अस्तित्व की पहचान और उनकी सभ्यता संस्कृति को बरकरार रखने

बड़गाई पंचायत के खिजरी में पांच दिवसीय फुटबॉल मैच हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : विधानसभा के भंडरा प्रखंड बड़गाई पंचायत के खिजरी में पांच दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें बड़गाई पंचायत मुखिया जी का बड़ा सहयोग मिला। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलन कारी पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत जी के धर्मपत्नी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी एवं भावी विधायक लोहरदगा। फुटबॉल खेल के साथ इसमे आज के दिन के लिए भविष्य दिखता है मै सभी खिलाड़ियों को कहना चाहती हूँ कि स्वस्थ रहने के साथ अपनी भविष्य को भी तरासे जिस तरह से आपके पूर्व विधायक जी आप सबो के बीच में हमेशा आपकी जन समस्याओं को निराकरण करते थे मैं भी उनके नक्से कदम चलने की कोशिश कर रही हूं। आप सभी से मैं अपील करती हूं कि आपने 2024 के बिधानसभा में आप मुझे अपनी आशीर्वाद दीजिये।बिशिष्ट अतिथि अंजू देवी जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा पूर्व विधायक प्रतिनिधि मुकेश चौधरी बड़गाई पंचायत मुखिया कैली उराँव पवन ठाकुर गुले महतो रितेश उराँव आयोजन कमेटी के द्वारा मांदर नगडा के साथ स्वागत करते हैं मैच आयोजन कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया।

पूनम कस्टमर सर्विस प्वाइंट की दीदी अपने मेहनत के बलबूते महीने में 15 से 20 हजार कमा कर अपनी एक अलग पहचान बना रही है

प्रभात मंत्र संवाददाता

ठेठईटांगर : पूनम सुरीन जो गड़गड़बाहर के गुलाब समूह की दीदी है। उन्होंने पूनम कस्टमर सर्विस प्वाइंट के नाम से एसवीईपी से ऋण 100000/- रुपये लेकर कार्य की शुरुआत की जो अभी उनकी आय 15000 से 20000 रुपये मासिक है ज्ञात हो कि सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर ब्लॉक के एक छोटे से गांव गड़गड़बाहर की रहने वाली 37 साल की ग्रेजुएट आदिवासी महिला पूनम सुरीन स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने परिवार के वित्तीय संकट से जूझने के कारण उसने स्वेच्छा से अपनी शिक्षा छोड़ दी। कुछ साल बाद उनकी शादी हो गई और अब वह अपने पति के साथ रहती है। जन्म से ही सामाजिक कार्य करने के स्वभाव और एक शिक्षित आदिवासी युवती गरीबी के दुष्चक्र में फंसने के कारण परिस्थितियों ने उन्हें अपनी एक एकड़ जमीन गिरवी रखने के लिए मजबूर कर दिया, जो उनके परिवार की आय का एक प्रमुख स्रोत थी। वर्ष 2017 में गुलाब एसएचजी नामक स्वयं सहायता समूह का हिस्सा बनने के बाद उनके कठिन जीवन में बदलाव आया। स्व-सहायता समूह का हिस्सा होने के कारण उन्हें ऋण लेने में मदद मिली जिससे वह आसानी से अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा कर सकीं। इसके अलावा, वह अपने स्व-सहायता समूह द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता की मदद से अपनी गिरवी रखी जमीन भी वापस लेने में सक्षम हुई। बाज़ार की मांग के अनुसार, पूनम दीदी एक कंप्यूटर क्लास में शामिल हुई धीरे-धीरे वह ऑनलाइन काम और ऑनलाइन सरकारी ई-सेवाओं जैसे - आधार कार्ड, पैन कार्ड, धन प्रेषण, धन निकासी, खाता खोलना, आय प्रमाण पत्र, बीमा आदि के क्षेत्र में बाजार की मांग के अनुरूप कार्य करने में सक्षम हो गई। शुरुआत में उद्यमिता के रूप में इस व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए उसके तकनीकी ज्ञान की कमी के कारण वह काम करने के लिए सक्षम नहीं थी। बाद में सीआरपी-ईपी और तकनीकी टीम की मदद से उन्होंने व्यावसायिक जरूरतों और बाजार का विश्लेषण किया और आधिकारिक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जेएसएलपीएस के एसभीईपी परियोजना से 100,000/- रुपये की ऋण राशि ली। इस बीच उन्होंने अपने सीएसपी के लिए अचल संपत्तियां खरीदीं और ई-सेवा का समर्थन करने के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाए। उन्होंने मशीनों और अन्य संसाधनों को सफलतापूर्वक स्थापित किया और एसभीईपी टीम के माध्यम से 2018 में उद्घाटन किया। इन दिनों मेंटर, सीआरपी-ईपी, बीआरसी सदस्यों ने उनकी काफी मदद की। पूनम ग्राहक सेवा प्वाइंट वह इस कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान खोला गया था। उन दिनों में उनकी दिन भर की औसत आय 1200 से 1500 रुपये हो जाती है। दो महीने के पूरे लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत से अपना उद्यम प्रोत्साहन सफलतापूर्वक कर लिया। दीदी केवल बैंकिंग सेवाएं, धन प्रेषण, जमा और फंड ट्रांसफर सेवाएं प्रदान करती है। उन्हें इस कोविड-19 राहत सहायता निधि के दौरान न्यूनतम शुल्क के साथ ग्रामीणों के जन धन खाते से पैसे निकालने का लाभ मिला। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पूनम सुरीन प्रतिमाह 15 से 20 हज़ार रुपए का मुनाफा कमा रही है साथ ही एक खुशहाल जीवन जी रही हैं। नारी शक्ति की एक अलग पहचान कायम करते हुए प्रखंड में सभी पूनम सुरीन को मिनी बैंक कह कर बुलाने लगे हैं।

विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में सफल भैया बहनों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना सभागार में विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित। रविवार को विद्या भारती द्वारा आयोजित शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा मे विद्या भारती संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने भी भाग लिया था। वही प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय का नाम रौशन करने वाले सफल भैया बहन को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष सुदेश्वर साहू के द्वारा भैया अंकुश कुमार और बहन सपना उराँव को शिशु वर्ग के वैदिक गणित प्रतियोगिता में सफलता मिलने पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के भिन्न भिन्न विद्यालयों से 356 भैया बहनों ने भाग लिया था। जिसमें प्रतियोगिता को चार अलग अलग वर्गों में आयोजन किया गया था। शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोरवर्ग, तरुण वर्ग प्रतियोगिता में सेन्हा विद्यालय से वैदिक गणित प्रतियोगिता में दो वर्गों के भैया बहन शिशु वर्ग और किशोर वर्ग के प्रतिभागी भाग लिये थे। आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के शिशु वर्ग को अच्छी सफलता मिली तथा किशोर वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा वैदिक गणित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने सफल भैया बहन को शुभकामना देते हुए कहा की कठिन परिश्रम कभी व्यर्थ नही जाता है। मेहनत करने से ही सफलता मिलती है। जीवन मे आगे बढ़ने के लिये मन लगाकर परिश्रम करें जिसे सफलता आपकी कदमों को चूमेगा। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि आगामी प्रांतस्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता बोकारो में होना है। जिसमें विभाग स्तरीय प्रतियोगिता चयनित शिशु वर्ग के भैया अंकुश कुमार व बहन सपना उराँव विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। वही आचार्या सह विषय प्रमुख डॉली कविता एवं प्रतिभा देवी द्वारा आगामी प्रतियोगिता के लिए छात्र छात्रओं को शुभकाममाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिये कामना किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुदेश्वर साहु, प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी के अलावे डॉली कविता, प्रतिभा देवी, जयप्रकाश सिंह, राजकिस उराँव, गंगा कुमारी, चाँदनी कुमारी, प्रेमशीला उराँव सहित सभी आचार्य आचार्या व छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है : हाजी शकील अहमद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मोदी सरकार द्वारा एलपीजी गैस में 200 की कटौती की गई है जो आगामी पांच राज्य में होने वाले चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक स्टंट है, मोदी सरकार की इस छद्म राजनीतिक स्टंट को आम जनता की बीच पर्दाफाश करने के लिए जिला मुख्यालय समाहरणालय के समीप धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में कि गई। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है,क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी जी जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आम जनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की और वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का एहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 200 कम कर दी रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 7 वर्ष में दुगने से ज्यादा हो गई और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया पिछले दो दशकों में एलपीजी सिलेंडर का मूल्य वृद्धि पर बारीकी से नजर डालें तो देखें किस में मतदाता की आंख खुल जाएगी और एक साधारण व्यक्ति भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है की कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ गई है । प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कीमत में ?200 की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में पांच राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकसभा में मतदाताओं को लुभाने के लिए एक राजनीतिक स्टंट है गैस सिलेंडर अभी महंगा है मगर बीजेपी या ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर सस्ता नहीं हुआ है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है,मोदी जी यह जुमला बना रहे हैं कि रक्षाबंधन के अवसर पर महिला बहनों को यह तोहफा दिया गया परंतु मोदी सरकार महिलाओं के कद्र नहीं करते हरियाणा में देश को मेडल दिलाने वाली बेटियों पर उनका ध्यान नहीं गया,मणिपुर में माता बहनों को नंगा परेड कराया गया जिससे मोदी सरकार ने अनदेखा किया इस सरकार से सभी वर्ग आहत हैं और त्राहिमाम कि स्थिति है, देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है महंगी गैस महंगा तेल थोक और खुदरा महंगाई आजादी के बाद सर्वोच्च शिखर पर है। ध्यातव्य है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में रसोई गैस की कीमत मात्र 400 थी और उसे समय क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 डॉलर प्रति बैरल थी और आज क्रूड ऑयल की कीमत 80 प्रति बैरल है और गैस का दाम 900 कर दिया गया है,सिर्फ सत्ता की भूख में मोदी सरकार आम जनता की कमर तोड़ रही है फिर भी महंगाई से देशवासियों को लूटने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ रही है। पेट्रोल 100 के पार डीजल 95 के पार रसोई गैस 960 रुपए खाने का तेल 200 के पार है आम जनता बेबस और लाचार हैं पर मोदी सरकार केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रो के मुनाफे को सोच रही है।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

कांग्रेस का राजभवन के समक्ष धरना

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार महंगाई एवं घरेलू गैस की कीमत में मात्र 200 रुपये कम करने के खिलाफ एक दिवसीय धरना आयोजित किया। धरने का आयोजन रांची में राजभवन के समक्ष किया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सौ महीनों की लूट फिर दो सौ की छूट, लगता है भाजपा के कैलेंडर में दस सालों में एक ही बार रक्षाबंधन आता है। उन्होंने कहा कि इस पर भी भाजपा के नेता धन्यवाद का धारावाहिक चला रहे हैं। ये जनता के साथ सरासर नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ साल 500 रुपये का सिलेंडर 1100 में बेचा गया। आम आदमी की कमर तोड़ ली गई। जब इंडिया गठबंधन का डर सताया तो 200 रुपये की कमी कर जनता के साथ एक बार फिर साजिश रचने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामग्री और पेट्रोल-डीजल के दाम और वर्तमान केंद्र सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगभग दोगुनी हो गयी हैं।

देश की समुद्री शक्ति के रूप में प्रत्येक मिशन को पूरा करना जरूरी : नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली : भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के इरादे से नौसेना के कमांडरों का तीन दिवसीय सम्मेलन सोमवार से नई दिल्ली में शुरू हुआ। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने पहले दिन वरिष्ठ नौसेना नेतृत्व के साथ बातचीत की। अपने उद्घाटन भाषण में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश की समुद्री शक्ति के रूप में हमें अपने रास्ते में आने वाले प्रत्येक मिशन और प्रत्येक कार्य को पूरा करना चाहिए। एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि उभरते राष्ट्र की अग्रणी धार के रूप में हमें अपने आस-पास हो रहे बड़े सामाजिक परिवर्तनों को अपनाना चाहिए। हम भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्तता और एकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए सीडीएस और अन्य दो सेवाओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके बाद अपनी बातचीत के दौरान रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए सुरक्षित समुद्र सुनिश्चित करने में उच्च परिचालन गति बनाए रखने के लिए नौसेना की सराहना की। उन्होंने 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बल बनने की दिशा में स्वदेशीकरण और नवाचार की दिशा में निवेश किए गए प्रयासों को सराहा। कमांडरों के सम्मेलन में भारतीय नौसेना की चल रही और योजनाबद्ध स्वदेशी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टैक्टिकल कम्युनिकेशंस, कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम, साइबर सिक्योरिटी, अंडरवाटर डोमेन अवेयरनेस और कॉम्बैट प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन के क्षेत्र में विशिष्ट प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। सम्मेलन में बेहतर आराम, स्वच्छता और कार्यक्षमता के लिए नए डिज़ाइन किए गए वर्दी आइटम पेश किए जा रहे हैं। सम्मेलन के मौके पर उच्च अवशोषण टी-शर्ट, छलावरण टोपी और जैकेट, उच्च टखने के जूते और राष्ट्रीय नागरिक पोशाक प्रदर्शित की गई।

देश में सबसे बड़ा होगा उदयपुर का रूफ टॉप प्लाजा : रेल मंत्री

एजेंसी

उदयपुर : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सोमवार को उदयपुर पहुंचे। उन्होंने यहां सिटी रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर बन रहा रूफ टॉप प्लाजा देश का सबसे बड़ा रूफ प्लाजा होगा। मीडिया से चर्चा में उन्होंने यह भी दावा किया कि इस बार राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। रेलवे स्टेशन पहुंचते ही रेल मंत्री वैष्णव ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा को नमन किया। इसके बाद उन्होंने सिटी रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन के बाहर की ओर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रेल मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जैसे ही उदयपुर में वंदे भारत ट्रेन शुरू होगी तब यहां पर पर्यटकों का आवागमन बड़ जाएगा। ऐसे में स्टेशन के विस्तार को लेकर भविष्य के इस प्लान को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने अजमेर रेल मंडल के डीआरएम राजीव धनखड़ के बारे में कहा कि देश के अच्छे डीआरएम की गिनती में धनखड़ भी आते हैं। उन्होंने धनखड़ से उदयपुर के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की बात कही। उल्लेखनीय है कि उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन की काया पलट करने के लिए रेलवे ने पुनर्विकास कार्य शुरू किया है। इस पर करीब 354 करोड़ रुपये की लागत आएगी। स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाथद्वारा से किया था। निरीक्षण के बाद उन्होंने मीडिया से संक्षिप्त चर्चा में कहा कि देशभर के रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने का जिम्मा पीएम नरेंद्र मोदी ने उठाया है।

ओमेक्स समूह ने मनाया 36वां स्थापना दिवस

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रसिद्ध रियल इस्टेट समूह ओमेक्स लि0 द्वारा अपना 36वाँ स्थापना दिवस का आयोजन दिनांक 4 सितम्बर 2023 को अपने कारपोरेट आफिस, दिल्ली के साथ-साथ देश में अपने समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों में बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इसीक्रम में कम्पनी के गोमती नगर, लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पूरे विधि विधान से हवन-पूजन का आयोजन किया गया एवं केट काटकर आयोजन को सम्पन्न किया गया । इस अवसर पर प्रोजेक्ट साइट्स पर भी हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

मंत्री ने जन सुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं, दिये निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर सोमवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और अधीनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से जन-समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। जन-सुनवाई कार्यक्रम में मंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, गढ़वा, रामगढ़, धनबाद, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, गिरिडीह जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, मुटेशन, बिजली, सड़क निर्माण, खरीदारी जमीन पर अवैध कब्जा जैसी समस्या शामिल थीं। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि जन-सुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस का सात से होगा ठहराव -सांसद बीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का दिनांक 7 सितम्बर 2023 से गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर परिचालन प्रारंभ होगा। इस अवसर पर दिनांक 7 सितम्बर 2023 को उक्त ट्रेन का विधिवत परिचालन का शुभारंभ रात्रि 1:44 बजे सांसद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस ट्रेन के ठहराव हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ही उक्त स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज की सुविधा प्राप्त हुयी है।

गढ़वा की जनता से आग्रह है कि इस पुनीत अवसर पर आप सभी उपस्थित होकर अपनी चिर-परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बने। सांसद राम ने इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

मुख्यमंत्री योगी ने वितरित किया 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

एजेंसी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अल्पसंख्यक तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के लिए कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कुल 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का फोकस माफिया व अपराध तंत्र पर नकेल कसने और भ्रष्टाचार मुक्त सुरक्षित व निष्पक्ष समाज की स्थापना पर है, जिससे गरीबों को बिना किसी भेदभाव के उनका हक और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली और प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा साफ है। हमारी मंशा व संवेदनाएं गरीब, निराश्रित, वंचित, दलित और अति पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ है। पिछली सरकारों से विपरीत, हमारी संवेदानएं माफिया और किसी अपराधी के साथ नहीं हो सकती हैं क्योंकि वह सुरक्षा, सुशासन और विकास के मार्ग के बैरियर हैं। सरकार की कार्यप्रणाली स्पष्ट है, वह इन बैरियर्स को हटाती है मगर गरीबों को अपनी संवेदना का पात्र बनाती है। गरीबों की सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है। मिशन रोजगार के अंतर्गत मानव संपदा पोर्टल से अल्पसंख्यक व प्रावधिक शिक्षा में 240 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री योगी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभियर्थियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को मिशन रोजगार के जरिए शासकीय सेवाओं के अतंर्गत निष्पक्ष व मानव हस्तक्षेप रहित प्रक्रिया अपनाकर नियुक्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर 6 महीने में हमने कर दिखाया। 60 जनपदों से अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। अब एक क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों को मंच मिल रहा है। प्रदेश सरकार की हर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बड़ रही है। कौन कहां नियुक्त होकर जाएगा यह न किसी मंत्री और न ही किसी सचिव को पता होता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कंप्यूटर सहायतकों की भी एक बड़ी भूमिका होती है। आज लोगों की धारणाएं उत्तर प्रदेश के लिए बदली हैं। फाइलें अब लटकती नहीं हैं। आज प्रदेश ने सुरक्षा और ईज ऑफ लिविंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्यों को प्राप्त किया है।



एटीएस ने पांडेय गिरोह के एक कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार

झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों के फंडिंग और अपराध से अर्जित की हुई संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी संजय साव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक 7.65 एमएम का पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और एक बोलेरो गाड़ी बरामद की गई है। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों के फंडिंग और अपराध से अर्जित की हुई संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने का पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में एटीएस टीम को सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी संजय साव चतरा जिले के धनगड्डा गांव में अपराधी विक्की पासवान के घर में ठहरा हुआ है। सूचना के बाद एटीएस ने उसे वहां से पकड़ा। पूछताछ के क्रम में उसकी निशानदेही पर हजारीबाग के बड़कागांव से जमीन के अंदर गाड़कर रखे हथियार बरामद किए गए। उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह पांडेय गिरोह के लिए काम करता है। गिरोह के सरगना की ओर से एक बोलेरो वाहन उपलब्ध करायी गयी थी। संजय के खिलाफ हत्या, रंगदारी, और आर्म्स एक्ट के छह मामले दर्ज हैं।

मारपीट और डांटने के बाद छात्रा की जहर खाने से हुई मौत, दो गिरफ्तार

रांची : रांची की रातू पुलिस ने कृषक उच्च विद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी के साथ मारपीट और डांटने के बाद जहर खाने से हुई मौत मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में स्कूल के सचिव अशोक कुमार और प्रचार्या सीमा कुमारी शामिल हैं। ग्रामीण एसपी शुभांशु जैन ने सोमवार संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रातू थाना क्षेत्र के छात्र साक्षी कुमारी, असिता कुमारी, रिया कुमारी, मनीष कुमार, अंकित कुमार, अमित कुमार, संदीप कुमार, रोहन कुमार और कैलाश कुमार सभी 22 अगस्त को लापुंग के सांई मंदिर गये थे। उसी दिन स्कूल के सचिव अशोक कुमार, प्राचार्या सीमा कुमारी, शिक्षक निरंजन महतो, शिक्षिका श्वेता तिर्की ने मिलकर छात्रा के साथ मारपीट की। इसके बाद छात्रा ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान छात्रा की रिम्स में मौत हो गयी।